

प्रयागराज, सोमवार, 24 अप्रैल, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अन्दर : जाति जनगणना वक्त की मांग

अन्दर : सूर्यकुमार टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 6000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने



नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल गिरफ्तार

## गिरफ्तारी के बाद पंजाब पुलिस अलर्ट, डिब्रूगढ़ जेल बना नया ठिकाना

**चंडीगढ़।** कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह को पंजाब के मोगा जिले से रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। अमृतपाल की गिरफ्तारी के बाद पंजाब पुलिस अलर्ट है। लोगों से अफवाहों पर ध्यान ना देने की अपील की गई है। रासुका के तहत गिरफ्तार अमृतपाल को डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया गया है।

पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक सुखचैन सिंह गिल ने कहा कि हमें विशेष सूचना मिली थी कि अमृतपाल सिंह रोडे गांव में है, उसे घेर लिया गया था और उसके फरार होने की कोई गुंजाइश नहीं थी। उन्होंने बताया कि अमृतपाल सिंह के खिलाफ रासुका के तहत वारंट जारी किए गए और उन्हें आज सुबह तामील किया गया। उन्होंने बताया कि पंजाब

**कामयाबी**

**पंजाब पुलिस ने मोगा जिले के रोडे गांव से सुबह छह बजकर 45 मिनट पर गिरफ्तार किया**

पुलिस ने मोगा जिले के रोडे गांव से सुबह छह बजकर 45 मिनट पर अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने अजनाला थाने पर हमला करने के बाद 18 मार्च को अमृतपाल सिंह तथा उसके संगठन वारिस पंजाब दे के सदस्यों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की थी जिसके बाद से वह फरार था। जरनैल सिंह भिंडरावाले के रोडे गांव से गिरफ्तार अमृतपाल सिंह को



पिछले साल इस गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में वारिस पंजाब दे संगठन का प्रमुख नियुक्त किया गया था। पंजाब पुलिस ने ट्वीट किया कि अमृतपाल सिंह को मोगा में गिरफ्तार किया गया है और उसने लोगों से शांति एवं सौहार्द्र बनाए रखने का अनुरोध किया। उसने ट्वीट किया कि कोई फर्जी खबर साझा न करें, हमेशा पुष्टि करें और फिर साझा करें। अमृतपाल के नौ साथी - दलजीत सिंह कलसी, पपलप्रीत सिंह, कुलवंत सिंह धालीवाल, वरिंदर सिंह जोहाल, गुरमीत सिंह बुक्कनवाला, हरजीत सिंह, भगवंत सिंह, बसंत सिंह और गुरिंदरपाल सिंह औजला असम के डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं तथा उन पर रासुका लगाया गया है।

सोशल मीडिया पर अमृतपाल को हिरासत में लिए जाने की कुछ तस्वीरें सामने आयी है और इनमें उसे पारंपरिक सफेद वस्त्र पहने हुए देखा जा सकता है। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में अमृतपाल सिंह एक गुरुद्वारे में कथित तौर पर सभा को संबोधित कर रहा है और कह रहा है कि वह आत्मसमर्पण कर रहा है। वीडियो में वह कह रहा है, 'यह संत जरनैल सिंह भिंडरावाले का जन्म स्थान है। यह वही स्थान है जहां मेरी दस्तार बंदी (पगड़ी बांधना) समारोह हुआ था। हम जीवन के अहम मोड़ पर खड़े हैं। पिछले एक महीने में जो भी हुआ है, वह सब आपने देखा है।' अकाल तख्त के पूर्व जत्थेदार जसबीर सिंह रोडे ने दावा किया कि अमृतपाल ने आत्मसमर्पण कर दिया है और उस वक्त वह भी मौजूद थे। उन्होंने मोगा में पत्रकारों से कहा कि अमृतपाल ने एक सभा को संबोधित किया और बाद में आत्मसमर्पण करने के लिए गुरुद्वारे से बाहर आया। वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल तथा उसके साथियों पर विभिन्न वर्गों के बीच वैमनस्य पैदा करने, हत्या का प्रयास करने, पुलिसकर्मियों पर हमला करने और लोक सेवकों के काम में बाधा पैदा करने से जुड़े कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# सपा की मेयर प्रत्याशी भाजपा में शामिल

**हड़कंप**

**लखनऊ में डिप्टी सीएम ने दिलाई सदस्यता**

**लखनऊ।** शाहजहांपुर में निकाय चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) को बड़ा झटका लगा है। अर्चना वर्मा भाजपा में शामिल हो गई हैं। इन्हें सपा ने महापौर प्रत्याशी घोषित किया था, लेकिन रविवार को उन्होंने सपा से नाता तोड़कर सबको चौंका दिया। लखनऊ में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अर्चना वर्मा को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना भी मौजूद रहे। अर्चना वर्मा वर्ष 2005 में जिला पंचायत अध्यक्ष बनीं थीं। वह चार बार विधायक और सपा सरकार में मंत्री रहे राममूर्ति वर्मा के बेटे राजेश वर्मा की पत्नी हैं। राजेश वर्मा 2022 के विधानसभा चुनाव में ददरौल सीट से सपा के प्रत्याशी थे। सपा ने 12 अप्रैल को महापौर प्रत्याशी के तौर पर अर्चना वर्मा के नाम की घोषणा की थी। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उनको चुनाव लड़ाने की तैयारी में जुटे थे, लेकिन ऐन वक्त पर अर्चना ने पाला बदल दिया। दो साल पहले जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भी भाजपा ने सपा को ऐसे ही झटका दिया था। ऐन मौके पर सपा प्रत्याशी वीनू सिंह ने भाजपा का दामन थाम लिया था। भाजपा प्रत्याशी ममता यादव निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित हो गई थीं। निकाय चुनाव में भी भाजपा ने पुराने दांव से सपा को बड़ा झटका दिया है।









# भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में 75 सभाएं करेंगे योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नगर निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में 75 जनसभाएं करेंगे। सीएम 24 अप्रैल को सहारनपुर, शामली और अमरोहा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रस्तावित जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री का हर जिले में एक कार्यक्रम होगा, सभी जिलों से मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की चुनावी सभाओं की मांग की जा रही है।निकाय चुनाव में भाजपा ने सभी 17 नगर निगम के साथ जिला मुख्यालयों सहित बड़ी नगर पालिका परिषद व प्रमुख नगर पंचायतों में जीत का लक्ष्य रखा है। सभी जिलों से सीएम की सभाओं की मांग की जा रही है, पार्टी का चुनाव प्रबंधन शाखा में सीएम व दोनों डिप्टी सीएम सहित अन्य नेताओं के चुनावी दौरे तय किए जा रहे हैं।

**चुनाव**

**24 अप्रैल को सहारनपुर में होगी पहली सभा**



मुख्यमंत्री प्रतिदिन एक से अधिक जिलों में सभाएं करेंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की पहली चुनावी सभा 24 अप्रैल को गाजियाबाद में होगी। मुख्यमंत्री योगी कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के स्टार प्रचारक हैं। यूपी में नगर निकाय चुनाव व विधानसभा के दो उपचुनावों की व्यस्तता की वजह से फिलहाल अभी उनका दो दिन का कार्यक्रम तय हुआ है। योगी 26 अप्रैल और 30 अप्रैल को कर्नाटक में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाएं करेंगे।

## कूनो नेशनल पार्क में एक और चीते की मौत

**भोपाल।** कूनो नेशनल पार्क में एक और चीते की मौत हो गई है। दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीता उदय ने बीमार पड़ने के बाद इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। मध्यप्रदेश के मुख्य वन संरक्षक जेएस चौहान ने चीता उदय की मौत की पुष्टि की है। वन विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक चीतों की निगरानी कर रहे दल को चीता उदय रविवार सुबह 9 बजे सिर झुकाए और सुस्त हालत में बैठा मिला था। उसके करीब जाने पर वह उठकर लड़खड़ाकर चलने लगा। हालांकि एक दिन पहले की निगरानी में चीता स्वस्थ्य मिला था। चीता उदय की हालत की सूचना वन्यप्राणी चिकित्सकों को दी गई। जिसके बाद उन्होंने मौके पर जाकर चीता उदय को देखा तो वह बीमार पाया गया। चीता उदय की हालत को देखते हुए मौके पर मौजूद वन्यप्राणी चिकित्सकों और चीता कंसरवेशन फंड के एक्सपर्ट ने इलाज के लिए ट्रेंकुलाइज की जरूरत बताई। जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमति लेकर चीता उदय को बेहोश कर इलाज शुरू किया गया।

# नहीं थम रही कोरोना की रफ्तार

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को देश में पिछले 24 घंटे के दौरान फिर से 10 हजार से अधिक कोविड केस दर्ज किए गए। इसके बाद एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 67,806 हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में कोविड-19 के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4.48 करोड़ (4,48,91,989) हो गयी है।

संक्रमण से 29 लोगों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,31,329 हो गई है। इससे पहले शनिवार को पिछले 24 घंटे में 12,193 नए मामले सामने आने की रिपोर्ट मिली। हालांकि, एक्सपर्ट्स का कहना है कि गर्मी बढ़ने के साथ ही कोरोना की रफ्तार में कमी आने की उम्मीद है। कोरोना की रफ्तार दिल्ली, महाराष्ट्र और कर्नाटक में तेज देखने को मिल रही है। दिल्ली में पिछले 24 घंटे में को कोरोना वायरस संक्रमण के 1,515 नए मामले सामने आए। वहीं, शहर में छह और मरीजों ने कोविड-19 के कारण दम तोड़ दिया। स्वास्थ्य विभाग आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में कोविड-19 से अब तक



**समस्या बढ़ी**

**चौबीस घंटे में दस हजार से अधिक नये मरीज**

संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 20,32,424 हो गई है। वहीं, मृतकों का कुल आंकड़ा बढ़कर 26,595 हो गया है। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में कोविड-19 संक्रमण दर 26.46 प्रतिशत दर्ज की गई है। हरियाणा में कोरोना के 937 नए मामले सामने आए। राज्य में 5,649 एक्टिव केस हैं। हालांकि, किसी के मरने की सूचना नहीं है। गुरुग्राम, फरीदाबाद, पंचकुला, हिसार, करनाल, अंबाला, रोहतक, झज्जर और फतेहाबाद सबसे बुरी तरह प्रभावित जिलों में शामिल हैं। राज्य में 9.76% पॉजिटिविटी रेट दर्ज की गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने ओमिक्रॉन सबवैरिएंट एक्सबीबी.1.16 के मामले कई देशों में लगातार बढ़ने के मद्देनजर इसे कोविड-19 वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट (वीओआई) श्रेणी में अपग्रेड कर दिया है। एक्सबीबी.1.16 एक्सबीबी का ही एक प्रकार है। एक्सबीबी दो बीए.2 के मिलने से बना है। एक्सबीबी.1.16 का पहला मामला इस साल 9 जनवरी को सामने आया था। इसे 22 मार्च को वेरिएंट अंडर मॉनिटरिंग (वीयूएम) की श्रेणी में शामिल किया गया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया कि ओपन रिसर्च प्लेटफॉर्म जीआईएसएआईडी पर अब तक भारत सहित 33 देशों से ओमिक्रॉन एक्सबीबी.1.16 वेरिएंट के 3,648 मामलों की सूचना मिली है। डब्ल्यूएचओ में कोविड-19 रिस्पॉन्स की तकनीकी प्रमुख मारिया वान केरखोव ने कहा, कई देशों से एक्सबीबी.1.16 के प्रसार में लगातार बढ़ने की रिपोर्ट के बाद डब्ल्यूएचओ एक्सबीबी.1.16 को वीओआई के रूप में चिह्नित किया है।

## केरल में पानी पर दौड़ेगी मेट्रो, पीएम 25 को दिखाएंगे हरी झंडी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अप्रैल को केरल को वाटर मेट्रो की सौगात देंगे। पीएम मोदी राष्ट्र को पहली वाटर मेट्रो सौपेंगे। काफी लंबे समय बाद इस मेट्रो को हरी झंडी मिली है। वाटर मेट्रो पटरियों पर नहीं बल्कि पानी पर दौड़ेगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट के लिए 23 वाटर बोट्स और 14 टर्मिनल होंगे, जिनमें से चार टर्मिनल पूरी तरह से शुरू किये जा चुके हैं। बता दें कि भारत ही नहीं बल्कि पूरे एशिया में पहली बार वाटर मेट्रो चलाई जा रही है। रविवार को आधिकारिक तौर पर जानकारी देते हुए बताया गया कि इस सेवा की शुरूआत होने से शहर के लोगों के आवागमन में आसानी होगी। वाटर मेट्रो कोच्चि जैसे शहर में काफी उपयोगी है। यह यात्रा में आसानी के साथ एक कम लागत वाली मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम साबित होने वाला है। कोच्चि केरल में सबसे घनी आबादी वाले जिलों में से एक है और इस तरह यातायात की भीड़ को कम करने और कोच्चि झील के किनारे आसानी से पहुंचने के लिए परिवहन के नए तरीके की परिकल्पना की गई है।

# पीएम को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोच्चि सिटी पुलिस कमिश्नर के सेतु रमन ने रविवार को इसकी जानकारी दी। दौरे से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर जान से मारने की धमकी दी गई है। जानकारी के अनुसार पीएम मोदी के दौरे से पहले आत्मघाती बम हमले की धमकी वाली चिट्ठी केरल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के पास आई जिसके बाद पुलिस अलर्ट हो गई है।

पुलिस आयुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के कोच्चि दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। 2060 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इसके तहत दोपहर 2 बजे से ट्रैफिक कंट्रोल भी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के रोड शो में 15,000 और

**कार्रवाई**

**2060 पुलिसकर्मी रहेंगे सुरक्षा में, पुलिस अलर्ट**



युवम-23 कार्यक्रम में 20,000 लोगों के आने की उम्मीद है। युवम-23 के प्रतिभागी केवल मोबाइल फोन ला सकते हैं। गौरतलब है कि पीएम मोदी 24 और 25 अप्रैल को केरल का दौरा करेंगे जहां वो अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वहीं पीएम मोदी के दौरे की जानकारी लीक होने पर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने कहा कि प्रधानमंत्री की केरल यात्रा पर खुफिया रिपोर्ट लीक होना एक गंभीर सुरक्षा चूक है। मुरलीधरण ने कहा कि मीडिया में अतिरिक्त पुलिस महानिदेश (एडीजीपी) की गुप्त रिपोर्ट का लीक होना एक गंभीर विफलता है।

**कोच्चि में 8 प्रमुख ईसाई धर्मगुरुओं से करेंगे मुलाकात**

**तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केरल की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान सोमवार शाम कोच्चि में ईसाई धर्मगुरुओं से मुलाकात करेंगे। केरल भाजपा के सूत्रों ने मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री ईसाई समूहों के विभिन्न संप्रदायों के 8 प्रमुखों से मुलाकात करेंगे। सूत्रों के अनुसार बैठक शाम करीब 7 बजे होगी। केरल बीजेपी राज्य की चुनावी राजनीति में पार्टी के ड्राई रन को तोड़ने के लिए ईसाई समुदाय तक पहुंच बना रही है। धार्मिक प्रमुखों से खुद प्रधानमंत्री की मुलाकात को राज्य भाजपा के लिए ईसाई समुदाय तक पहुंचने के प्रयास में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। कोच्चि में मोदी भाजपा युवा विंग, भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवम कार्यक्रम के तहत 1 लाख युवाओं के साथ बातचीत भी करेंगे। कार्यक्रम के दौरान युवा विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री से सवाल पूछ सकेंगे। प्रधानमंत्री सोमवार को कोच्चि में वेंदुरुथी ब्रिज से थेवारा के सेक्रेड हार्ट कॉलेज तक 1.8 किलोमीटर का रोड शो भी करेंगे। केरल पुलिस ने 2000 पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ यात्रा के लिए सुरक्षा कड़ी कर दी है।

## खराब मौसम से सीएम योगी तीन घंटे बाद भर सके उड़ान

**वाराणसी।** सीएम योगी आदित्यनाथ को खराब मौसम के कारण रविवार को बाबतपुर हवाई अड्डे पर तीन घंटे बैठना पड़ा। एक दिन के लिए काशी पहुंचे सीएम जब शाम को लखनऊ के लिए उड़ान भरने बाबतपुर पहुंचे तो पता चला कि खराब मौसम के चलते विमान टेक ऑफ नहीं कर सकता। योगी आदित्यनाथ को लगभग तीन घंटे प्रतीक्षा करनी पड़ी। वे शाम सवा छह बजे ही पहुंच गए थे। एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने खराब मौसम के कारण दृश्यता कम बताई। मौसम साफ होने के बाद उनका विमान नौ बजे के बाद ही उड़ान भर सका। मुख्यमंत्री के रवाना होने के बाद ड्यूटीरत अधिकारियों व पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली।

# अतीक-अशरफ हत्याकांड में बड़ा खुलासा

**साजिश**

**ई-रिक्शा से वारदात को अंजाम देने आए थे शूटर, हत्याकांड का मास्टरमाइंड निकला सन्नी**

**प्रयागराज।** माफिया डॉन अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के मामले में कई बड़े खुलासे हुए हैं। इस हत्याकांड में तीन ही शूटर शामिल हैं, जांच में किसी चौथे शख्स का नाम सामने नहीं आया है। आरोपी सन्नी को दिल्ली में जिगाना पिस्टल गोगी गैंग के लोगों ने दी थी। सन्नी को दिल्ली-एनसीआर में कोर्ट में किसी गैंगस्टर को मारने का टास्क दिया गया था, लेकिन ये काम पूरा नहीं हुआ, लिहाजा पिस्टल सन्नी के पास ही थी। अतीक हत्याकांड के दिन तीनों शूटर ई-रिक्शा से अस्पताल पहुंचे थे और



हत्याकांड को अंजाम दिया था। 13 अप्रैल को अतीक-अशरफ की सीजेएम कोर्ट में पेशी के दौरान भी तीनों शूटर कोर्ट तक आए थे, लेकिन भीड़-भाड़ होने की वजह से वो बाहर ही रहे और पूरी रेकी की। तीनों शूटरों ने बताया कि वो बड़ा माफिया और बड़ा गैंगस्टर बनना चाहते हैं, इसलिए अतीक और अशरफ को मारा। अतीक और अशरफ की हत्या का मास्टरमाइंड सन्नी है। उसी ने लवलेश तिवारी और अरुण को तैयार किया था। 15 अप्रैल को होटल से शाम 7:30 बजे सबसे लवलेश तिवारी निकला था, उसके बाद दोनों शूटर निकले थे। तीनों शूटर मीडिया के जरिए अतीक और अशरफ की पल-पल की खबर ले रहे थे। अतीक और अशरफ को अस्पताल में ही मारने का प्लान तय था।

## ट्विटर ने विराट-सचिन समेत अन्य हस्तियों का ब्लू टिक किया वापस

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया के प्लेटफार्म ट्वीटर ने विराट-सचिन समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय हस्तियों का ब्लू टिक वापस कर दिया है। इस तरह से सोशल मीडिया मंच ट्विटर ने करोड़ों फॉलोअर्स वाले कई चर्चित हस्तियों (सेलिब्रिटीज) का ब्लू टिक (वेरिफिकेशन बैज) बहाल कर दिया है। कुछ दिन पहले ही कंपनी ने भुगतान नहीं करने वाले खातों के ब्लू टिक हटा दिए थे। यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि इसी सप्ताह शाहरुख खान और सलमान खान से लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी जैसी चर्चित हस्तियों और राजनीतिज्ञों के ट्विटर खातों से ब्लू टिक हटा दिए गए थे। ट्विटर के मालिक एलन मस्क की माइक्रोब्लॉगिंग साइट ने इसी सप्ताह शुल्क नहीं चुकाने वाले खातों के ब्लू टिक हटाने शुरू कर दिए थे।

## कांग्रेस में महिलाओं के लिए सेफ माहौल बनाने की जरूरत

**नई दिल्ली।** यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। असम पुलिस ने उन्हें 2 मई को सुबह 11 बजे दिसपुर थाने में पेश होने का नोटिस भेजा है। श्रीनिवास पर असम यूथ कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष अंकिता दत्ता ने शोषण का आरोप लगाया है। अंकिता की शिकायत पर असम पुलिस ने आईपीसी की धारा 354 के तहत केस दर्ज किया है।



असम पुलिस के इस एक्शन पर कांग्रेस बिफर गई है। पार्टी प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने सीधे सीएम हिमंता बिस्व सरमा को निशाने पर लिया। सुरजेवाला ने कहा कि वह (असम सीएम) कभी पवन खेड़ा, कभी श्रीनिवास बीवी और कभी किसी और को गिरफ्तार करना चाहते हैं। सुरजेवाला ने कहा कि असम सीएम की बातों पर इतना ध्यान मत दीजिए। सुरजेवाला की प्रतिक्रिया पर सरमा ने असम पुलिस का श्रीनिवास को भेजा नोटिस ट्वीट कर दिया। असम सीएम ने लिखा कि उनकी पुलिस कानून के हिसाब से काम कर रही है। तंज कसते हुए सरमा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में महिला कार्यकताओं के लिए सुरक्षित माहौल की कमी के लिए उन्हें दोष देना गलत है। कांग्रेस नेता सुरजेवाला ने असम पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। इधर असम सीएम ने जवाबी ट्वीट में लिखा, असम पुलिस कानून के मुताबिक काम कर रही है।

## अखिलेश व शिवपाल ने नगर निकाय चुनाव में प्रचार की बनाई रणनीति

**लखनऊ।** सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल यादव अब उत्तर प्रदेश में आगामी नगरपालिका चुनावों के लिए एक साथ प्रचार करेंगे। पार्टी जल्द ही अपने शीर्ष नेताओं के प्रचार कार्यक्रम की घोषणा कर सकती है। यह पहले ही घोषणा की जा चुकी है कि अखिलेश यादव और मैनपुरी सांसद डिंपल यादव पार्टी की लखनऊ मेयर पद की उम्मीदवार वंदना मिश्रा के लिए तीन-तीन जनसभाएं करेंगे। अखिलेश यादव जहां अभी भी रणनीति बनाने में व्यस्त हैं, वहीं शिवपाल यादव यादवों के गढ़ इटावा, मैनपुरी और फिरोजाबाद का दौरा करते हुए मैदान में उतर गए हैं। शिवपाल अखिलेश के साथ इन जिलों में प्रचार करेंगे। शिवपाल बीजेपी के गढ़ में सपा के प्रचार की कमान संभालेंगे। अखिलेश और शिवपाल सपा के गढ़ मैनपुरी, कन्नौज, फिरोजाबाद में एक साथ नजर आएंगे।

# पहलवानों का जंतर-मंतर पर धरना फिर शुरू

**नई दिल्ली।** रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रमुख बृजभूषण सिंह के खिलाफ पहलवानों ने रविवार दोपहर फिर से जंतर-मंतर पहुंचकर धरना शुरू किया। 7 महिला पहलवानों ने सिंह के खिलाफ पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है। पहलवानों ने कहा- 3 महीने हो गए, पर हमें न्याय नहीं मिला, इसलिए हम फिर से विरोध कर रहे हैं।

हम न्याय की मांग करते हैं, अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। पहले हम से कहा जाता था कि एफआईआर कराओ, अब हम एफआईआर कराने जा रहे हैं तो पुलिस सुन नहीं रही है। पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि हमने 2 दिन पहले ही थाने में शिकायत दी थी। मगर अभी हमारी सुनवाई नहीं हुई, न ही एफआईआर दर्ज हुई है। शिकायत देने वालों में एक नाबालिग समेत सात पहलवान शामिल हैं। ढाई महीने इंतजार करने के बाद हमने फिर से धरना देने का फैसला लिया है।

साक्षी ने कहा- न ही हमें पता कि कमेटियों ने जांच रिपोर्ट सब्मिट की है या नहीं। लोग हमें ही झूठा बताने लगे थे। जांच रिपोर्ट सार्वजनिक होनी चाहिए, मगर अभी इसका कुछ अता पता नहीं है। एक लड़की का मामला कितना सेंसिटिव होता है, यह आप सब समझ सकते हैं। बजरंग पूनिया ने कहा- हमारा धरना अब तभी खत्म होगा, जब बृजभूषण सिंह को अरेस्ट किया जाएगा। हमारा सब्र जवाब दे चुका है। जांच के लिए दो कमेटियां बनीं, लेकिन रिजल्ट कुछ नहीं आया। अब इस केस की सीबीआई जांच होनी चाहिए। पहलवान विनेश फोगाट ने कहा कि देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने यह आरोप लगाए हैं। हम यह शोषण सहन कर रहे हैं। 3 महीनों में कमेटी के किसी सदस्य ने न ही हमारा फोन उठाया, न ही मंत्रालय ने किसी से संपर्क किया। बार-बार कहा जा रहा है कि पहलवानों ने सबूत नहीं दिया है। कोई एक बार बृजभूषण से भी उसके बेगुनाही के सबूत ले। हम तो कह रहे हैं कि पूरे प्रकरण में नार्को टेस्ट कराया जाना चाहिए। केस की सीबीआई जांच भी होनी चाहिए। इसके बाद जो भी दोषी होगा। उसको दंड दिया जाना चाहिए।

**नाराजगी**

**बजरंग बोले- बृजभूषण की गिरफ्तारी के बाद ही उठेंगे**

**विनेश बोलीं- डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष का नार्को टेस्ट हो**



संक्षेप

### 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ थरवई पुलिस द्वारा अभियुक्त गिरफ्तार

**थरवई।** आगामी चुनाव के दृष्टिगत देखते हुए अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चला अभियान। सहायक पुलिस आयुक्त थरवई जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में रविवार को आगामी चुनाव जिसके दृष्टिगत पुलिस टीम द्वारा क्षेत्रों में भ्रमण किया गया जिसमें थाना क्षेत्र थरवई बहमलपुर में कच्ची शराब में दबिश दी गई। मौके से लगभग एक कुंतल लहन नष्ट को नष्ट किया गया। थरवई पुलिस की तात्परता से एक अभियुक्त को पुरुषोत्तम लाल पुत्र मुन्नर निवासी बहमलपुर को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ बरामद किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाने ले जाया गया इसमें धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। मौके पर निरीक्षक अखिलेश कुमार, उपनिरीक्षक सोहराब अहमद, अमित कुमार, राघवेंद्र यादव, महिला आरक्षी सोनी वर्मा आदि मौजूद रहे।

# कोहड़ार में धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती, निकाली भव्य शोभायात्रा





परशुराम जयंती के अवसर पर मंचासीन योगेश शुक्ल के साथ मुन्नन शुक्ल, गंगा प्रसाद मिश्र साथ मे नित्यानंद उपाध्याय व योगेश शुक्ल को फरसा भेंट करते अधिवक्ता अनिल पाण्डेय

**मेजा/कोहड़ार।** तहसील क्षेत्र के रामानुज इंटर कालेज कोहड़ार में शनिवार को धूमधाम से परसुराम जयंती मनाई गई । इस अवसर पर अंग्रेजी बैंड बाजे के साथ प्रभात फेरी भी निकाली गई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता योगेश शुक्ल रहे व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रमुख मुन्नन शुक्ल,प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र रहे । संचालन अनिल शुक्ल ग्राम प्रधान गड़ेवरा ने किया ।

इस अवसर पूर्व प्रमुख मेजा मुन्नन शुक्ल ने परशुराम भगवान के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डाला । उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम अक्षय तृतीया को जन्मे थे उनकी माता माँ रेणुका व पिता महर्षि जमदग्नि थे,वह चिरंजीवी थे व विष्णु भगवान के छठवें अवतार,भोलेनाथ के परम भक्त थे । इस अवसर पर वरिष्ठ बीजेपी नेता ने प्रसिद्ध मलयालम ग्रंथ ह्ल कृषि गीता ह्लका उल्लेख करते हुए बताया कि इस ग्रंथ में भगवान परशुराम और विद्वानों के बीच उन्नत कृषि पर चर्चा की गई है।

श्री शुक्ल ने भगवान परशुराम , कृषि गीता और आज की तारीख को पूरे विश्व में मनाये जाने वाले पृथ्वी दिवस को सूत्र बद्ध करते हुए आह्वाहन किया कि हम लोग अपनी धरती और अपने खेतों को प्लास्टिक के कचरे से मुक्त करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि आज के संदर्भ में कृषि गीता की यही प्रेरणा और भगवान परशु राम का हम सब के लिए यही संदेश है।

इस दौरान अधिवक्ता अनिल पाण्डेय ने योगेश शुक्ल भगवान परशुराम का फरसा भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य रूप से ई नित्यानंद उपाध्याय, सिद्धान्त तिवारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, अनिल पाण्डेय अधिवक्ता, विनोद मिश्र अधिवक्ता, अनिल शुक्ल प्रधान, रंजय मिश्र, संतोष जैन, अवधेश शुक्ल, पवन तिवारी, राधा मोहन पाण्डेय, दुर्गेश शुक्ल, राजेन्द्र कुमार, राजू दुबे, अधिवक्ता रवि शुक्ल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग रहे।

## स्वतंत्र देव सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ किया बैठक



बैठक में मौजूद जलशक्ति मंत्री व पूर्व विधायक नीलम करवरिया

**मेजा।** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने नीलम करवरिया के साथ शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्यासी लखन केशरी को विजय दिलाने के लिए सिरसा बाजार में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया। बैठक के दौरान जलशक्ति मंत्री ने प्रत्यासी लखन केशरी को जिताने की पुरजोर अपील किया । पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने भी प्रत्यासी श्री केशरी को जिताने की अपील किया और कहा कि अगर नगर का विकास चाहिए तो पूरे मनोयोग से सभी व्यापारी कार्यकर्ता लग कर लखनकेशरी को जिताएं विकास की गंगा बहेगी।

इस दौरान मुख्य रूप से जिलाअध्यक्ष विभवनाथ भारतीय, अमरसिंह पटेल, राजेश, भाजपा नेता जयशंकर पाण्डेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधाकर शुक्ल, शुभाष पयासी, रवि शुक्ल, प्रत्यासी लखन केसरी, भानू अग्रवाल, रतन केसरी, सुशील कुमार केसरी, सिंटु सेठ, मंजेश सेठ, पंकज सेठ, राना सेठ, नेहा केसरी, चंद्रप्रकाश केसरी, लाखु सेठ, बैठक लल्लू सेठ की अध्यक्षता में आयोजित हुई । विधायक के साथ पप्पू दुबे, सुब्बाराव सिंह पटेल, बबलू पयासी, दिनेश तिवारी, रूपनारायण मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष, विनय शुक्ल जगत पांडेय, कमलेश पांडेय सहित दर्जनों कार्यकर्ता रहे।

### भारतगंज में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन



भारतगंज में स्वतंत्र देव सिंह कार्यालय का उद्घाटन करते साथ में राजू भैया

**मेजा।** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को भारतगंज नगर पंचायत में भाजपा केंद्रीय चुनाँव कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया । इस दौरान मंत्री श्री सिंह ने प्रत्यासी को शुभकामनाएं देते हुए बाजारवासियों से प्रत्यासी को भारी बहुमत से जीत दिलाने की अपील किया। इस दौरान उनके साथ रहे जनसेवक इन्द्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया ने भी कहा कि भाजपा प्रत्यासी जीता तो नगर पंचायत का सम्पूर्ण विकास होगा।

संक्षेप

### विशाल मां भगवती जागरण में भक्त सारी रात झूमते रहे



**नैनी।** सातवां विशाल मां भगवती जागरण का कार्यक्रम नैनी के हनुमान नगर मे संपन्न हुआ। जिसमें अनेकों कलाकारों द्वारा सुंदर झांकियां व गीतो पर भक्त सारी रात झूमते रहे। जिसमें मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा कल्याणी नंदगिरी रही,विशिष्ट अतिथि महानगर अध्यक्ष व मेयर प्रत्याशी गणेश केसरवानी रहे ।उमेश विश्वकर्मा व मनोज मिश्रा अपनी पत्नियों संग माता की पूजा अर्चना की। जिसमें मुख्य रुप से कमेटी अध्यक्ष राहुल जायसवाल, उपाध्यक्ष रवि जायसवाल, मंत्री लाला जायसवाल, सलाहकार उमेश विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी सुनील यादव कोषाध्यक्ष विवेक कुमार उपमंत्री गोल्डी जायसवाल, महामंत्री मनोज विश्वकर्मा, संयुक्त मंत्री विपुल गौड़, संगठन मंत्री सुनील सेन, राधेश्याम जायसवाल, राजेश शर्मा ,संदीप कनोजिया ज्वाय सेन गुप्ता, गोलू जायसवाल, राकेश विश्वकर्मा दिपक आदि रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर लड़की ने की आत्महत्या

**होलागढ़।** रविवार को रस्सी के सहारे लड़की ने घर के अंदर लगाकर जान दे दी जानकारी होते ही घर में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। होलागढ़ थाना क्षेत्र के अरूआव गांव में एक युवती प्रियंका उर्फ ज्योति पटेल पुत्री जवाहरलाल पटेल उम्र 19 वर्ष रविवार सुबह अपने ही घर में दरवाजा बंद कर रहस्यमय परिस्थितियों में फांसी लगा ली सुबह जब वह नही उठी तो घर वालों ने दरवाजा खटखटाया तो कोई आवाज नहीं आया तो परिजनों ने दरवाजा की कुंडी तोडा तो देखा कि प्रियंका का शव फंदे पर लटक रहा था होलागढ़ पुलिस मौके पर पहुंच कर परिजनों ने देखा तो घर में कोहराम मच गया घर वालों ने जिसकी सूचना होलागढ़ पुलिस को दी सूचना पा कर थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह मयफोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया होलागढ़ पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

### सेंट पीटर्स स्कूल सिरसा में मनाया पृथ्वी दिवस



**मेजा।** सेंट पीटर्स स्कूल सिरसा-प्रयागराज में पृथ्वी दिवस 2023 के अवसर पर कक्षा 5 से 8 तक के विद्यार्थियों को अपने मॉडल के माध्यम से इस वर्ष के पृथ्वी दिवस की थीम हमारे ग्रह में निवेश करें,प्रदर्शित करने के लिए एक प्रतियोगिता कराई गई ।प्रतियोगिता में बच्चों ने अलग अलग तरीके से अपना हुनर का प्रदर्शन किया । विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती शिवानी खेड़ा सोनी ने पृथ्वी दिवस पर कहा कि धरती हमारी अमूल्य धरोहर है । उन्होंने उसके महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि हमारी धरती माँ को बचाना कितना महत्वपूर्ण है। कुछ सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी जिन्होंने अपने चित्र कला के माध्यम से सबका मन मोह लिया और एक संदेश भी दिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों में करन सेठ, समृद्धि पाठक, साक्षी पाठक, अन्वेशी, प्राप्ति केशरी, अनन्या केशरी, आराध्या केशरी, मानशी यादव, सुमित सेठ, देव कुमार, सार्थक केसरी, संकल्प कुमार आदि।

### दो घरों में ताला तोड़कर लाखों का जेवरात सहित नगदी चोरी, दी तहरीर



**सोरांव।** थाना क्षेत्र के पुरखीपुर में सीढ़ी के सहारे चढ़ कर चोर घर में घुस गए। घर के अंदर रखा बक्सा व आलमारी का ताला तोड़ कर दो भाइयों के घरों में रखा जेवरात सहित नगदी चुरा ले गए। परिजन जब सुबह उठे तो ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। सोरांव थाना क्षेत्र के पुरखीपुर गांव निवासीगण तीर्थ राज पांडेय व धमेंद्र कुमार पांडेय दो सगे भाई हैं। बताया जाता है कि रोज की भांति शनिवार को भी दोनो का परिवार खाना पीना खा कर सो गया। रविवार की सुबह जब दोनों भाइयों के परिजन उठे दरवाजे का ताला टूटा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। दोनों पीड़ित भाइयों ने लाखों रुपए की जेवरात सहित नगदी चोरी होने की तहरीर दी है। हालांकि खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नही किया गया था।

### दबंगों ने पत्रकार पर किया जानलेवा हमला, कान का पर्दा फटा, न्याय की गुहार

**नैनी।** नैनी के पत्रकार अमित मिश्रा के साथ गुरुवार को एडीए पाठक मार्केट में स्थित विश्वनाथ मेडिकल स्टोर संचालक और उसके गुर्गों ने गली गलौज करते हुए मारपीट की। हमले में पत्रकार अमित मिश्रा के कान का पर्दा फट गया और वह घायल हो गए। हमलावरों ने पत्रकार का मोबाइल भी तोड़ दिया और अंदर घसीटने की कोशिश की गई। हैरानी की बात यह है, कि सारी घटना सीसीटीवी में कैद है, बावजूद इसके हमलावर अपनी शोरेपुश्ती के बूते गुंडई दिखा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार नैनी के जवाहर नगर मोहल्ले के रहने वाले अमित मिश्रा एक टीवी चैनल में पत्रकार है। 20 अप्रैल को वह पाठक मार्केट गए थे। जहा विश्वनाथ मेडिकल स्टोर संचालक ने पानी के थर्मस को लेकर हमला कर दिया। जिसमे पांच से छःलोगो ने अमित मिश्रा के साथ मारपीट की। जब पत्रकार ने वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से कार्रवाई के लिए कहा, तो आरोपियों ने ऊंची पहुंच का हवाला देकर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। घायल अमित जब मेडिकल कराने गए, तो वहां पता चला, कि उनके कान का पर्दा फट गया। सीएचसी चाका से उन्हे काल्विन हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है। भुक्तभोगी ने नैनी कोतवाली में नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## भगवान परशुराम ने अन्याय के खिलाफ किया था संघर्ष : रीता जोशी



कार्यक्रम में फरसा भेंट करते हुए

**कोरॉव।** भगवान परशुराम जी का आदर्श चरित्र हम सभी के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने अन्याय एवं अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करके विजय प्राप्त की थी। भगवान परशुराम जी को भगवान विष्णु का छठवां अवतार माना जाता है। उक्त बातें शनिवार को कोरॉव के बढवारी कला गांव में प्राचीन सोमनाथ मंदिर परिसर में परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए प्रयागराज की सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जी के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेते हुए हम सभी को अन्याय एवं अत्याचार के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। परिसर में भगवान परशुराम के नवनिर्मित मंदिर में उनकी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। कार्यक्रम को मंगल देव द्विवेदी, बबलू शुक्ला, अमरेश तिवारी, डॉ भगवत पांडे, सुशील मिश्रा, अभिषेक तिवारी, आशीष मिश्रा, नवीन तिवारी सहित कई अन्य लोगों ने संबोधित किया । इस दौरान डॉ अनिल पांडेय, कपिल शुक्ला, सुशील शुक्ला, शशी द्विवेदी, राजा चौबे, विमलेश मिश्रा, चंद्रेश पांडे, सिमलेश पांडे सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। जन्मोत्सव कार्यक्रम के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक जिला पंचायत सदस्य पिंटू चौबे ने लोगों का आभार जताते हुए स्वागत किया।

## विकास के मुद्दे पर होगा नगर निकाय का चुनाव : स्वतंत्र देव सिंह

### जल शक्ति मंत्री ने कोरांव में कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों में भरा जोश



कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को संबोधित करते मा0 मंत्री

**कोरॉव।** नगर निकाय का चुनाव भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास के मुद्दे पर होगा। भाजपा सरकार ने मोदी एवं योगी के नेतृत्व में जो अभूतपूर्व बदलाव हर क्षेत्र में हुआ है उसको जनता महसूस कर रही है । उक्त बातें शनिवार को कोरांव नगर पंचायत में भाजपा कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कही। इस दौरान उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों कार्यकताओं एवं विभिन्न समितियों के लोगों से पार्टी प्रत्याशी नरसिंह केसरी एवं सभी सभासदों के पक्ष में तन मन से मेहनत करने की अपील की। सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि भाजपा ने सभी वर्गों का विकास करने का काम किया है भाजपा सरकार में ही देश की सुरक्षा एवं विकास संभव है। कार्यक्रम को विधायक राजमणि कोल, ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल, सहित कई अन्य लोगों ने संबोधित किया। संचालन बबुआन द्विवेदी ने किया। प्रमुख रूप से अशोक सिंह, विभूति नारायण सिंह, सुशील मिश्रा, ओमकार केसरी, आशीष मिश्रा, अमरेश तिवारी, कमलेश द्विवेदी, अरुण सिंह, विभवनाथ भारती, शशी द्विवेदी, राजेश मिश्रा, अखंड पांडे, सचिन केसरी, अखिलेश जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रधान के स्थान पर करता दूसरा व्यक्ति कार्य

**मेजा।** प्रधान बरी की सीट एससी महिला थी इस लिए वहाँ पर महिला प्रधान प्रेमा देवी है लेकिन वह कार्य नहीं करती उसके स्थान पर सिरसा टाउन एरिया में रहने वाला रमाशंकर यादव करता है। इसके अतिरिक्त रमाशंकर यादव का मोबाइल नम्बर ब्लाक में जो प्रधानों की सूची है उसमें भी दर्ज है और ब्लाक सम्बन्धी सभी दस्तावेजों में दर्ज है यहाँ तक कि प्रधान के बैंक खाते में भी उसका नम्बर 9415636918 दर्ज है जिससे लेनदेन का मैसेज भी उसी के नम्बर पर आता है । इस तरह से देखा जाय तो प्रधान प्रेमा देवी के साथ रामशंकर यादव सहित इस व्यवस्था जुड़े सभी लोगों के खिलाफ कार्यवाही बनती है क्यों कि प्रधान के स्थान पर रमाशंकर यादव कार्य करता हैं और उसका मोबाइल नंबर सभी दस्तावेजों में दर्ज है और इस बात की जानकारी ब्लाक महकमें को है। अब देखने वाली बात यह होगी कि उच्चाधिकारी इस मामले में क्या कार्यवाही करते हैं।

## प्रशासन के दोहरे मापदंड क्षेत्र में बना चर्चा का विषय

कार्यवाही

### पीएम आवास के लिए अपात्रों के चयन पर सचिव को किया सस्पेंट

### ग्राम प्रधान व एडीओ पंचायत के खिलाफ अभी तक नहीं हुई कार्यवाही

**मेजा।** प्रशासन की दो तरफा नीति से लोग अचंभित है, प्रशासन ने विकास खंड उरुवा के बरी गाँव ने प्रधानमंत्री आवास योजना में अपात्रों को लाभ देने के की शिकायत सत्य पाए जाने पर ग्राम विकास अधिकारी को तो सस्पेंड कर दिया लेकिन ग्राम प्रधान और नोडल अधिकारी के ऊपर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। प्रशासन की दोहरी निति की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है।

गौरतलब हो कि विकास खंड उरुवा के बरी गाँव मे 16 अपात्रों को प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत आवास आवंटित कर दिया गया था जिसकी शिकायत सीडीओ प्रयागराज से की गई थी । शिकायत पर सीडीओ के निर्देश पर मामले की जाँच के लिए त्रिस्तरीय टीम गठित कर दी गई। गठित टीम ने बीते 13 अप्रैल को बरी गांव में आवासों की जाँच किया और जाँच में 16 आवासों में 14 लाभार्थी अपात्र पाए गए सबके पास पक्का मकान था। जाँच टीम ने अपनी रिपोर्ट सीडीओ को सौंप दिया। जाँच टीम ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि जाँच से साफ स्पष्ट है कि ग्राम पंचायत सचिव व सेक्टर प्रभारी द्वारा जो फोटो ग्राफ लाभार्थियों की पत्रावलियों में लगाई गई हैं वह पूर्णतया फर्जी है जब कि लाभार्थियों के पास पहले से पक्का मकान है ।इससे साफ तौर पर साबित होता है कि ग्राम पंचायत सचिव व सेक्टर प्रभारी व सहायक विकास अधिकारी पंचायत अपात्रों को के चयन में दोषी है । साथ ही ग्राम प्रधान बरी ने भी अपात्र लाभार्थियों को प्रमाणित किया है इससे साफ तौर पर पता चलता है कि प्रधान को भी लाभार्थियों की वस्तुस्थिति की जानकारी थी फिर भी पात्र होने का प्रमाण दिया प्रधान भी चयन में पूर्णतया दोषी है ।

बता दें गठित टीम की जाँच पर सीडीओ के निर्देश पर डीडीओ अशोक कुमार मौर्य ने पंचायत एक्ट की धारा 95 के तहत ग्राम विकास अधिकारी रंजय प्रसाद को तत्काल प्रभाव से सस्पेंट कर विकास खंड मेजा से अटैच कर जाँच प्रक्रिया शुरू कर दी गई लेकिन ग्राम प्रधान और सहायक विकास अधिकारी पंचायत के खिलाफ अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कि गई । प्रशासन के दोहरे माप दंड की चर्चा क्षेत्र में जोरो पर है,और इसकी निंदा भी की जा रही है कि सभी दोषियों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए । जानकारों की मानें तो ग्राम प्रधान और एडीओ पंचायत को उच्चाधिकारी बचाने में लगे हैं ऐसा क्यों है यह तो अधिकारी ही बता सकते हैं।

### एक किलो 25 ग्राम गाजे के साथ युवक गिरफ्तार

**बहरिया।** बहरिया थाना पुलिस गस्त करने निकली थी कि इसी दौरान किसी मुखबिर खास की सूचना पर ग्रामसभा चकसाधोपुर में बहरिया पुलिस एस0आई0 पुरुषोतम अपने हमराहियों के साथ मौके पर रजत सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी सादलपुर कहली थाना मऊआइमा के पास से 1 किलो 25 ग्राम गाजा के साथ धर दबोचा तथा युवक को थाने ले आये और विधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेज दिया।


उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्या.CEN-2023-24-04 दिनांक: 19.04.2023

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभि0/निर्माण-II/उत्तर मध्य रेलवे/ प्रयागराज द्वारा निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिए ई-निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 22.05.2023 के समय 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का विवरण इस प्रकार है-

| क्र सं. | निविदा सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित मूल्य (रू.) | बोली प्रतिभूति (रू.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | CEN-2023-24-04 | उत्तर मध्य रेलवे के ब्रह्मरौली-सुजातपुर के मध्य चौथी लाइन (38 कि.मी.) के सम्बन्ध में LIDAR/DGPS आधारित एकीकृत ड्रोन आदि आधुनिक तकनीकि एवं AUTOCAD प्रणाली का प्रयोग करते हुए ब्रह्मरौली-सुजातपुर के मध्य चौथी लाइन हेतु फाइनल लोकेशन सर्वेक्षण का कार्य जिसमें ड्राइंग तैयार करना, विस्तृत लागत आकलन एवं बिल ऑफ क्वांटिटी (बीओक्यू), भूमि अधिग्रहण अनुमान/ आकलन के साथ-साथ विस्तृत स्थलाकृतिक सर्वेक्षण एवं अन्य सम्बन्धित गतिविधियाँ सहित पूर्ण 3डी फोटोग्रामेट्री और डीटीएम (डिजिटल टेरेन मॉडल) स्थापित करना शामिल है। | ₹ 5310815.49 | ₹ 106200.00 |

कार्य समापन की अवधि 06 माह, निविदा बंद करने की तिथि और समय 22.05.2023, 15:00 बजे, निविदा खुलने की तिथि: 22.05.2023, 15:30 बजे, निविदा का प्रकार: ओपेन टेण्डर (एकल पैकेट प्रणाली)। नोट:- 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 15:00 बजे तक निविदा भरने की तिथि दिनांक 22.05.2023 तक उपलब्ध है। 2. उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु बेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको IT Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. बोली प्रतिभूति या तो ई-भुगतान गेटवे के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में प्रस्तुत की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। बैंक गारंटी बांड निविदा दस्तावेज में दिये गये अनुलग्नक-फॉरमेट के अनुसार होगा और बोली वैधता अवधि से परे 60 दिनों की अवधि के लिए वैध होगा। बोली प्रतिभूति मुख्य वित्त सलाहकार एवं लेखाधिकारी/निर्माण/प्रयागराज/उ.म.रे. के नाम तथा उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण-II/ प्रयागराज/उ.म.रे. के लिए ही प्रेषित किये जाए। 4. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रकार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य/अस्वीकार कर दिया जायेगा। 5. निविदा की राशि 10 करोड़ से अधिक होने पर संयुक्त उद्यम (जेवी)/ Consortiums/MOUs पर विचार किया जायेगा। 6. संलग्न किये जाने सभी प्रपत्र निविदा कर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए। 7. सभी निविदाओं हेतु निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर एक प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। 8. निविदा दस्तावेज में उल्लिखित योग्यता/मानदण्डों को पूरा करने के दावे के समर्थन में अपलोड किये गये दस्तावेजों/प्रमाण-पत्रों की प्रतिलिपियों पृष्ठ को टेण्डरर फर्म के निविदाकर्ता या अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं प्रमाणित/डिजिटल हस्ताक्षरित किया जायेगा। स्वयं प्रमाणन में हस्ताक्षर, मोहर और तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) अंकित होनी चाहिए। केवल वे दस्तावेज जिन्हें निविदाकार द्वारा स्पष्ट रूप से घोषित किया गया है कि निर्धारित पात्रता मानदण्डों को अर्हता प्राप्त करने के दावे का समर्थन करने वाले दस्तावेज को ही उनकी निविदा का मूल्यांकन करने के लिए विचार किया जायेगा। निविदाकार द्वारा दी गयी किसी भी गलत जानकारी के मामले में अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा एवं बोली प्रतिभूति, परफार्मेंस गारन्टी और सिक्योरिटी डिपाजिट जब्त कर ली जायेगी और भारतीय रेलवे में एजेंसी पर 5 (पाँच) वर्ष तक कोई भी व्यवसाय करने पर प्रतिबन्ध लगा दिया जायेगा। 9. सरकारी अधिकारियों द्वारा समय-समय पर जारी जी.एस.टी. अधिनियम और सरकार/सम्बन्धित प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर जारी किये गए नियम लागू होंगे। 10. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 11. निविदा आनलाइन दिनांक 22.05.2023 को समय 15:00 बजे तक सबमिट किया जा सकता है तथा निविदा 15:30 बजे उसी दिन खोली जायेगी। 609/23 (D)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR


## मेजारोड में भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनी

परशुराम जयंती

### युवा पीढ़ी को सनातन धर्म के प्रति जागरूक करने की जरूरत : अभिषेक तिवारी



परशुराम जयंती के अवसर पर मौजूद ब्राह्मण समाज के लोग

**मेजा।** क्षेत्र के ओझा कंट्रक्शन कंपनी पर शनिवार को भगवान परशुराम जयंती व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन-अर्चन किया तथा एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें वक्ता के रूप में राजबल्लभ तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम तपोनिष्ठ, त्यागमूर्ति और पितृभक्त थे। उन्होंने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष कर सर्वसमाज के हित में भूमि का समान बंटवारा किया। आज समाज को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। गोष्ठी में मुख्य वक्ता समाजसेवी अभिषेक तिवारी ने कहा कि आगे आने वाली पीढ़ी सनातन धर्म से दूर होती जा रही इसके लिए समाज की अहम जिम्मेदारी है कि उन्हें धर्म से जोड़कर रखे जिससे युवा सत्य और धर्म के रास्ते पर चल कर देश को नई दिशा दे सके उनके आह्वान पर उरुवा प्रधान संघ के अध्यक्ष राजेश द्विवेदी ने मेजारोड के आस पास जल्द ही परशुराम मंदिर के लिए जमीन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया जिससे लोगो का झुकाव अच्छे कार्यो की ओर लगा रहे। कार्यक्रम के संयोजक रिंकू ओझा ने गोष्ठी में उपस्थित सभी लोगो का आभार व्यक्त कर मंदिर निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा हर सम्भव सहयोग की बात की। संचालन कर रहे शिक्षक संघ अध्यक्ष मनीष तिवारी ने कहा कि जल्द ही मंदिर निर्माण के लिए एक समिति बनाकर मूर्त रूप दिया जाएगा।इस अवसर पर समाजवादी नेता नितेश तिवारी, गौरव पांडेय, बी0के0 मिश्र, अजय तिवारी, शिव उपाध्याय, राजीव तिवारी, गाना महाराज, राजू पांडेय, मुकेश शुक्ला, इंद्रेश पाण्डेय उर्फ नचबुल सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति रहे।

## विवाहिता ने फाँसी लगाकर दे दी जान

**मेजा।** चौकी क्षेत्र सिरसा के उपड़ौरा के निषाद बस्ती में दो रोज पहले ससुराल आई एक विवाहिता ने शनिवार को देर रात फाँसी लगाकर जान दे दिया । घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जाँच में जुटी हुई है । गौरतलब हो कि दारा के तीन बेटों में बड़ा बेटा प्रदीप अपने छोटे भाई के साथ मुम्बई के किसी कंपनी में नौकरी करता है। दारा निषाद ने बताया कि बड़े बेटे प्रदीप कुमार निषाद की शादी करछना के कटका गांव निवासी लवकुश निषाद की बेटी गुंजा निषाद (20) से हुई थी ।

दो दिन पूर्व गुंजा मायके से ससुराल आई तो सब ठीक ठाक था। शाम साढ़े छह बजे के लगभग जब घर पर कोई नहीं था, तो वह कमरे में पहुंच पंखे में दुपट्टा लगाकर उसे झूल गई। इसी बीच कमरे में देवर कुलदीप किसी काम से पहुंचा तो गुंजा की ऐसी हालत देख रोते हुए बाहर निकल गया।



सरहद से सटे थानेदारों संघ बैठक करती नवाबगंज पुलिस

# प्रयागराज भास्कर

## मौसम



अधिकतम : 39.00
न्यूनतम : 28.00
सूर्योदय : 06.03
सूर्यास्त : 06.15

### लैंप लाइट कार्यक्रम में नर्सिंग के छात्राओं ने मानव सेवा की ली शपथ

**फाफामऊ।** शांतिपुरम स्थित राजश्री टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह हाल में रविवार को रामनिहोरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज फाफामऊ के जीएनएम व एएनएम नर्सिंग के छात्रों का लैंप लाइट एण्ड ओथ टेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सिंग के छात्राओं ने मानव सेवा की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर एसपी सिंह रहें। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बीमार व असहाय लोगों को दुखों का मरहम लगाने का सौभाग्य मिलता है। यदि नर्सिंग स्टाफ अपनी पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों में लीन रहे तो निश्चय ही एक दिन खुशहाल संसार का निर्माण कर सकते है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि रहे मेडिकल हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर प्रयागराज के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. वीके मिश्रा, प्रोफेसर पीपी दुबे, कर्नल विनय कुमार ने में भी छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम में नर्सिंग के छात्रों द्वारा रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें बेटी पढ़ाओं, बेटी बचाओ कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसको लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में अनुपम पटेल, तनु सरोज, गरिमा ओझा, कोमल मिश्रा, जूही उपाध्याय, रितिका सिंह, नेहा यादव,श्वेता, प्रिया, सलोनी, प्रतिमा, रितु पाल निधी विश्वकर्मा आदि छात्राओं ने मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत रामनिहोरा इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. विनीता विश्वकर्मा ने किया धन्यवाद ज्ञापित विनीता हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. बिंदू विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में डॉ.योगेश चंद्रा, डॉ. मेजर पंकज शुक्ला, श्याम सुंदर सिंह पटेल, मंजू पाठक, कॉलेज की प्राचार्या अनिला सी प्रसन्ना, ओम प्रकाश पटेल, मोहम्मद मुस्तफा, उत्तम पटेल, नवनीत पांडेय, प्रवीण श्रीवास्तव, अशोक यादव सहित भारी संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रहें।

## डिप्टी सीएम केशव पहुंचे उमेश पाल के घर, अलकायदा की धमकी पर कहा- सरकार हर धमकी से निपटने में सक्षम

**प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उमेश पाल की हत्या के बाद आज रविवार सुलेमसरांय धूमनगंज स्थित उमेश पाल के घर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की। डिप्टी सीएम ने उमेश पाल की मां शांति पाल और पत्नी जया पाल से मुलाकात कर ढांढस बंधाया।इस दौरान क्षेत्रीय विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह सहित तमाम स्थानीय नेता मौजूद रहे।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि परिवार की सुरक्षा के लिए सरकार की ओर से हर कदम उठाए जाएंगे।प्रदेश में कानून व्यवस्था दुरुस्त रहे, इसका पूरा प्रयास किया जा रहा है। डिप्टी सीएम ने अलकायदा की धमकी पर कहा कि हमारी सरकार हर धमकी से निपटने में सक्षम है।बता दें कि उमेश पाल की हत्या के बाद डिप्टी सीएम



पत्रकारों से बातचीत करते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

केशव प्रसाद मौर्य पहली बार प्रयागराज पहुंचे हैं।

बता दें कि 24 फरवरी को बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की उनके घर के पास ताबड़तोड़ गोलियां और बम बरसाकर हत्या कर दी गई थी। उमेश पाल की हत्या में माफिया अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ, बेटे असद और पत्नी शाइस्ता परवीन, बमबाज गुड्डू मुस्लिम सहित दर्जन भर लोगों को नामजद किया गया था।

### माफिया अतीक और अशरफ के हत्यारोपियों की कस्टडी रिमांड खत्म, भेजे गए प्रतापगढ़ जेल

**प्रयागराज।** अतीक अहमद व अशरफ हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए तीनों शूटरों की कस्टडी रिमांड रविवार को खत्म हो गई। इस दौरान तीनों को प्रतापगढ़ जेल में दाखिल करा दिया गया। फिलहाल पांच दिन तक चली पूछताछ में भी हत्याकांड की साजिश के तार नहीं जुड़ पाए। शूटर नाम कमाने के लिए ही वारदात अंजाम देने की बात पर कायम रहे और सनी सिंह ही खुद को मास्टरमाइंड बताता रहा।तीनों शूटर सनी सिंह, अरुण कुमार मौर्य व लवलेश तिवारी को 19 अप्रैल को एसआईटी (स्पेशल इनवेस्टिगेशन टीम) ने कस्टडी रिमांड पर लिया था। इसके बाद पांच दिनों तक उनसे पूछताछ की गई। कस्टडी रिमांड अवधि शाम पांच बजे तक थी। हालांकि इससे पहले ही उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस लाइन से दोपहर 12.30 बजे के करीब उन्हें प्रिजन वैन से रवाना किया गया। दोपहर 2.28 मिनट पर उन्हें प्रतापगढ़ जेल में दाखिल करा दिया गया। सूत्रों का कहना है कि एसआईटी की पूछताछ में फिलहाल शूटरों ने किसी साजिशकर्ता का नाम नहीं उगला। वह यही बयान देते रहे कि हत्याकांड को उन्होंने जरायम की दुनिया में नाम कमाने के लिए अंजाम दिया। इसकी प्लानिंग सनी ने दो महीने पहले की थी। 24 फरवरी को उमेश पाल हत्याकांड का वीडियो फुटेज देखने के बाद उन्हें लगा कि जब अतीक का बेटा इस तरह की वारदात कर सकता है तो वे क्यों नहीं। इसके बाद से ही वह टीवी, सोशल मीडिया के जरिये अतीक-अशरफ से जुड़ी हर खबर पर नजर रखने लगे थे।सूत्रों का कहना है कि भले ही शूटर खुद से ही वारदात अंजाम देने की बात पर कायम हैं। लेकिन अब भी उनके बयान पर पूरी तरह भरोसा नहीं किया जा रहा। यही वजह है कि विवेचना में जुटी एसआईटी जल्द ही शूटरों के नार्को या लाई डिटेक्टर टेस्ट की अनुमति के लिए अर्जी दाखिल कर सकती है। हालांकि इसके लिए अभियुक्तों की मंजूरी जरूरी होगी। फिलहाल इस बारे में पुलिस अफसर आधिकारिक रूप से कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

## मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी का विद्रोह, रईस की पार्टी ज्वाइनिंग पर जताया विरोध

### कुछ लोग पार्टी को प्रा0लिमिटेड की तरह चला रहे : नन्द गोपाल गुप्ता कैबिनेट मंत्री

**प्रयागराज।** योगी सरकार के मंत्री और प्रयागराज शहर दक्षिणी के विधायक नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बगावत का झंडा बुलंद कर दिया है। महापौर प्रत्याशी गणेश चंद्र केसरवानी के समर्थन में रईस चंद्र शुक्ला की शनिवार को भारतीय जनता पार्टी में हुई जॉइनिंग के खिलाफ मंत्री के कार्यालय में सोशल मीडिया पर उनका बयान पोस्ट कर खुला विरोध जताया है। महापौर प्रत्याशी के समर्थन में प्रयागराज में कई नेताओं के साथ रईस चंद्र शुक्ला ने भी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के कार्यालय में पदस्थ दिव्यांशु शेखर ने लखनऊ के व्हाट्सएप ग्रुप में मंत्री का बयान पोस्ट किया है। इसमें लिखा है कि स्थानीय विधायक के रूप में



मुझे विश्वास में लेना तो दूर बिना कोई औपचारिक सूचना दिये मेरे विरुध्द समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव लड़कर बुरी तरह से चुनाव हारे रईस चन्द्र शुक्ला को भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कराने का प्रस्तावित कार्यक्रम घोर अपमाजनक एवं आपत्तिजनक है। स्थानीय विधायक की अवहेलना व उपेक्षा करते हुए विपक्षी उम्मीदवार को पार्टी ज्वाइन कराना बेहद गंभीर प्रकरण और गहरी साजिश है। अवैध है।

बयान में लिखा, ह्लयह भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति एवं पार्टी की लोकतान्त्रिक मूल्यों में गहरी आस्था के सिद्धान्त से सर्वथा प्रतिकूल है, जो लोग पार्टी को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह चलाना चाहते हैं और अपनी हठधर्मिता से पार्टी को लगातार क्षति पहुँचा रहे हैं उनके इस मनमाने रवैये की घोर निन्दा करता हूँ। यह रवैया पार्टी की मूल वैचारिकी और कार्यपद्धति के पूर्णतः विपरीत है।ह्व

मंत्री नंदी के कार्यालय की एक अन्य सहयोगी ने भी उनके इस बयान की पुष्टि की है। कहा यह मंत्री की बेइज्जती जैसा है।

यहां गौरतलब है कि नंदी की पत्नी अभिलाषा गुप्ता भी महापौर प्रत्याशी की दौड़ में शामिल थीं। वह दो बार महापौर रह चुकी हैं। इस बार पार्टी ने उनका टिकट काटकर भारतीय जनता पार्टी महानगर के अध्यक्ष गणेश चंद्र केसरवानी, जो नंदी के मोहल्ले के निकट ही रहते हैं, को महापौर प्रत्याशी बनाया है। चर्चा है कि कैबिनेट मंत्री को पत्नी का टिकट कटना पसंद नहीं आया है। रईस चंद्र शुक्ला की जॉइनिंग के बाद ठीक चुनाव के दौरान उनका विद्रोही तेवर इसी का नतीजा माना जा रहा है। नंदी 2017 विधानसभा चुनाव के ठीक पहले भाजपा में आए थे। इसके पहले वह कांग्रेस और बसपा में रह चुके हैं।

गौरतलब है कि उमेश पाल हत्याकांड के बाद अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता बेगम और बहन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कैबिनेट मंत्री नंदी पर 5 करोड़ रुपए लेने का खुला आरोप लगाया था। नंदी ने इसका खंडन भी किया। महापौर चुनाव के दौरान नदी के इस रवैये को पार्टी किस रूप में लेगी, यह देखने वाली बात होगी। कुछ लोग इस विरोध को दबाव की राजनीति के रूप में भी ले रहे हैं।

## संक्षेप

### महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में अक्षय तृतीया पर्व का आयोजन



**नैनी।** महर्षि विश्व शांति आंदोलन की इकाई सहस्त्र शीर्षा पुरूषा मण्डल के स्थापना दिवस एवं अक्षय तृतीया पावन पर्व का आयोजन महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल दूरवाणी नगर नैनी प्रयागराज में प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला के कुशल नेतृत्व में किया गया । कार्यक्रम में सर्व प्रथम प्रधानाचार्या ने अक्षय ध्वज पताका को फहराकर गति प्रदान किया । कार्यक्रम का शुभारंम्भ परमपूज्य श्री गुरू देव ब्रह्मानन्द सरस्वती जी के वैदिक परंपरानुसार पूजन झ्रअर्चन से हूआ । द्वितीय श्रृंखला में प्रधानाचार्या ने स्वस्ति वाचन के साथ दीप प्रज्जवलन कर वैदिक गति दिया । तत्पश्चात अक्षय तृतीया पावन पर्व के इस शुभ अवसर पर सहस्र शीर्षा पुरूषा मण्डल द्वारा भक्ति गीत श्रीरामस्तुति ,हनुमान चालीसा आदि विविध कार्यक्रमों की प्रस्तुति करण किया गया । शस्त्रीय मान्यता के अनुसार अक्षय तृतीया प्रति वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को पावन पर्व के रूप में पूरे भारत वर्ष में मनाया जाता हैं, जिसका हिन्दू धर्म में अत्यन्त महत्व हैं। यह एक ऐसी तिथि हैं, जिसमें किया गया कोई भी शुभ कार्य , स्नान ,दान आदि का कभी भी क्षय नहीं होता । प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला ने बताया, कि आज के दिन संस्था अध्यक्ष ब्रह्मचारी डॉ . गिरीश चन्द्र वर्मा जी के कुशल मार्ग दर्शन में भोपाल में अक्षय तृतीया का भव्य आयोजन किया गया है, जिसमें वैदिक विद्वानों एवं महर्षि विद्या मन्दिर के सहस्त्रशीर्षा पुरूषा मण्डल ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए । प्रधानाचार्या ने अपने उद्बोधन में अक्षय तृतीया पावन पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, कि अक्षय तृतीया का पर्व बसंत और ग्रीष्म के संधिकाल का महोत्सव है । इस तिथि में गंगा स्नान, पितरों का तिल व जल से तर्पण , दान होम , पूजा अर्चन पूर्ण विश्वास से किया जाता है, जिसका फल भी अक्षय होता है । इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है, क्योंकि सतयुग का कल्पभेद से त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि से हुआ है ।
भारत के महान सपूत एवं विश्व के महानतम चेतना वैज्ञानिक महर्षि महेश योगी जी की प्रेरणा से उनके परम शिष्य ब्रह्मचारी गिरीशजी द्वारा प्रतिष्ठापित ह्यसहस्त्रशीर्षा पुरूषा मण्डलह्व की स्थापना अक्षय तृतीया के शुभ पर्व पर वर्ष 2014 में ही की गई थी । अन्त में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान, किया जागरूक



**नैनी।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज के सौजन्य से पिछले पांच वर्षों से चलाएं जा रहे निरंतर जागरूकता स्वच्छता अभियान की कड़ी में रविवार को कार्यक्रम अधिकारी आत्म प्रकाश यादव के नेतृत्व में श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर आमजन मानस, दर्शनार्थियों एवं शिवभक्तों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। पदाधिकारी महेश यादव ने कहा कि निरंतर सरस्वती परिवार द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान से लोग जागरूक हुए हैं, पहले की अपेक्षा अब गंदगी कम मात्रा में दिखायी पड़ती है। कार्यक्रम में सर्वश्री संतोष तिवारी, कुंवर जी तिवारी, सुनील मिश्रा,धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, संदीप सिंह, महेश प्रसाद केसरवानी, सुनील कुशवाहा,डां एस.बी.यादव, ऋषि दीक्षित,रवि पटेल, बब्रुवाहन सिंह, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, संदीप कुमार सिंह, धीरज कुमार राजवानी, सौरभ यादव, गौरव यादव, आर्यन यादव, आदर्श पाल,शनि यादव, कुंवर अलख प्रताप सिंह, राम वचन,तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### बाइक खड़ी करके काम से गया व्यक्ति वापस आते ही बाइक चोरी

**मऊआइमा।** एक व्यक्ति बाइक खडी करके थोडी देर के लिए काम से गया जैसे वापस लौटा बाइक नदारद थी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। होलागढ़ के पूरनपुर खरगापुर निवासी संतोष कुमार पुत्र बृजलाल अपनी बाइक से मऊआइमा के हरखपुर जरूरी काम से आया था। संतोष कुमार के अनुसार हरखपुर चौराहे पर बाइक खड़ी करके लॉक कर जरुरी काम से चला गया। जब वापस लौटा तो बाइक गायब थी। संतोष कुमार ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।

### मऊआइमा कस्बा में लगा ईद का टर्र मेला, भीड़ उमड़ी पुलिस व्यवस्था चुस्त



**मऊ आइमा।** मऊआइमा में ईद के दिन से तीन दिनों तक टर्र का मेला लगता है। जिसमें भारी भीड़ उमड़ पड़ती है।इस बार महिला, पुरुष कांस्टेबलों की सख्त पहरा थी। मऊआइमा कस्बा में ईद के प्रथम दिन सुबह ईदगाह पर मेला लगता है जबकि दूसरी समय सदरबाजार में मेला लगता है यह लगातार तीन दिनों तक रहता है। जिसमें फाफामऊ, सोरांव, प्रतापगढ़ जिले के आस पास सैकड़ों गांव से लोग परिवार के साथ मेला देखने झूला झूलने आते हैं। पुलिस चुनौंटा कुआं एंव तीन बत्ती का रास्ता लॉक कर देती है। केवल पैदल ही लोग जाते हैं जहां हजारों की भीड़ रहती है।

### ईद की नमाज अदा कर मांगी गई देश की सलामती की दुआ



**झूंसी।** ईदगाह एवं मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर देश के सलामती की दुआ मांगी गई। एक दिन पूर्व शुक्रवार को क्षेत्र के बाजारों में भीड़ रही और लोगों ने पर्व से जुड़ी वस्तुओं की खरीदारी की। नमाज अदा कराई। एक दिन पूर्व ईदगाह व उसके आसपास सफाई कराई। इसी तरह क्षेत्र के स्थित ईदगाह एवं मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई।शनिवार को ईद पूरी अकीदत के साथ मनाई गई। ईद के पर्व पर झुंसी के मुस्लिम बहुल इलाकों में सुबह से देर रात तक चहल-पहल रही। बच्चों से लेकर बड़ों ने ईद के मौके पर मस्जिद में नमाज अदा करते अकीदतमंद। नए कपड़े पहनकर एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद की नमाज पर आज सुबह तकरीबन साढ़े आठ बजे क्षेत्र की मस्जिदों में अदा की गई। नमाज में पुरुषों के अलावा बच्चे भी शामिल हुए। नई झुंसी स्थित ईदगाह चलता रहा।में अकीदतमंदों ने शिरकत की। पुरानी झंसी, हवेलिया, कनिहार, मलावां खुर्द एवं बुजुर्ग, बहादुरपुर कछार, रहिमापुर आदि में ईद की नमाज अदा की गई। इसके बाद शुरू हुआ लजीज सेवइयों का दौर देर शाम तक चलता रहा है।

## ईदगाह में नमाजियों पर पथराव के बाद मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में दबिश जारी

### मऊआइमा के मऊदोस्तपुर में आपसी, भाईचारा कायम, सौहार्द कायम

**मऊआइमा।** मऊआइमा के मऊदोस्तपुर स्थित शनिवार को नमाज के दौरान शरारती तत्वों ने ईट पथर चलाए थे। जिसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। किसी प्रकार का कोई तनाव नहीं है। अलबत्ता दूसरे दिन भी पुलिस आरोपियों की तलाश में सुरागरसी में लगी रही।

बता दें कि शनिवार को ईदुल फितर पर मऊआइमा के मऊदोस्तपुर स्थित ईदगाह में नमाज के दौरान कतिपय शरारती तत्वों ने ईट पथर चलाए थे। जिससे एक किशोर जख्मी हो गया था। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों एंव कस्बा चौकी प्रभारी संजय मौर्या ने नमाजियों में मची अफरा तफरी को शांत करा कर एक को हिरासत में ले लिया था। पुलिस ने तीन नामजद एक दर्जन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। तकरीर, दुआएं के बाद कस्बा चौकी प्रभारी संजय मौर्या ने बडी अनहोनी घटना को बचाते हुए नमाजियों को समझाए। तथा आरोपियों की शिनाख्त और धरपकड़ तेज कर दी है। जिससे इलाके में शांति का माहौल व्याप्त है। ईद के दूसरे दिन भी पुलिस आरोपियों को सुरागरसी में लगी रही। दोनों सामुदायों में सौहार्द का माहौल व्याप्त है। हालांकि पथर मारने वाले शरारती तत्वों की हिन्दू समाज के बुजुर्गों ने निंदा करते हुए कहे कि नमाज देखते देखते बुढापा आ गया परन्तु आज तक ईदगाह ऐसी घटना कभी नहीं हुई थी।

### सरहद से सटे थानेदारों संघ नवाबगंज पुलिस ने की बैठक

**लालगोपालगंज।** 4 मई को होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर थाना अध्यक्ष नवाबगंज अनूप सिंह जनपद से सटे थानेदारो के साथ संयुक्त बैठक किया। स्थानीय कस्बे में नगर निकाय चुनाव की सरगर्मी बढ़ते ही नवाबगंज पुलिस सख्त है आयोजित बैठक में थानाध्यक्ष नवाबगंज ने बताया कि हम सभी लोग चुनाव आयोग के आधीन हैं इसलिए आयोग के निदेर्शों का पूरी सख्ती से पालन कराते हुए सकुशल चुनाव संपन्न कराया जाए। प्रतापगढ़ जनपद के मौजूद कई थानेदारों से नवाबगंज पुलिस ने अपील किया कि गैर जनपद से आकर माहौल खराब करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी बाघराय और हथिगवा थाने की पुलिस का सहयोग महत्वपूर्ण है एसओ नवाबगंज अनूप सिंह ने बताया कि मतदाता किसी भी राजनीतिक दल के दबाव में ना आए मतदान स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। गैर जनपद से आकर इलाके में अराजकता फैला कर माहौल खराब करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी चौकी प्रभारी सूर्य प्रकाश दुबे मतदाताओं से निर्भीक एवं निडर होकर मतदान करने की अपील किया है।

## सपा के दर्जन भर क्षेत्रीय कार्यालयों का आज हुआ उद्घाटन

**उद्घाटन**

### मेयर प्रत्याशी अजय श्रीवास्तव ने काटा फीता

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के घोषित पार्षद उम्मीदवारों के आज दर्जन भर से अधिक क्षेत्रीय कार्यालयों का उद्घाटन मेयर प्रत्याशी अजय कुमार श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। नगर निगम क्षेत्र के तेलियर गंज में सुनीता यादव, गोविंदपुर में आशीष पाल, सलोरी में अलोक दूबे, बड़ी बगिया में हिमांशु कुमार, सादियाबाद में मकसूद आलम, हवेलिया में राजेश यादव, कनिहार में पूरन पासी, मुंडेरा में मोहरी राय, ट्रांसपोर्ट नगर में रंजना यादव, जयंती पुर में रीता मौर्या, मामफोर्ड गंज आदि मोहल्लों में आज समाजवादी पार्टी के घोषित प्रत्याशियों के क्षेत्रीय कार्यालय खोले गए।



सपा कार्यालय पर उपस्थित सपाई

इस मौके पर सपा के मेयर प्रत्याशी अजय कुमार श्रीवास्तव ने दावा किया कि अबकी बार सपा के सर्वाधिक. पार्षद प्रत्याशी जीत हासिल कर नगर निगम में पहुंचेंगे।उन्होंने सभी पार्षद प्रत्याशियों को विजई बनाने की अपील करते हुए यह भी कहा कि उनकी स्वयं की जीत भी आम जनता की जीत होगी। दावा किया कि प्रयागराज की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है और नगर निगम में समाजवादी सरकार होगी।

इस मौके पर पार्षद प्रत्याशियों के साथ प्रमुख रूप से संदीप यादव, हरिओम साहू, अखिलेश गुप्ता, सचिन श्रीवास्तव, आदिल हमजा, महावीर यादव, मयंक यादव जोंटी, रविन्द्र यादव, कमला यादव, सचिन यादव आदि नेतागण मौजूद रहे।

## पैसे ना देने पर ब्लैकमेल कर महिला ने अधिवक्ता को फर्जी मुकदमे में फंसाया

**प्रयागराज।** सभासद नगर राजरूपपुर थाना धूमनगंज क्षेत्र का मामला सामने आया। पीड़ित अधिवक्ता रण विजय सिंह पुलिस आयुक्त प्रयागराज कमिश्नरेट से न्याय की गुहार लगाई। दरअसल मामला एक मकान से सम्बंधित है जिसे पीड़ित रण विजय सिंह ने आपने जूनियर अधिवक्ता मो० शाकिर के साथ मिलकर बीस लाख रूपए में सौदा तय किया था। मकान मालिक खुर्शीद अहमद पुत्र स्व० अजीन उल्ला व मोनिश परवेज अंसारी पुत्र परवेज अख्तर अंसारी स्व० निवासी नूरुल्ला रोड के रहने वाले है मकान मालिकों से खरीदार रण विजय सिंह व मो आशिफ ने चेक के माध्यम से पंद्रह लाख रूपए दिये थे औ? कुछ शेष राशि पांच लाख बैनामा करने के वक्त अदा करने को कहा गया था। पीड़ित का आरोप है की इसी बीच एक जरायम पेशा महिला जिसका नाम स्वेता शर्मा है वह अपने आपको मोनिश की पत्नी बताते हुए मोनिश परवेज अंसारी को ब्लैकमेल करने लगी तथा ब्लैकमेल कर गुण्डा टैक्स मांग रही थी पैसे ना देने पर खरीदार सहित कई लोगों को भी फर्जी मुकदमे में फसा दिया। पीड़ित अधिवक्ता ने बताया की महिला बार-बार अपने निजी स्वार्थ के लिए खुर्शीद अहमद के विरूद्ध एस0टी0नं0- 559/2014, अ0सं0- 157/2014 धारा-302 आई०पी०सी० जो थाना करैली, प्रयागराज में चल रहे मुकदमें के गवाह को जो अधिवक्ता रणविजय सिंह के का मुवक्किल है उसे सुलह करवाने के लिए दबाव बना रही थी औ? कहा अगर सुलह नहीं करोगे तो बैनामा नहीं होने दूंगी। सबको फर्जी मुकदमे में फसा दूंगी। बात नहीं बनी तो, महिला ने षड्यंत्र रखकर थाना करेली में करैली में धारा 420, 506,448,427,406 आई०पी०सी० में दर्ज मामला दर्ज करवा दिया है। पीड़ित अधिवक्ता न्याय के लिए भटक रहा है। अधिवक्ता संघ में फर्जी मुकदमा वकील पर दर्ज होने से नाराजगी जताई। पीड़ित व्यक्ति ने थाना करैली में दर्ज अपराध की निष्पक्ष विवेचना करने के लिए पुलिस आयुक्त प्रयागराज गुहार लगाई औ? निर्दोष व्यक्तियों को न्याय दिलाने कहा। वही इस प्रकरण को गंभीरता से देखते हुए जिला अधिवक्ता संघ ने पुलिस कमिश्नर प्रयागराज को निष्पक्ष जांच कर मामले को अपास्त किए जाने थानाध्यक्ष को एफ.आर लगाये जाने आदेशित करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। हालांकि अभी तक पुलिस द्वारा पीड़ित को कोई सहायता नहीं मिली।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित किया गया जन जागरूकता कार्यक्रम

**प्रयागराज ।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज नमामि गंगे युवाओं की सहभागिता के अंतर्गत संगम तट पर जन जगरूकता व स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया ' कार्यक्रम में नमामि गंगे जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह , स्पेयरहेड लीडर्स निर्मलकांत, रोहित, रूपशंकर, गंगा दूत गगन ,शिवम उपस्थित रहे ' कार्यक्रम में टीम ने गंगा के तट पर सफाई अभियान चलाया और नारे लगा कर रैली के माध्यम से जागरूकता की ' जिला परियोजना अधिकारी ने बताया विश्व पृथ्वी दिवस का बहुत महत्व है, ब्रह्मांड में पृथ्वी गृह को छोड़कर अन्य किसी गृह पर जीवन नहीं है। घटती हरियाली, सूखता पानी,पिघलते ग्लेशियर, बढ़ता तापमान इत्यादि विषयों की वास्तविकता से हम अवगत होते है ' यह हम सब की जिम्मेदारी है कुछ न कुछ ऐसा करें जिससे पृथ्वी के, उसके प्राकृतिक संसाधनों के, उसके जीव जंतुओं के संरक्षण के लिए कुछ जागरूकता बढ़े। हर साल पृथ्वी दिवस को अलग अलग

## संत निरंकारी मिशन द्वारा विश्वव्यापी रक्तदान श्रृंखलाओं का आयोजन आज





**प्रयागराज।** मानवता के मसीहा बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में दिनांक 24 अप्रैल के दिन संपूर्ण निरंकारी जगत द्वारा 'मानव एकता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिन निरंकारी मिशन द्वारा देश एवं दूर देशों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानव कल्याण हेतु संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा प्रयागराज सहित भारतवर्ष में स्थापित निरंकारी मिशन की सभी जोन में रक्तदान शिविर जैसे महाअभियान का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी रक्तदाता स्वैच्छा पूर्वक सम्मिलित होकर पूरे जोश एवं उत्साह से रक्तदान करेंगे।

प्रयागराज में रक्तदान शिविर का आयोजन प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक बैरहना स्थित निरंकारी सत्संग भवन में किया जाएगा। उक्त जानकारी स्थानीय जोनल इंचार्ज श्री अशोक कुमार सचदेव जी ने दी।

## संक्षेप

### गोविंदपुर में टूटी नालियों की मरम्मत की मांग

**कौशाम्बी।** कड़ा ब्लष्क के गोविंदपुर गांव में जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा है। नालियां टूट गई हैं। नालियों का पानी रास्ते में जमा रहता है। ऐसे में लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि षिकायत के बाद भी गांव की गलियों के साथ टूटी नालियों को ठीक नहीं कराया जा रहा है। जिसे लेकर ग्रामीणों में गुस्सा है।

### सफाई न होने से लगा गंदगी का अंबार

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के हसनपुर में सफाईकर्मी के नियमित नहीं आने से गांव में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा है। इससे नालियां पूरी तरह से चोक हैं। ऐसे में लोगों के घरों का गंदा पानी रास्ते में जमा रहता है। लोगों को आवगमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सफाई कर्मी के नियमित गांव नहीं आने से लोगों में संक्रमण बीमारी फैलने का भय बना हुआ है।

# निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव सम्पन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता

**बैठक**

**कलक्ट्रेट में उम्मीदवारों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया बैठक**

**प्रचार वाहन व चौपाल आदि कार्यक्रमों की ली जाए अनुमति**





चुनावी उम्मीदवारों के साथ बैठक तरके प्रशासनिक अफसर व बैठक में मौजूद सभी दल व निर्दल उम्मीदवार

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार ने नगर निकाय चुनाव प्रक्रिया में पार्टी व निर्दल चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के साथ बैठक किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव आयोग के गाइड लाइन का पालन करते हुए आचार संहिता का शतप्रशित पालन करने की जहां अपील किया वहीं साफ कहा कि यदि इसमें लापरवाही हुई तो कहीं न कहीं प्रशासन सम्बंधितों के खिलाफ कार्यवाही करेगा।

वहीं यह भी कहा कि निर्वाचन निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होनें उम्मीदवारों से कहा कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। किसी भी स्तर पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न किया जाय। चुनाव प्रचार वाहन, सभा तथा चैपाल आदि के लिए संबंधित उप जिलाधिकारियों से अनुमति अवश्य प्राप्त कर लिया जाय, नियमानुसार अनुमति प्रदान की जायेंगी। मतदान कर्मियों को प्रभावित करने कार्य न किया जाय। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान के दिन एजेंट नियुक्त करने से संबंधित विस्तृत जानकारी दी तथा प्रत्याशियों की समस्याओं जिज्ञासाओं को सुनकर समाधान किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयचंद पाण्डेय ने आदर्श आचार संहिता की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किसी अन्य राजनीतिक दल उम्मीदवार या उसके समर्थक का पुतला लेकर चलने, उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर जलाने अथवा इस प्रकार के अन्य कृत्य व प्रदर्शन नहीं करेंगे, न हीं इसका समर्थन करेंगे। निर्धारित व्यय सीमा से अधिक व्यय नहीं करेंगे। किसी भी उम्मीदवार या उम्मीदवारों के राजनीतिक विचारों या कृत्यों से असहमति एवं मतभिन्नता होते हुए भी प्रत्येक व्यक्ति के शांतिपूर्ण विघ्नरहित पारिवारिक जीवन के अधिकार का आदर किया जाएगा। किसी व्यक्ति के विचार मत कृत्य का विरोध, उसके निवास के सामने कोई भी प्रदर्शन या धरना आयोजित करके नही किया जाएगा। चुनाव प्रचार के लिए किसी व्यक्ति की भूमि भवन अहाते दीवार का उपयोग झंडा लगाने झंडिया टॉगने बैनर लगाने जैसे कार्य उस व्यक्ति की अनुमति के बिना नहीं किया जाएगा और न ही अपने चुनाव कार्यकताओं एजेन्ट को ऐसा करने देंगे। किसी भी शासकीय सार्वजनिक संपत्ति/ स्थल/ भवन/ परिसर मेंध्पर विज्ञापन, वॉल राइटिंग नहीं करेंगे, कटआउट होर्डिंग बैनर आदि नहीं लगाएंगे और ना ही किसी प्रकार से गंदा करेंगे। अन्य उम्मीदवार के पक्ष में आचार संहिता का उल्लंघन कर लगाए गए झंडे या पोस्टरों को स्वयं न हटाकर, उन्हें हटाने तथा नियम संगत कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन से अनुरोध किया जाएगा। चुनाव प्रचार के लिए वाहनों के प्रयोग के लिए जिला प्रशासन से अनुमति प्राप्त की जाएगी। चुनाव प्रचार हेतु लाउडस्पीकर एवं साउंड बॉक्स का प्रयोग पूवार्नुमति लेकर ही करेंगे और इनका प्रयोग रात 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। स्थायी तौर पर लाउडस्पीकर एवं साउण्ड बाक्स नही स्थापित किया जाएंगा। टीवी चैनल केबिल नेटवर्क वीडियो वाहन अथवा रेडियो से किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रचार जिला प्रशासन की अनुमति के पश्चात ही किया जाएगा। कोई भी मुद्रक या प्रकाशक या कोई व्यक्ति ऐसी कोई निर्वाचनध्प्रचार सामाग्री, जिसके मुख पृष्ठ पर उसके मुद्रक व प्रकाशक का नाम और पता न हो, मुद्रित या प्रकाशित नही करेगा और न ही मुद्रित या प्रकाशित कराएगा। मुद्रण के अंतर्गत फोटोकॉपी भी सम्मिलित होगी। किसी भी व्यक्ति द्वारा राजनैतिक दलों/प्रत्याशियों की अनुमति के बिना उनके पक्ष में निर्वाचन विज्ञापन या प्रचार सामग्री प्रकाशित नहीं करायी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता है तो उसका यह कृत्य भारतीय दंड संहिता की धारा 171-एच के अंतर्गत दंडनीय होगा।

## साथी ने युवक पर फेंकी खौलती चाय, जख्मी

**कौशाम्बी।** कोतवाली कौशाम्बी थाना क्षेत्र के भीखागर्ग का पुरवा गांव के समीप चाय की दुकान में साथी ने युवक पर खौलती चाय फेंक दिया। हमले में युवक झुलस गया। पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। भीखागर्ग का पुरवा निवासी गुड्डु का गांव के ही बबलू से पुराना विवाद चल रहा है। कहासुनी के दौरान आरोपित बबलू ने चाय की दुकान पर खौलती चाय गुड्डु के ऊपर फेंक दिया। इसमें युवक गंभीर रूप से झुलस गया। लोगों ने बीच-बचाव करते हुए जख्मी युवक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए पीड़ित की तहरीर पर आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# आम के बागवानों की बढ़ रही चिंता

## समय से पहले गिर रहे आम, नुकसान होने से चिंतित किसान



**कौशाम्बी।** फलों का राजा कहे जाने वाले आम के दोआबा में तरह-तरह के किस्मों के बाग हैं। इनसे निकलने वाले आम देश के कोने-कोने में अपनी मिठास का डंका बजाते हैं। इसका जायका जिले के लोगों को भी मिलता है, लेकिन इस बार दोआबा में आम आदमी की पहुंच से आम दूर होता नजर आ रहा है। दो दिन आई आंधी से बागों में दिख रहे 40 फीसदी आम के फल तैयार होने से पहले गिर गए हैं। इससे बागवानों के चेहरों में मायूसी दिखने लगी है।

दोआबा में तरह-तरह किस्म के आम के बाग लगभग दस हजार बीघा में है। अकेले कड़ा ब्लॉक क्षेत्र में लगभग एक हजार बीघे में जायके के लिए मशहूर फजली, दशहरी और लंगड़ा की बाग है। इस वर्ष 80 फीसदी आम की फसल अप्रैल के पहले पखवारे तक बची थी। बागों में फलों को देख बागवान अच्छी कमाई होने का सपना देख रहे थे। पेड़ों में फलों को देख यह माना जा रहा था कि इस साल आम का जायका आम आदमी भी ले सकेगा। उनके इस मंसूबे पर पानी फिरता दिख रहा है। दो दिन आई आंधी से पेड़ों में लगे 40 फीसदी फल टूट कर गिर गए हैं। इन फलों के गिरने से बागवानों को फूटी कौड़ी नहीं मिली और उनकी कमाई के मंसूबों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। फलों की पैदावार घटने आम की कीमतों में भारी उछाल आना भी तय हो गया है।

## आरोग्य मेले में 1027 मरीजों का हुआ इलाज

**कौशाम्बी।** जिले की सीएचसी व पीएचसी में रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेला लगा। मेले में 17 गंभीर रोगियों को जिला अस्पताल भेजा गया। इसके अलावा 27 पात्रों के गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। रविवार को जिले भर के पीएचसी, सीएचसी में आयोजित स्वास्थ्य मेले में 1027 रोगियों ने इलाज कराया। मेले में आये 17 गंभीर रोगियों को डॉक्टरों ने संयुक्त जिला अस्पताल भेज दिया है। इसके अलावा 27 पात्रों का मेले में गोल्डन कार्ड भी बनाया गया। मेले का निरीक्षण करने के लिए निकले सीएमओ डॉ. सुष्पेंद्र कुमार सबसे पहले नवीन स्वास्थ्य केंद्र जुगराजपुर पहुंचे। यहां पर उन्होंने मरीजों से इलाज में आने वाली समस्याओं के बारे में पूछा। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनैली, नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरखास, नेवादा का निरीक्षण किया। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हिंद प्रकाश मणि, डॉ. केडी सिंह भी पीएचसी, सीएचसी का दिनभर भ्रमण करते रहे।

# निकाय चुनाव : बूथों पर नहीं हैं इंतजाम, कैसे होगा मतदान




**कौशाम्बी।** जनपद में 122 मतदान केंद्र व 302 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। इनमें से कई ऐसे पोलिंग बूथ हैं, जहां मतदान कार्मिकों के लिए इंतजाम ही नहीं है। चार ऐसे पोलिंग बूथों को चिह्नित किया गया है, जहां मतदान कार्मिकों के लिए सुविधाएं नहीं है। यदि समय रहते इंतजाम न हुए तो पोलिंग पार्टियों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। सबसे ज्यादा महिला कर्मियों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। बूथों में रैंप, शौचालय, इंटरनेट आदि की व्यवस्था नहीं है। अधिकारियों ने पोलिंग बूथों की जांच शुरू की तो यह खामियां सामने आई। इसकी रिपोर्ट जिम्मेदार अफसरों को भेजी गई तो उनका माथा ठनका। मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों ने पोलिंग बूथ की जरूरतों के हिसाब से सारे इंतजाम करने का निर्देश नगर पंचायत व नगर पालिका के जिम्मेदारों को दिया है।

प्राथमिक विद्यालय अजुहा (प्रथम) को पोलिंग बूथ बनाया गया है। यहां मतदान कार्मिक चुनाव कराने आएंगे तो उन्हें तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। अधिकारियों ने जांच की तो पता चला कि सेंटर में रैंप नहीं है, शौचालय पूर्ण नहीं है, इंटरलॉकिंग बिखरी पड़ी है। इसके अलावा सफाई नहीं है। अधिकारियों ने समस्या को गंभीरता से लिया है। शौचालय पूर्ण न होने पर सबसे ज्यादा नाराजगी जाहिर की गई है।पोलिंग बूथ हनुमान इंटर कॉलेज में भी व्यवस्थाएं चाक-चैबंद नहीं है। जांच में तमाम खामियां यहां भी मिली हैं। इस बूथ पर भी रैंप नहीं है। आने वाले दिव्यांगों को मतदान में दिक्कत होगी। इसके अलावा पंखा की व्यवस्था नहीं है। मतदान कार्मिक कैसे इस भीषण गर्मी में बिना पंखे के मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराएंगे, इसका अंदाजा ही लगाया जा सकता है। इसके अलावा बूथ में पक्की फर्श तक नहीं है।

### युवती अगवा, एसपी से की शिकायत

**कौशाम्बी।** कोतवाली कौशाम्बी क्षेत्र के एक गांव की युवती को मोहल्ले के युवक ने पखवाड़ा भर पहले बहाने से नशीला पदार्थ खिला दिया। इसके बाद उसे अगवा कर लिया। युवती के अचानक लापता होने की जानकारी परिजनों को हुई तो वे अवाक रह गए। खोजबीन करने के बाद दौरान घटना की जानकारी हुई। इसके बाद पीड़ित परिवार ने विरोध किया तो आरोपित के परिजनों ने धमकी दी कि उसकी बेटी को जबरन रख लिया है। ज्यादा बोलेगे तो अंजाम ठीक नहीं होगा। जानलेवा धमकी के बाद पीड़ित ने थाने में मामले की शिकायत थाने में की। आरोप है कि नामजद तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित पिता ने रविवार को मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है।

### किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी शनिवार की शाम संदिग्ध दशा में घर से लापता हो गई। किशोरी के लापता होने की जानकारी परिजनों को चली तो खोजबीन शुरू की पर कहीं पता नहीं चल सका। देर शाम पीड़ित पिता थाने पहुंचा और मामले की नामजद शिकायत की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# एक अदद आवास को भटक रहे पात्र गरीब



गरीबों का कच्चानुमा आसियाना

**दारानगर, कौशाम्बी।** स्थानीय नगर पंचायत दारागनर कड़ाधाम अंतर्गत कई वार्ड ऐसे हैं जहां लोगों की गरीबी देखते बनती है। माना जा रहा है कि ऐसे लोग किसी तरह मेहनत मजदूरी का परिवार का पालन पोषण करते हैं। यदि इनके दिलों में छिपे दर्द को बयां करें तो कहा जा रहा है कि पात्र होने के बाद भी उन्हें एक अदद आवास का लाभ मिल पाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में वह लोग गर्मी, ठंडी या फिर बरसात के दिनों में उसी कच्चेनुमा आशियाने में जीवन यापन करने को विवश रहते हैं।

यदि जिक्र करें तिलक नगर वार्ड नंबर एक की तो यहां के तमाम ऐसे लोग हैं जो अर्से से कच्चानुमा आशियाने में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। हालांकि यहां बताना जरूरी होगा कि अभी हाल में दारानगर कड़ाधाम नगर पंचायत बनी हैं। ऐसे में इस बार वहां पर नगर पंचायत का चुनाव भी हो रहा है। लेकिन गरीबों का आरोप है कि इसके पहले भी उन लोगों ने सरकारी आवास योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन किया है लेकिन जिम्मेदारों अनदेखी कह लिया जाए या फिर लापरवाही पात्र आवास योजना का लाभ पाने के लिए आज भी भटकने को मजबूर हैं। इधर चुनावी सरगर्मी तेज होने से मुहल्ले वार्ड में वोट मांगने के लिए नेताओं की लाइन रहती है। ऐसे में गरीब पात्र लोग एक अदद आवास के लिए अपील भी करते देखे जा रहे हैं।

## घर में चढ़ परिवार की पिटाई

**चरवा, कौशाम्बी।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत राजेंद्र नगर उर्फ भिखारी का पूरा गांव की एक महिला ने कोतवलाी पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ दबंग किस्म के लोग उसके घर पर चढ़कर मारपीट किया। इतना ही नहीं उसके बेटे को कुएं में फेंकने का भी प्रयास किया।

शिकायतकर्ता संगीता देवी पत्नी अवधनारायन का पड़ोसियों से विवाद है। आरोप है कि खेत में बकरी चली जाने के कारण पड़ोसियों ने महिला ने गाली गलौज का झूठा आरोप लगाते हुए गाली गलौज किया। इतना ही नहीं उसके घर पर चढ़कर मारपीट की घटना को भी अंजाम दिया। महिला ने बीच बचाव को किया उसके एक बेटे को पकड़कर कुएं में फेंकने का भी प्रयास किया गया। हालांकि पीड़िता ने घटना की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दिया है। वहीं तहरीर मिलने के बाद पुलिस प्रकरण की जांच में जुट गई थी।

## पानी के विवाद में साथियों ने भट्ठा मजदूर को पीटा

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के अकबरपुर ईंट भट्ठे में पानी पीने के विवाद में साथियों ने भट्ठा मजदूर को पीट दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल मजदूर का प्राथमिक उपचार कराने के बाद तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। टीकमगढ़ जिले पल्लेरा गांव का मुमताज मजदूर है। इन दिनों वह पिपरी के अकबर गांव के समीप ईंट भट्ठे में मजदूर कर रहा है। बताया जा रहा है कि रविवार की शाम पानी पीने को लेकर भट्ठे में काम क रहे बुंदल से विवाद हो गया। तीखी झड़प के बाद बुंदल ने साथी रवि, रामबाबू व सदलू के साथ मिल मुमताज को पीट दिया। भट्ठा मजदूरों के बीच मारपीट देख आस-पास मौजूद लोग पहुंचे। बीच-बचाव करते हुए लोगों ने मामला शांत कराया। इसके बाद आरोपित हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल का प्राथमिक उपचार कराने के बाद तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### अपनों की प्रताड़ना से परेशान विधवा मां

**चरवा, कौशाम्बी।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत सिरियांवा कला गांव की निवासिनी एक विधवा महिला ने अपने बेटे व बहू पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए तहरीर कोतवाली पुलिस को सौंपा है। दिए गए तहरीर में पीड़िता ने बताया कि उसके पति की बीमारी के चलते तकरीबन बारह वर्ष पहले मौत हो गई थी। हालांकि उसके छह पुत्र हैं। जिसमें चार लड़कों की शादी हो गई है। एक लड़का जिसे आवास योजना मा लाभ मिला है। आरोप है कि वह और उसकी पत्नी विधवा मां को परेशान करते हैं और जहां वह रहती है वहां भी कब्जा करना चाह रहे हैं। हालांकि पीड़िता की तहरीर पर पुलिस जांच शुरू कर दी थी।

## दबंगों ने युवक को पीटकर किया जख्मी

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के केवटरहा गांव में रविवार को दबंगों ने पड़ोसी युवक को पीट दिया। दोनों परिवार के बीच जमीनी विवाद चल रहा था। पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराते हुए तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। केवटरहा निवासी शिवकरन का पट्टीदार से जमीन का विवाद चल रहा है। दोनों के बीच कई बार कहासुनी हो चुकी है। रविवार को कहासुनी के बाद पड़ोसी ने साथी के साथ मिल घर के बाहर बैठे शिवकरन को पीट दिया। युवक को पिटता देख घर-परिवार के साथ गांव के अन्य लोग घटना स्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने घायल युवक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद देर शाम पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपित रामबाबू समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## दबंगों ने ढहा दी झोपड़ी विरोध करने पर पीटा

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के महेंद्र गांव में पड़ोसी गांव के दबंगों ने अधेड़ की झोपड़ी को जमींदोज कर दिया। झोपड़ी गिराने का विरोध करने पर आरोपित ने अधेड़ को पीटते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने घायल का प्राथमिक उपचार कराने के बाद चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

महेन्द्र गांव निवासी भुल्लन का पड़ोसी गांव सादिकपुर सेमरहा के प्रदीप सिंह से जमीन का विवाद चल रहा है। बताया कि आरोपित ने साथियों के साथ मिल झोपड़ी गिरा दी। उसने विरोध किया तो आरोपित ने बेटे और मददगारों के साथ मिलकर पिटाई कर दी। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। देर शाम पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए आरोपित प्रदीप सिंह, संदीप सिंह, जय नारायण समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## पड़ोसी ने युवक से की मारपीट

**कौशाम्बी।** कोतवाली कौशाम्बी क्षेत्र के नौहाई निवासी रामबनी पाल का पड़ोसी से रविवार को विवाद हो गया। तीखी झड़प के बाद आरोपित ने रामबनी को पीट दिया। पड़ोसी के साथ मारपीट देख मोहल्ले के अन्य लोगों ने बीच-बचाव करते हुए मामला शांत कराया। पुलिस ने पीड़ित का प्राथमिक उपचार कराने के बाद आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## मजदूरी की रकम मांगने पर ठेकेदार ने दिया जान से मारने की धमकी

**चरवा, कौशाम्बी।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत रामदयालपुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह एक मजदूर किस्म का व्यक्ति है। उसने पिछले दिनों मजदूरी का काम किया। अब जब वह ठेकेदार से अपनी मजदूरी का भुगतान मांग रहा है तो वह तमाम तरह की चमकाई धमकाईयां दे रहा है। शिकायतकर्ता मान सिंह पुत्र स्व. सुन्दर सिंह के मुताबिक वह दर्जन भर से अधिक मजदूरों को लेकर ठेकेदार आशीष कुमार निवासी धाता की साइड चकसहब्दी पुर थाना करारी में नाली निर्माण का कार्य किया है। आरोप है कि निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद भी ठेकेदार ने मजदूरों की मजदूरी नहीं दिया। अब जब मजदूर मेहनताना का भुगतान मांग रहे है तो ठेकेदार जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस जांच में जुट गई है।

# खाकी की अनदेखी, फर्राटा भर रहे ओवर लोड बालू लदे वाहन



फर्राटा भरते बालू लदे ओवर लोड वाहन

**कौशाम्बी।** सड़कों पर इन दिनों बालू लदे ओवर लोड वाहनों की कतार देखी जा सकती है। सबसे ज्यादा वाहनों की संख्या रात्रि के समय बढ़ जाती है। हालांकि उस समय भी खाकी की पैनी निगाह रहती है लेकिन बावजूद सेटिंग गेटिंग का जो फामुर्ला है उसमें ऐसे वाहन चालक सफल हो जाते हैं।

बात करें पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कटरी रोड की तो इस क्षेत्र में बालू घाट का संचालन है। घाट से ओवर लोड बालू लादकर रात्रि के अंधेरे में डंपर, ट्रक फरार्टा भरते हैं। हालांकि यहां पर बताना जरूरी होगा कि ओवर लोडिंग पर शिकंजा कसने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को कुछ दिन पहले जरिए बीडियो कांफ्रेसिंग निर्देशित किया था, बावजूद इसके लिए सरकारी अमला पर गंभीर होता नहीं दिख रहा है। सीएम निदेर्शों की बात करें तो साफ कहा गया था कि बालू उत्खनन स्थल पर से ही यदि ओवर लोडिंग को रोक दिया जाए तो यह समस्या खत्म हो जाएगी और इसके लिए बकाएस सर्किल के अफसरों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई थी लेकिन इसके बाद भी इस पर शिकंजा कसता नहीं दिख रहा है। आरोप है कि ओवर लोडिंग के चलते सड़कें जल्द क्षतिग्रस्त हो जाती है और सरकार के राजस्व का बड़ा नुकसान होता है। बहरहाल कुछ भी हो इलाकाई बुद्धिजीवियों ने इस ओर शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए ओवर लोडिंग पर लगाम लगाए जाने की मांग किया है।

## संक्षेप

### स्टेयरिंग फेल होने से दुर्घटना में चार घायल

**प्रतापगढ़।** बोलेरो की स्टेयरिंग फेल हो जाने से दुर्घटना में चार लोग गंभीर लोग से घायल हो गये। इनमें से दो को गंभीर दशा में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पडोसी जिले रायबरेली के नसीराबाद निवासी प्रेम कुमार 50 की दवा कराने परिजन रविवार को प्रतापगढ़ आ रहे थे। उदयपुर थाना के पूरे बक्शी के समीप बोलेरो की स्टेरिंग अचानक फेल हो गयी। इसके चलते वाहन सड़क किनारे नीम के पेड़ से जा टकरायी। दुर्घटना में चालक समेत चार लोग घायल हो गये। सूचना मिलने पर एम्बुलेंस पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी लेकर पहुंची। यहां गंभीर रूप से चुटहिल प्रेमकुमार तथा उनकी पत्नी रामा देवी को प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चालक गोविंद कुमार का कहना है कि स्टेरिंग का छल्ला अचानक टूट जाने से दुर्घटना हुई।

# दो बाइकों की टक्कर के बाद लगी आग, दो की मौत, एक गंभीर

**प्रतापगढ़।** कंधई इलाके में शनिवार देर रात दो बाइक में आमने- सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक चालको की मौके पर मौत ही गई। जबकि पीछे बैठे युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक बाइक में आग लग गई। पुलिस ने तीनों को मेडिकल कॉलेज भेजा। वहां दो को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि गंभीर रूप से घायल एक को प्रयागराज रेफर कर दिया गया।

कंधई थाना क्षेत्र के जफरापुर गांव निवासी अनस (26) और अदनान (18) शनिवार देर रात किशुनगंज बाजार की ओर से घर जा रहे थे। इसी दौरान कंधई के ही इटावा का रहने वाला विनोद पाल (35) जिला मुख्यालय से घर जा रहा था। चिलबिला मदाफरपुर मार्ग पर कंधई थाना क्षेत्र के मंदाह गांव के पास मोड़ पर दोनों की बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई।


आग में जलती बाइक

इससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद अनस की अपाचे बाइक में आग लग गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे एसओ कंधई धीरेंद्र सिंह ठाकुर ने तीनों को मेडिकल कॉलेज भेजवाया। वहां डाक्टरों ने अदनान और विनोद पाल को मृत घोषित कर दिया। हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# दबंगों ने जमीन पर कब्जे को लेकर जमकर चलाई गोलियां

## पुलिस ने असलहों के साथ 15 को गिरफ्तार किया

**प्रतापगढ़।** रानीगंज थाने के सण्डौरा गॉव में जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में कई राउण्ड गोलियां चली। गोलियों की तड़तड़ाहट से इलाका गूंज उठा। सूचना पर रानीगंज थाने के दरोगा हमराहियों के साथ पहुंचे। दबंगों के भारी तादात में होने से उन्होंने थाने पर सूचना दिया। एसओ सर्वेश सिंह की अगुवाई में पूरी थाने की फोर्स मौके पर पहुंचकर दबंगों को गिरफ्तार करते हुए असलहा बरामद किया। बताया गया कि गॉव के रवीन्द्र तिवारी का पड़ोसी से जमीन को लेकर विवाद था। उन्होंने जमीन पर कब्जे के लिए प्रयागराज व जिले के कई थानों के लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों को बुलाया। तीन गड़ियों में पहुंचे लोगों ने जमीन पर कब्जा करना शुरू किया। विरोध पर गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा गॉव सहम गया। किसी अनहोनी की आशंका से लोग डरे रहे। सूचना पर हल्का दरोगा मौके पर



पुलिस की गिरफ्त में लोग

हमराहियों का साथ पहुंचा। लेकिन दरोगा की टीम दबंगों को काबू में न कर सकी। सूचना पर एसओ पूरी थाने की फोर्स लेकर मौके पर पहुंच बड़ी घटना होने से बचा लिया। पुलिस ने मौके से तीन बोलेरो, कार, बाइकें रायफल, पिस्टल, बंदूक व कारतूश सहित 15 लोगों को गिरफ्तार किया जबकि पॉच मौके से फरार हो गए।

### चार आरोपियों के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट का मुकदमा

**लालगंज।** जमीनी विवाद में मारपीट को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे निहाल सराय जगत सिंह निवासी संदीप कुमार मौर्या पुत्र रामकिशुन ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि शनिवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर गांव के हरकेश बहादुर सिंह, सुरेश सिंह, अतुल सिंह व आलोक सिंह ने उसे गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियो ने पीडित को घर के अंदर घुसकर मारापीटा। विपक्षियो के हमले मे पीडित की मां को गंभीर चोटे आ गयी। शोरशराबा होने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# दिन में प्रचार, रात में तंत्र मंत्र का सहारा विकास करने के लिए खा रहे कसमें

**प्रतापगढ़।** जिले में एक नगर पलिका व 18 नगर पंचायत है। नगर निकाय का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने के लिए दिन रात एक कर दिए हैं। तेज धूप में प्रत्याशी मतदाताओं के घरों पर पहुंचकर उनके बीच पारिवारिक रिस्तों को बताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जीतने पर विकास की गंगा बहाने की कसमें खा रहे हैं। प्रत्याशियों के घरों पर पंडित जीत के लिए पूजा पाठ हवन व तंत्र मंत्र का सहारा ले रहे हैं। समर्थक भी सर्वेकर प्रत्याशी को गुणा गणित समझा रहे हैं। समर्थकों ने अपने उम्मीदवारों को अभी से जिता दिया है। उम्मीदवार के ऑख कान समर्थकों की बातों पर यकीन कर मन ही मन खुश हो रहे हैं। नगर पंचायतों में देखा जा रहा है कि जुगाड़ के दम पर जिन्होंने पार्टियों से टिकट हासिल कर चुनाव मैदान में कूदे हैं वह अपनी जीत पर अधिक भरोसा कर रहे हैं। जबकि पार्टियों से बगावत कर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी भी जी तोड़ मेहनत कर रहे है। उनका मानना है कि जो प्रत्याशी पार्टियों के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं क्षेत्र में उनका जनाधार नहीं है। ऐसे लोग टिकट बांटने वालों के इर्दगिर्द साल भर परिक्रमा किए हैं। नेताओं से उनके जरूर रिस्ते अच्छे हैं पर जनता के बीच उन्हें कम ही लोग जानते हैं। निर्दल भी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। जीत के लिए उम्मीदवार पूजा पाठ के अलावा तंत्र मंत्र का भी सहारा ले रहे हैं। अभी तक जिनके यहॉ कम ही पूजा पाठ होता था उनके घर व घरों के लोग अब खूब पूजा पाठ शुरू किए हैं। अधिकतर प्रत्याशी अपने धमार्चार्य गुरूओं की शरण में आशिर्वाद के लिए नत मस्तक है। गुरूओं से जीत का आशिर्वाद लिए उम्मीदवार क्षेत्रों में डटे हैं। रात में तंत्र तंत्र से चुनाव जीतने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जा रहा है। जीतन पर विकास कितना करेंगे यह तो वक्त बताएगा।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर हुए भव्य आयोजन, विभूतियों का सम्मान

**प्रतापगढ़।** भगवान परशुराम की जयन्ती पर शनिवार को क्षेत्र में विविध आयोजनों की धूम रही। डभियार के समीप भगतपुर तिराहे पर ब्राम्हण महासभा भारत के तत्वाधान में भगवान परशुराम मंदिर में भगवान परशुराम की पांच फिट ऊंची प्रतिमा का विधिविधान से पूजन अर्चन हुआ। वहीं जन्मोत्सव पर क्षेत्र में भगवान परशुराम शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति के संयोजक व ब्राम्हण महासभा भारत के प्रदेश अध्यक्ष पं. शिवशंकर तिवारी सोहगौरा व डॉ. शशिधर तिवारी द्वारा समाजसेविका सीमा मिश्रा, पं. गायत्री प्रसाद उपाध्याय व पं. राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल समेत कई विभूतियों को ब्राम्हण गौरव सम्मान के तहत अंगवस्त्रम तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। जन्मोत्सव समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम के वैदिक पूजन व अर्चन के मध्य हुआ। प्रख्यात


परशुराम जयंती पर विभूतियों का सम्मान करते आयोजक

लोकगायक परशुराम क्रोधी के सांस्कृतिक दल द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर मनोहारी आध्यात्मिक गीत व भजन संगीत की प्रस्तुति से लोग मंत्रमुग्ध हो उठे दिखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पं. शिवशंकर तिवारी ने अक्षय तृतीया के महात्म्य पर प्रकाश डाला। संचालन आचार्य पं. सूर्यमणि शुक्ल ने किया। इधर लालगंज नगर के हनुमत निकेतन में पं. वज्रघोष ओझा के संयोजन में भगवान परशुराम जयंती भव्यता से मनाई गयी। यहां श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की। कोतवाली के समीप हरिहरमंदिरम मे भी भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। यहां हुए भण्डारे मे दिन भर श्रद्धालुओं तथा राहगीरों को प्रसाद ग्रहण करते देखा गया। क्षेत्र के रानीगंज कैथौला क्षेत्र के लकुरी गांव में भी भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन हुआ। यहां से निकली भगवान परशुराम शोभा यात्रा रानीगंज कैथौला पहुंची। रास्ते भर श्रद्धालुओं को शोभा यात्रा पर पुष्पवर्षा करने मे मगन देखा गया।

### चोरों ने उड़ाया टीवी व इर्न्वटर

**लालगंज।** अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोडकर टीवी तथा इर्न्वटर आदि घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया। लालगंज कोतवाली के जेवई निवासी जीतेन्द्र सिंह के पुत्र अमित सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि वह परिवार सहित प्रतापगढ़ रहा करते हैं। बीस अप्रैल की रात्रि अज्ञात चोरों ने जेवई स्थित उनके मकान का ताला तोडकर इन्वर्टर तथा टीवी आदि घरेलू सामान चोरी कर ले गये। पीडित ने पुलिस को तहरीर दी है।

### युवक को लाठी-डंडो से पीटा

**पट्टी।** खेत में लगे बाड़ को उखाड़ रहे युवक को गांव के ही अन्य दो युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्र के अंदेवरी गांव के रहने वाले रोहित पुत्र नंदलाल वर्मा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह अपने खेत के चारों तरफ आवारा मवेशियों से सुरक्षा के लिए बांस लगाया हुआ था। जिसे रविवार को सुबह वह उखाड़ रहा था। इस दौरान गांव के दो युवक पहुंचे और लाठी डंडे से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घायल ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएससी भेजा है और अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

# वृद्धाश्रम में लौटी रौनक, पीड़ा यही कि बच्चों ने बेसहारा क्यों छोड़ा


कार्यक्रम में उपस्थित वृद्ध महिलाएं

**प्रतापगढ़।** समाजसेवी रोशनलाल ने महुली स्थित वृद्धाश्रम में ऐसा अलख जलाया कि हर कोई वृद्धों की सुध लेने पहंचने लगा। सात दिन तक श्रीमद भगवत कथा के बाद भण्डारे का शनिवार को आयोजन हुआ। वृद्धाश्रम में दूर दराज से पहुंचे सम्पन्न लोगों ने समाजसेवी के इस कार्य को देखकर सराहना की। बुजुर्गो की भावना को देखकर उनकी मदद के लिए हर कोई आगे आ रहा है। आश्रम में रह रहे लगभग 70 वृद्ध महिला पुरूष अपने बच्चों को कोष रहे हैं। उनके मुंह से एक ही बात निकलती है कि हमारे बच्चे यहॉ हमें बेसहारा क्यों छोड़ गए। अपने घर परिवार को देखने की उनकी भी ललसा है। मगर उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। कुछ के बच्चे हप्ते महीनों में हालचाल लेने चले आते हैं। कुछ वृद्ध माता पिता के बच्चे उन्हें देखने भी नहीं आते। समाजसेवी रोशनलाल के बारे में बुजुर्ग कहते हैं कि किसी जन्म का हमारा नाता है जो इस जन्म में हम लोगों को तार रहे हैं। सात दिन चले कार्यक्रम से आश्रमवीस बड़े खुश नजर आए। कार्यक्रम समापन के बाद उनके चेहरों पर मायूसी है। समाजसेवी ने भी वृद्धजनों से उनके देखभाल का भरोसा दिया है।


समर्थकों के साथ सपा नेता राजेश सिंह

# टिकट बंटवारे से नाराज सपा नेता राजेश सिंह ने थामा ओवैशी की पार्टी का दामन

**प्रतापगढ़।** नवसृजित नगर पंचायत रामगंज के मानापुर निवासी सपा नेता राजेश सिंह धुनमुन पार्टी से टिकट न मिलने पर सपा का दामन छोड़ दिया। सपा नेता राजेश सिंह को उनके दर्जनों समर्थकों के साथ रविवार को एआईएमआईएम के पूर्वांचल प्रभारी इसरार अहमद ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसरार अहमद ने राजेश सिंह को रामगंज नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर पार्टी का समर्थन देने की घोषणा की। समाजसेवी राजेश सिंह का क्षेत्र के लोगों से काफी जुड़ाव है। असदुद्दीन ओवैशी की पार्टी एआईएमआईएम से राजेश सिंह को समर्थन मिलने से प्रत्याशियों का खेल विगड़ सकता है।

### दुर्घटना मे चार जख्मी, दो रेफर

**लालगंज।** बोलेरो की स्टेयरिंग अचानक फेल हो जाने से दुर्घटना मे चार लोग गंभीर लोग से घायल हो गये। इनमे से दो को गंभीर दशा मे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पडोसी जिले रायबरेली के नसीराबाद निवासी प्रेम कुमार (50) की दवा कराने परिजन रविवार को प्रतापगढ़ ले जा रहे थे। उदयपुर थाना के पूरे बक्शी के समीप बोलेरो की स्टेरिंग अचानक फेल हो गयी। इसके चलते वाहन सड़क किनारे नीम के पेड़ जा टकरायी। दुर्घटना में चालक समेत चार लोग घायल हो गये। सूचना मिलने पर एम्बुलेंस पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी लेकर पहुंची। यहां गंभीर रूप से चुटहिल प्रेमकुमार तथा उनकी पत्नी रामा देवी को प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चालक गोविंद कुमार का कहना है कि स्टेरिंग का छल्ला अचानक टूट जाने से दुर्घटना हुई।

# माफिया ब्रदर्स के तीनों शूटर्स दोबारा पहुंचे जिला जेल, चौकस रही सुरक्षा


सुरक्षा में तैनात पुलिस बल

**प्रतापगढ।** जिला जेल में एक बार फिर से माफिया ब्रदर्स अतीक-अशरफ के तीनों शूटरों को दाखिल कर दिया गया है। तीनों शूटरों को जेल लाते वक्त रेलवे फाटक बंद होने की वजह से करीब दस मिनट तक इंतजार करना पड़ा। शूटरों की सुरक्षा को लेकर सुरक्षाकर्मी हलाकान रहे। वहीं रेलवे फाटक बंद होने पर एसपी भी लाव लश्कर के साथ मौके पर पहुंचे और फाटक खुलने के बाद तीनों शूटरों को जिला जेल में दाखिल कराया। तीनों शूटरों की मेडिकल जांच कराने के बाद तन्हाई बैरक में शिफ्ट किया गया। बता दें कि रविवार शाम को करीब पांच बजे तीनों शूटरों की रिमांड पूरी होनी है। प्रयागराज में कोर्ट बंद होने की वजह से तीनों शूटरों को प्रतापगढ़ जिला जेल में ले आया गया। जेल के बाहर भारी पुलिस बल की तैनाती रही। शूटरों को जेल में दाखिला कराने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

# वर्ल्ड रिकार्ड की टीम ने गोल्ड मेडल से किया सम्मानित


डा0 यमुना शंकर पाण्डेय को वर्ल्ड मेडल व अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए

**प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा के गौरामाफी बाजार में डा0 यमुना शंकर पाण्डेय के आवास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की तरफ से डा0 सोनल शर्मा और हेमल शर्मा भी शामिल हुए। गोल्डेन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की टीम के दोनों पदाधिकारियों ने डा0 यमुना शंकर पाण्डेय को वर्ल्ड मेडल व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान डा0 पाण्डेय के विश्व परिभ्रमण के बाद बुक में नाम दर्ज होने के मौके पर दिया गया। कार्यक्रम में यज्ञ का भी आयोजन किया गया था जिसमें अतिथियों ने पूणार्हुति दी। इस मौके पर समात हस्तियां व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### चार आरोपियो के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली पुलिस ने रंजिशन मारपीट की घटना मे चार आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट व गालीगलौज का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज के खैरा पुहिला निवासी चंद्रिका प्रसाद की पत्नी गुलाबकली ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तीन अप्रैल को रंजिश को लेकर रामपुर छिवैंया निवासी नीलम यादव, अंजली, मीना व अर्चना पुत्रीगण दयाशंकर उसके घर घुसकर लाठी डंडे से हमला किया। पीडिता ने विरोध किया तो आरोपियो ने गाली देते हुए उसे जान से मार डालने की धमकी भी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### आग से गृहस्थी का सामान जला

**प्रतापगढ़।** रात में पानी गरम करते समय गैस सिलेंडर के पाइप में लीकेज होने से आग लग गई। शोर सुनकर गांव के लोग दौड़े तो किसी तरह आग पर काबू पाए लेकिन तब तक घर का सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से एक बेटी की शादी, दूसरी बेटी के ऑपरेशन के लिए रखा पैसा भी जलकर राख हो गया। मानिकपुर थाना क्षेत्र के अलुवामई निवासी लालजी सोनकर पुत्र बाबूलाल सोनकर की पत्नी शनिवार की देर रात उज्जवला गैस सिलेंडर के चूल्हे पर पानी गरम कर रही थी। गैस का पाइप लीकेज होने से आग लग गई। आग लपटों में घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया।

# स्मृति सभा में याद किये गये डा. वीरेन्द्र मिश्र, दी गई पुष्पांजलि

**प्रतापगढ़।** लालगंज स्थित बहुगुणा पीजी कालेज में रविवार को प्रबन्ध समिति के दिवंगत अध्यक्ष डा. वीरेन्द्र मिश्र की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में जिले के ग्रामीण इण्टर कालेजेज के अध्यक्ष पं. श्यामकिशोर शुक्ल ने स्व. मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए प्रतापगढ़ के शैक्षिक परिवेश को मजबूत बनाने मे उनके योगदान को प्रेरणास्पद कहा। पूर्व प्राचार्य डा. लालजी त्रिपाठी ने कहा कि डा. वीरेन्द्र ने ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा व तकनीकी शिक्षा से मेधावियों को ज्ञानार्जन के लिए सार्थक प्रयास किये। संस्कृत विद्वान आचार्य पं. पारसनाथ तिवारी व आचार्य डा. शिवमूर्ति शास्त्री एवं आचार्य ज्ञानेन्द्रनाथ त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चारण से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। सभा की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य दयाशंकर पाण्डेय व संयोजन पूर्व प्रधानाचार्य डा. पूर्णिमा मिश्रा एवं इं. जितेन्द्र तिवारी तथा डा. सिद्धार्थ ने किया। संचालन महाविद्यालय के पूर्व



डा. वीरेन्द्र मिश्र को पुष्पांजलि अर्पित करते समाजविद्

प्राचार्य डा. डीपी ओझा एवं आभार प्रदर्शन डा. पूजा एवं डा. वर्तिका ने किया। सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह, डा. सौरभ मिश्र, डा. आरएस त्रिपाठी, शिवाकांत मिश्र, डा. पुरूषो×ाम शुक्ल, इं. सुनील पाण्डेय, वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग पाठक, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने भी डा. वीरेन्द्र के सामाजिक क्षेत्र में बहुमूल्य योगदानों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डा. राजकुमार पाण्डेय, प्रो. आरपी शुक्ल, विशालमूर्ति मिश्र, भाजपा नेता श्यामकिशोर शुक्ल, ओमप्रकाश पाण्डेय गुडडू, झुन्ना तिवारी, शिक्षक नेता प्रभाकर दुबे, केडी मिश्र, डा. शिवशरण मिश्र, डा. राजेन्द्र मिश्र, सुनील शुक्ल, वैद्यनाथ तिवारी, देवानंद मिश्र, आरडी यादव, डा. रमाशंकर शुक्ल, कमलेश त्रिपाठी, सुरेश मिश्र मदन, पवन शुक्ला, हरिमोहन जायसवाल, दारा सिंह, हरिदत्त तिवारी, शिवाकांत द्विवेदी, गिरिजाशंकर दुबे, विजय मिश्र बाबी, चंद्रप्रकाश तिवारी मुन्ना, पत्रकार महासंघ के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, प्रधानाचार्य रंजन त्रिपाठी, प्रधानाचार्य अखिलेश पाण्डेय, प्रधानाचार्या शोभा श्रीवास्तव, पूर्व प्रधानाचार्या गीता त्रिपाठी, डा. सुशीला मिश्रा, मानसमराल पं. रामफेर पाण्डेय, कैप्टन शिवकुमार शर्मा, गबलू जायसवाल आदि रहे।

## जनसंपादकीय

# सत्कर्म जीवन का मूल

**हृदयनारायण दीक्षित**



भारतीय विवेक और श्रद्धा में पृथ्वी माता हैं। पृथ्वी को मां मानने और जानने की अनुभूति केवल भारत में है। हम सब पृथ्वी पुत्र हैं। इसी में जन्म होते हैं। पृथ्वी ही पालती है। यही पोषण करती हैं। लेकिन दूषित पर्यावरण के कारण पृथ्वी का अस्तित्व संकट में है। सारी दुनिया का ताप बढ़ रहा है। पर्यावरण संरक्षण वैज्ञानिकों के सामने भी बड़ी चुनौती है। आज से 18 साल पहले 2005 में संयुक्त राष्ट्र का सहस्त्राब्दी पर्यावरण आकलन (मिलेनियन इकोसिस्टम असेसमेंट) आया था। यह एक गंभीर दस्तावेज था और है। इस अनुमान में कहा गया था कि पृथ्वी के प्राकृतिक घटक अव्यवस्थित हो गए हैं। यह अनुमान 18 वर्ष पुराना है। इसके पूर्व सन 2000 में भी पेरिस के 'अर्थ चार्टर कमीशन' ने पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण के 22 सूत्र निकाले थे। लेकिन इस दिशा में कोई महत्वपूर्ण काम नहीं हुआ। कल अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस था। इस महत्वपूर्ण दिवस पर भी कोई ठोस संकल्प नहीं लिए गए। वैसे वैदिक साहित्य पर्यावरण प्रीति से भरा पूरा है। हिन्दुत्व की जीवन शैली में पर्यावरण संरक्षण अन्तर्निहित है। भारत के प्राचीन काल में ही पृथ्वी के प्रति संवेदनशील प्रीति और श्रद्धा थी। वैदिक पूर्वजों ने जल को माताएं देवता जननी कहा था। उन्होंने पृथ्वी को माता और आकाश को पिता बताया था। ऋग्वेद में जल को बहुवचन रूप में माताएं कहा गया है। यूनानी दार्शनिक थेल्स ने जल को आदि तत्व बताया है। प्रकृति के 5 महाभूतों में जल एक महत्वपूर्ण महाभूत है। जल का मुख्य स्रोत वर्षा हैं।

वैदिक साहित्य में जल को अतिरिक्त आदर दिया जाता रहा है। वैदिक समाज में जल वृष्टि के कई देवता हैं। ऋग्वेद (1.164) में कहते हैं, ''सत्कर्मों से समुद्र का जल ऊपर जाता है। वाणी जल को कंपन देती है। पर्जन्य वर्षा लाते हैं। भूमि आनंद मगन होती हैं।'' यहाँ मुख्य बात है कि सत्कर्म के कारण समुद्र का जल ऊपर जाता है। सत्कर्म महत्वपूर्ण हैं। वस्तुतः ऐसे कर्म सांस्कृतिक कर्तव्य हैं। वर्षा पर्जन्य की कृपा हैं। आधुनिक संदर्भ में पर्जन्य को 'इकोलॉजिकल सिस्टम' कह सकते हैं। पर्जन्य देव पृथ्वी, जल, वायु, नदी, वनस्पतियों और सभी प्राणियों के संरक्षण से प्रसन्न होते हैं। पृथ्वी आराध्य देवता हैं। वैदिक देवता अनूठे हैं। देवता प्रकृति की महत्वपूर्ण शक्तियां हैं। उन्हें कई विभागों में विभाजित किया जा सकता है। पहला द्युस्थानीय देवता हैं। द्यौव का ही एक रूप वरुण हैं। द्युस्थानीय देवताओं में द्यौव सबसे प्राचीन बताए गए हैं। आर्यों की ग्रीक शाखा के लोग 'ज्योस' या 'जिअस' के रूप में इस देवता की उपासना करते थे। द्यौव का प्रकट रूप हैं आकाश। उन्हें पिता कहा गया है। ऋषि राहुगण पुत्र गौतम द्यच को सबके पिता कहते हैं। इसी तरह वैदिक देवताओं का दूसरा विभाग है अंतरिक्ष स्थानीय देवता। ऋग्वेद के प्रतिष्ठित देवता इन्द्र इसी श्रेणी में आते हैं। इन्द्र मेघों में अवरुद्ध जल को मुक्त करते हैं। जल प्रवाह वर्षा द्वारा पृथ्वी की ओर आता है। मातरिस्वा, अपानपात आदि अंतरिक्ष स्थानीय देवता हैं। इनमें रूद्र मुख्य हैं। निस्संदेह ऋग्वेद में उनकी स्तुतियां कम हैं। ऋग्वेद के एक मंत्र में रूद्र शिव को त्रयम्बक कहा गया है। यजुर्वेद का सोलहवां अध्याय शिव रूद्र की स्तुति है।

देवताओं के तीसरे वर्ग को पृथ्वी स्थानीय देवता कहा गया है। इस देव तंत्र में सोम अतिप्रतिष्ठित देवता हैं। ऋग्वेद के नौवें मण्डल के अधिकांश सूक्तों के देवता सोम हैं। सोम को सर्वश्रेष्ठ पेय बताया गया है और सर्वश्रेष्ठ औषधि भी। इसी श्रेणी में अग्नि देव भी आते हैं। ऋग्वेद में अग्नि सर्वशक्तिमान बताए गए हैं। बृहस्पति भी पृथ्वी स्थानीय देवता हैं। पृथ्वी भी पृथ्वी स्थानीय देवता हैं। नदियां भी देवता हैं। पूर्वजों के हृदय में पृथ्वी के प्रति माता का भाव है। अथर्ववेद का पृथ्वी सूक्त अंतर्राष्ट्रीय कविता है। कहते हैं कि यहाँ भिन्न भिन्न विचारधाराओं वाले लोग रहते हैं। माता पृथ्वी सबका पोषण करती हैं। दुनिया के तमाम विद्वानों ने पृथ्वी सूक्त की प्रशंसा की है। वैदिक साहित्य में उत्तरवैदिककाल और महाकाव्यों में भी पृथ्वी की स्तुति है। महाभारत के एक प्रसंग में श्रीकृष्ण पृथ्वी की उपासना करते हैं। वे पृथ्वी से ही पूछते है कि आप किस तरह की उपासना से प्रसन्न होती हैं। स्वयं पृथ्वी ने उत्तर दिया कि ''तुम प्रति दिन चिड़ियों और निराश्रित पशुओं के लिए कहीं भी अन्न डाल दिया करो। मैं इसी में प्रसन्न होती हूँ।''

रामकथा के अनुसार श्रीराम का जन्म पृथ्वी को निशिचर विहीन और पृथ्वी का भार समाप्त करने के लिए हुआ था। रामचरितमानस में पृथ्वी संकट का उल्लेख है। तुलसी दास ने लिखा है, ''अतिशय देख धरम की हानी/परम सभीत धरा अकुलानी - धर्म की ग्लानि को बढ़ते देख कर पृथ्वी भयग्रस्त हुई और देवताओं के पास जा पहुंची। उसने देवों को अपना दुख सुनाया - निज संताप सुनाइस रोई - पृथ्वी ने रोते हुए अपना कष्ट बताया। शंकर जी ने पार्वती जी को बताया कि वहां बहुत देवता थे। मैं भी उनमे से एक था - तेहि समाज गिरजा मैं रहेऊ। रामचरितमानस के अनुसार आकाशवाणी हुई, ''हे धरती धैर्य रखो। मैं स्वयं सूर्य वंश में आऊंगा और तुमको भार मुक्त करूँगा।'' पृथ्वी बहुत महत्वपूर्ण हैं। हम सबका आश्रय हैं। पृथ्वी को भार मुक्त करने के लिए परम सत्ता मनुष्य बनती है। आधुनिक काल का पृथ्वी संकट बड़ा चुनौतीपूर्ण है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी का अस्तित्व संकट में है। उत्तरी ध्रुव और दक्षिणी ध्रुव में हमेशा बर्फ जमी रहती है। वह बर्फ पिघल रही है। पृथ्वी के एक भूखंड में खनिज, तेल और गैस भारी मात्रा में हैं। खनिज सम्पदा और गैस पाने के लिए तमाम देश लालायित रहते हैं। लेकिन वे पृथ्वी के अस्तित्व को बचाने की चिंता नहीं करते। अधिक बर्फ पिघलने से समुद्र का स्तर ऊपर जाएगा। दुनिया खतरे में होगी। अंधाधुंध औद्योगिक विकास समस्या है। नगरीकरण सुनियोजित योजना के अनुसार नहीं है। दो ढाई वर्ष पहले मैं युगांडा की राजधानी काम्पाला में कामनवेल्थ देशों के संसदीय आयोजन में सम्मिलित था। मुझे नगरीकरण से उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर विचार व्यक्त करने के लिए कहा गया था। अनियोजित नगरीकरण से पर्यावरण का संकट बढ़ा है और जल, वायु प्रदूषण भी।

हिन्दू अनुभूति के अनुसार पृथ्वी, जल, वायु, नदी, वनस्पति और सभी प्राणियों के संरक्षण से देवता प्रसन्न होते हैं। संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में मिस्त्र के शर्म अल शेख, इसके पहले स्कॉटलैण्ड के ग्लास्गो में भी सम्मेलन हुए थे। ब्राजील के रिओ डी जेनेरिओ नगर में पहला पृथ्वी सम्मेलन हुआ था। लेकिन अब तक के सारे आयोजन बेनतीजा रहे हैं। पृथ्वी माता व्यथित भयग्रस्त है। भूकम्प इसी के परिणाम हैं। वायु भी व्यथित है। यह बेचैनी आंधी और तूफानों में प्रकट होती है। जल अशांत हैं। अतिवृष्टि अनावृष्टि इसी का परिणाम हैं। एक वैदिक मंत्र में स्तुति है, ''पृथ्वी शांत हों। अंतरिक्ष शांत हों। जल शांत हों। वनस्पतियां औषधियां शांत हों। शांति हमें शांति दें।'' हिन्दू जीवन स्वाभाविक ही पर्यावरण प्रेमी है। पृथ्वी के सभी घटकों का संरक्षण राष्ट्रीय कर्तव्य है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया, ''अन्न से प्राणी हैं। अन्न वर्षा से होता है। वर्षा यज्ञ से होती है और यज्ञ सत्कर्मों से होता है।'' यह साधारण यज्ञ नहीं है। इसमें सत्कर्म की महत्ता है। भारतीय संस्कृति का अधिष्ठान सत्कर्म हैं।

**( लेखक उप्र विधानसभा के अध्यक्ष रहे हैं)**

# जाति जनगणना वक्त की मांग

## समय- संदर्भ

**राम पुनियानी**



इस साल (2023) बाबासाहेब आंबेडकर की 132वीं जयंती पिछले वर्षों की तुलना में बहुत जोर-शोर से मनाई गई. बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों ने इसमें भागीदारी की. अनुसूचित जातियों, जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों, जिनके वे मसीहा हैं, के लिए यह एक बहुत बड़ा उत्सव था. आंबेडकर के योगदान को न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी स्वीकारा गया और 150 से अधिक देशों में कार्यक्रम आयोजित हुए.

जो व्यक्ति और समूह सामाजिक न्याय और समानता के प्रति प्रतिबद्ध हैं और जन्म-आधारित ऊंच-नीच और अन्याय के खिलाफ हैं उन्होंने अत्यंत श्रद्धा से आंबेडकर को याद किया और आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में देश और दुनिया आंबेडकर के बताए रास्ते पर चलेगी. इस सन्दर्भ में यह भी ध्यान देने की बात है कि आंबेडकर जयंती मनाने के तरीके में धार्मिकता का रंग घुलता जा रहा है और उनके मूल्यों को याद करने की बजाय जोर औपचारिक समारोहों पर है. निश्चित रूप से बाबासाहेब के सपनों को पूरा करने के लिए अनवरत संघर्ष की जरुरत है. दूसरी ओर अनेक ऐसे समूह व संगठन हैं जो उन सिद्धांतों व मूल्यों के एकदम खिलाफ हैं जिनके लिए आंबेडकर ने जीवन भर संघर्ष किया. जैसे 'हिन्दू राष्ट्रवादी' आरएसएस और उससे प्रेरित अन्य संगठन बाबासाहेब के एक मुख्य लक्ष्य 'जाति के उन्मूलन' के पूर्णतः विरूद्ध हैं. वे 'जातियों के समन्वय' की बात करते हैं. आंबेडकर समाज के वंचित वर्गों के हित में सकारात्मक कदम उठाए जाने के पक्ष में थे. शुरू में केवल 10 वर्षों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया था. संभवतः आंबेडकर को उम्मीद थी कि हिन्दू समाज में फैली द्वेष भावना को जड़ से समाप्त करने के लिए 10 वर्ष पर्याप्त होंगे. उन्होंने शायद इस तथ्य की ओर ध्यान नहीं दिया कि नीतियों पर अमल उच्च जातियों के अभिजात वर्ग के माध्यम से होगा. उच्च जातियों के अभिजात वर्ग ने एससी/एसटी वर्ग के लिए आरक्षण की नीति के अमल में बाधाएं खड़ी कर दीं जिसके चलते आरक्षण आज भी जारी रखना पड़ रहा है. और सामाजिक न्याय की मंजिल की ओर आगे बढ़ने के लिए यह आवश्यक भी है.

संविधान, जिसका मसविदा उनकी अध्यक्षता में तैयार किया गया, में एससी व एसटी वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया था किंतु अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) को छोड़ दिया गया. ओबीसी समाज का एक बड़ा हिस्सा हैं, जिसकी ओर लंबे समय तक समुचित ध्यान नहीं दिया गया. सन 1931 के बाद से किसी जनगणना में उनकी गिनती नहीं की गई. सन 1931 की जनगणना के अनुसार उस समय आबादी में ओबीसी का प्रतिशत 52 था. इसी आधार पर 1990 में इनके लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया. सकारात्मक कदमों के कुछ प्रावधान किए गए थे लेकिन उन पर ठीक से अमल मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होने के बाद ही हो पाया.

आरक्षण समाज के कुछ वर्गों की आंख की किरकिरी है और उन्होंने 'यूथ फॉर इक्वालिटी' जैसे समूहों का गठन किया है जो आरक्षण के प्रावधान को समाप्त करने के पक्ष में हैं. यह कहा जाता रहा है कि आरक्षण का लाभ उठाकर 'अयोग्य लोग' नौकरी एवं शिक्षा के अवसर हासिल कर लेते हैं और जिनका इन पर हक होना चाहिए वे वंचित रह जाते हैं. इस सोच से दलितों और ओबीसी के बारे में पूर्वाग्रह जन्म लेते हैं और इन्हीं के चलते रोहित वेम्युला और दर्शन सोलंकी जैसे छात्रों को आत्महत्या करने पर विवश होना पड़ता है. यही पूर्वाग्रह 1980 के दशक में अहमदाबाद में भड़की दलित-विरोधी हिंसा और 1985 में गुजरात में ओबीसी-विरोधी हिंसक प्रदर्शनों की जड़ में थे. भाजपा के हिन्दुत्ववादी नेतृत्व ने इन वर्गों में अपनी पैठ बनाने के लिए सोशल इंजीनियरिंग शुरू की और सामाजिक समरसता मंच जैसे संगठन स्थापित किए. इनसे भाजपा को चुनावों में भारी लाभ हुआ. यह इससे जाहिर है कि इन वर्गों के लिए आरक्षित चुनाव क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भाजपा सांसद व विधायक निर्वाचित हुए हैं. आरएसएस के प्रचारकों और स्वयंसेवकों की एक बड़ी फौज लंबे समय से दलित और आदिवासी इलाकों में काम कर रही हैं. वे परोपकार के कामों के साथ-साथ, सोशल इंजीनियरिंग भी करते हैं और आदिवासियों का हिन्दुकरण भी.

हिन्दू दक्षिणपंथी, जाति प्रथा की बुराईयों के लिए आक्रान्ता मुस्लिम शासकों को दोषी बताते हैं. वे कहते हैं कि मुस्लिम शासन के पहले सभी जातियां बराबर थीं. भाजपा और उसके संगी-साथी आंबेडकर जयंती तो बहुत जोर-शोर से मनाते हैं परन्तु जाति जनगणना का विरोध करते हैं जबकि जाति जनगणना ही नीतियों में इस प्रकार के सुधारों की राह प्रशस्त कर सकती है जिनसे हाशियाकृत समुदायों को सच्चे अर्थों में लाभ हो.

इस पृष्ठभूमि में राहुल गाँधी का कर्नाटक के कोलार में दिया गया भाषण महत्वपूर्ण है. राहुल गाँधी ने जाति जनगणना की मांग का समर्थन किया और कहा कि हाशियाकृत समुदायों के हितार्थ उठाए गए सकारात्मक कदमों का प्रभाव सरकार के उच्च स्तर पर दिखलाई नहीं पड़ रहा है. उदाहरण के लिए, भारत सरकार के सचिवों में से केवल सात प्रतिशत इन वर्गों से हैं. राहुल गाँधी ने यह मांग भी की कि यूपीए सरकार द्वारा 2011 में करवाई गई जाति गणना की रपट सार्वजनिक की जाये. ₹आंकड़ों से ही हमें पता चलेगा कि ओबीसी, दलितों और आदिवासियों को आबादी में उनके हिस्से के अनुपात में प्रतिनिधित्व मिल सका है या नहीं.₹ भाजपा इस मुद्दे से बचने का प्रयास कर रही है. जिस पार्टी की सरकार ने असम में एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिकता पंजी) के निर्माण के लिए कठिन, जटिल और जनता के लिए त्रासद कवायद की, उसी पार्टी की सरकार ने 2021 में सुप्रीम कोर्ट को बताया कि जाति-वार जनगणना करवाना ₹प्रशासनिक दृष्टि से कठिन और जटिल₹ होगा और इसलिए यह 'सोचा-समझा नीतिगत निर्णय' लिया गया है कि इस तरह की जानकारी को जनगणना में शामिल न किया जाए.

जब महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाले निर्णय लेने का समय आता है तब सामाजिक न्याय के प्रति भाजपा के असली रुख का पदार्फाश हो जाता है. आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों (ईडब्लूएस) को आरक्षण देकर सरकार ने पहले ही आरक्षण के असली उद्देश्यों को पलीता लगा दिया है. अब आठ लाख रुपये प्रति वर्ष से कम आमदनी वाले परिवारों के सदस्य आरक्षण के लिए पात्र हो गए हैं. यह तब जबकि आर्थिक पिछड़ापन कभी भी आरक्षण की पात्रता का आधार नहीं रहा है. आरक्षण की संकल्पना ही जातिगत पिछड़ेपन से जुड़ी हुई है क्योंकि उनकी जाति के कारण कई वर्गों को सामान अवसर प्राप्त नहीं हो पाते.

अब आंबेडकर की जयंती पर लौटते हैं. यह साफ है कि भाजपा जैसे पार्टियों के लिए आंबेडकर के सिद्धांतों का कोई महत्व नहीं है. बल्कि हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति का उदय ही इसलिए हुआ था ताकि दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं को लगाम लगाई जा सके. इस राजनैतिक विचारधारा की नींव में ही प्राचीन परम्पराओं एवं मूल्यों का महिमामंडन है झ उन परम्पराओं और मूल्यों का जो जातिगत और लैंगिक पदक्रम को औचित्यपूर्ण और दैवीय ठहरातीं हैं.

आज जरुरत इस बात की है कि विभिन्न हाशियाकृत समुदायों की आबादी का ठीक-ठीक अंदाजा लगाया जाए और सरकार की नीतियों में इस तरह के परिवर्तन किये जाएँ जिससे अवसरों की असमानता समाप्त हो और समाज में बराबरी आ सके. रोहित वेम्युला और दर्शन सोलंकी जैसे युवा विद्यार्थियों की आत्महत्या यह रेखांकित करती है कि हमें एससी,एसटी ० ओबीसी के बारे में व्याप्त पूर्वाग्रहों को समाप्त करना है और एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जिसका अंतिम लक्ष्य जाति का उन्मूलन हो.

**( लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

**संविधान, जिसका मसविदा उनकी अध्यक्षता में तैयार किया गया, में एससी व एसटी वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया था किंतु अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) को छोड़ दिया गया. ओबीसी समाज का एक बड़ा हिस्सा हैं, जिसकी ओर लंबे समय तक समुचित ध्यान नहीं दिया गया. सन 1931 के बाद से किसी जनगणना में उनकी गिनती नहीं की गई. सन 1931 की जनगणना के अनुसार उस समय आबादी में ओबीसी का प्रतिशत 52 था.**

# माफिया के महिमामंडन की बेशर्म राजनीति

## प्रसंगवश

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**



उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हुंकार प्रदेश और देशवासियों को विस्मृत नहीं हुई है। जब उन्होंने कहा था कि माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। जान के लाले पड़ जाएंगे। माफिया या तो जेल में होगा अथवा उत्तर प्रदेश से भाग जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह बयान प्रयागराज में बसपा विधायक राजू पाल हत्याकाण्ड के चश्मदीद उमेश पाल की दिनदिहाड़े हत्या के बाद आया था। उमेश पाल की नृंशस हत्या अतीक अहमद के बेटे और गुर्गो ने की थी। उमेश पाल की हत्या के बाद अतीक अहमद के परिवार और गुर्गों के सितारे गर्दिश में चल रहे हैं। हत्याकाण्ड में शामिल कई शूटरों का पुलिस इनकाउंटर कर चुकी है। जिसमें अतीक का बेटा असद भी शामिल है। बीती 15 अप्रैल को पुलिस के सख्त पहरे और चैतरफा घेरेबंदी के बावजूद, किसी ने मीडिया का मुखौटा धारण कर, अतीक और उसके छोटे भाई अशरफ पर गोलियां चला दीं और कुछ ही सेकंड में जिंदगियां निष्प्राण हो गईं। माफिया के रूपक बने दोनों भाई मारे गए।

यह हत्यावादी हमला भी किसी साजिशाना रणनीति का हिस्सा हो सकता है! अतीक और अशरफ को 'लाश' बनाने वालों ने आत्म-समर्पण भी कर दिया। उन पर हत्या का मुकदमा चल सकता है। साक्ष्य बिल्कुल स्पष्ट और सार्वजनिक हैं। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न्यायिक आयोग से जांच के आदेश दिए हैं। बेशक अतीक की माफियागीरी का फिलहाल अंत हो चुका है, लेकिन उसके चार बेटे (दो बालिग, दो नाबालिग) पुलिस की गिरफ्त में हैं।

लेकिन जिस तरह की राजनीति अतीक और अशरफ की हत्या के बाद की जा रही है, वो सोचने को मजबूर करती है। अतीक और अशरफ की मौत को चंद सियासी दल और संगठन सांप्रदायिक मुद्दा बनाने की कोशिश लगातार कर रहे हैं। सपा, बसपा और ओवैसी इस हत्याकांड को 'मुस्लिमवाद' के तौर पर प्रचारित करने में प्रयासरत हैं। यह खुला तथ्य है कि अतीक को मुलायम सिंह यादव और मायावती सरीखे नेताओं का संरक्षण हासिल था, जिसकी छाया में वह माफिया बनता चला गया। अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन उमेश पाल शूटआउट केस में नामजद अभियुक्त हैं। उमेश पाल शूटआउट केस में संलिप्तता सामने आने के बाद पुलिस ने 50 हजार का इनाम घोषित किया है।

फिलवक्त फरार चल रही शाइस्ता ने इस साल जनवरी की पांच तारीख का असदुद्दीन की पार्टी एआईएमआईएम को छोड़कर बसपा का दामन थामा था। शाइस्ता के साथ उनके तीन बेटों ने भी बसपा की सदस्यता ली थी। उस वक्त यूपी निकाय चुनाव टलने की वजह से आज अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता को आधिकारिक तौर पर प्रयागराज सीट से मेयर का उम्मीदवार घोषित नहीं किया गया था। इसके बावजूद मंच से कई बार यह बात कही गई कि जब भी चुनाव होगा और शाइस्ता परवीन टिकट चाहेंगी तो पार्टी उन्हें ही उम्मीदवार बनाएगी। आज अगर उमेश पाल हत्याकाण्ड न हुआ होता तो, शाइस्ता परवीन अपने गुर्गों के साथ प्रयागराज में घर-घर जाकर अपने लिए वोट मांग रही होती। और हो सकता है वो माननीय मेयर भी बन जाती।

अतीक की हत्या के बाद जिस तरह की राजनीति चंद सियासी दल कर रहे हैं। और जिस तरह की रिपोर्ट कुछ पत्रकार और मीडिया हाउस कर रहे हैं, वो साफ तौर पर दशार्ता है कि अपराधी नेता और मीडिया की दोस्ती कितनी गहरी है। माफिया अतीक अहमद कई राजनीतिक दलों और नेताओं के 'अतीक जी' हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का मानना है कि जनाजा 'अतीक जी' का नहीं, कानून का निकला है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अतीक-अशरफ पर जानलेवा हमले को 'भारत के संविधान पर हमला' करार दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा प्रमुख मायावती और ओवैसी सरीखे नेताओं की फेहरिस्त लंबी है, जो अतीक-अशरफ की हत्या को 'लोकतंत्र की हत्या' मान रहे हैं। यह सबसे विरोधाभासी उपमा है। अतीक कब लोकतंत्रवादी था? जरा इस सवाल की व्याख्या वे नेतागण कर दें, जो आज रुदाली-प्रलाप में डूबे हैं।

अतीक मुलायम सिंह यादव और मायावती के करीब और संरक्षण में रहा है, लिहाजा सपा-बसपा के नेताओं ने मुठभेड़ और कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। चूंकि ओवैसी 'मुस्लिमवादी' सियासत करते हैं, लिहाजा वह चिंघाड़ रहे हैं कि पुलिस ही मुठभेड़ में मारती रहेगी, तो अदालतें और जज क्या करेंगे? अदालतों पर ताले लटका देने चाहिए। किसी भी अपराध की सजा सरकार और पुलिस नहीं, न्यायपालिका तय करती है। अतीक के जरिए ही राजनीति का अपराधीकरण भी खूब बढ़ा, क्योंकि उप्र में सपा सरकार ने 2 बार, कांग्रेस सरकार ने एक बार और भाजपा गठबंधन की सरकार ने भी एक बार, अतीक के खिलाफ, 'गैंगस्टर एक्ट' वापस लिया था। कानून का मजाक उड़ाया गया। दुहाई यह दी जा रही है कि किसी भी अपराधी और माफिया को सजा देने का दायित्व और अधिकार अदालत और कानून-संविधान का है। कमोबेश हमारी सोच भी यही है कि देश कानून-संविधान से ही चलना चाहिए। हम मुठभेड़ी हत्याओं और सरेआम लाशें बिछा देने की करतूतों के खिलाफ हैं, लेकिन ऐसा हरेक सरकार में होता रहा है। विपक्ष में आते ही विस्मृति छाने लगती है।

गौरतलब यह है कि किसी निचली अदालत के नहीं, बल्कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 10 न्यायाधीश इतने खौफजदा थे कि उन्होंने अतीक से जुड़े आपराधिक मामलों की सुनवाई से ही इंकार कर दिया था। उन न्यायाधीशों के नाम आज सार्वजनिक हो चुके हैं। संदर्भ 2010 और उसके बाद के हैं। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने अतीक के केस जिस भी न्यायमूर्ति को सुनने के लिए दिए, उसी ने हाथ खड़े कर दिए। सुनवाई से अलग ही रहे। किसी अन्य न्यायाधीश को रेफर करने का आग्रह किया।

नतीजतन अतीक के खिलाफ करीब 44 सालों तक कोई भी अदालती फैसला नहीं आ सका। कानून अप्रासंगिक बनकर रह गया। अतीक अपराध करता रहा। माफिया भी बन गया। हत्याओं के केस लगातार दर्ज होते रहे। जमीनों पर कब्जे किए जाते रहे। फिरौतियां वसूली गईं। वह जेल तो गया, लेकिन किसी भी कानून ने उसे सजा नहीं सुनाई। ये तथ्य भी सामने आए हैं कि अतीक के तार पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े थे। उसके लश्कर-ए-तैयबा सरीखे आतंकी संगठन से भी नापाक जुड़ाव थे। अतीक ने पाकिस्तान और हमारे पंजाब के रास्ते विदेशी हथियार और फंडिंग आदि प्राप्त किए थे। क्या यह माफिया भारत-विरोधी भी रहा है?

अतीक के खिलाफ 100 से अधिक आपराधिक केस बताए जा रहे हैं। करीब दर्जन भर राज्यों में अतीक की ठेकेदारी भी माफियागीरी की तर्ज पर चलती रही। उसने अपराध और कारोबार से करोड़ों रुपए अर्जित किए। अतीक ने माफियागीरी से करीब 11,000 करोड़ रुपए की संपदा बनाई। मौजूदा उप्र सरकार और पुलिस का दावा है कि उसने अतीक गैंग की 1169.20 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियों का जब्तीकरण और ध्वस्तीकरण किया है। किसी कानून और जांच एजेंसी ने आकलन करने की हिम्मत की थी कि माफिया अतीक के पास इतनी संपदा कहां से और कैसे आई?

कानून तो मानो अतीक का बंधक बना था। नेतागण आज किस कानून की दुहाई दे रहे हैं? ऐसी स्थितियों और समीकरणों में कानून और अदालतें क्या कर सकती थीं? उप्र में बीते छह साल से भाजपा की योगी सरकार है, लिहाजा आंकड़े गिनाए जा रहे हैं कि इस दौरान कितनी मुठभेड़ें की गईं और उन्हें कोई भी इंसाफ नहीं मिला। हम भी इसी सोच के पक्षधर हैं कि अंतिम न्यायवादी निर्णय अदालत का ही होना चाहिए, लेकिन अतीक जैसे माफिया को अदालतें सजा ही नहीं सुना पा रही हैं, तो सरकार और पुलिस क्या करे? क्या माफियागीरी को जिंदा रहने दें, फलने-फूलने दें? इस पहलू पर भी विचार किया जाना चाहिए। माफिया का महिमामंडन और उसे बेचारा साबित करने की बजाय राजनीतिक दल आम आदमी से जुड़े तमाम मुद्दों की ओर ध्यान देंगे तो लोक और तंत्र दोनों का उससे कल्याण होगा।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, संपर्क -99 3624 7777)**

**अतीक की हत्या के बाद जिस तरह की राजनीति चंद सियासी दल कर रहे हैं। और जिस तरह की रिपोर्ट कुछ पत्रकार और मीडिया हाउस कर रहे हैं, वो साफ तौर पर दशार्ता है कि अपराधी नेता और मीडिया की दोस्ती कितनी गहरी है। माफिया अतीक अहमद कई राजनीतिक दलों और नेताओं के 'अतीक जी' हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का मानना है कि जनाजा 'अतीक जी' का नहीं, कानून का निकला है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अतीक-अशरफ पर जानलेवा हमले को 'भारत के संविधान पर हमला' करार दिया है।**

## विश्व पुस्तक दिवस



# किताबें आत्मचेतस बनाती हैं

**राजेन्द्र वर्मा**

23 अप्रैल को 'विश्व पुस्तक दिवस' मनाया जाता है। पुस्तकें साहित्य का पर्याय है। यों साहित्य के अलावा भी अनेक विषयों की पुस्तकें रची गई हैं जो हमारे लिए अत्यंत उपयोगी हैं, लेकिन साहित्य सभी विषयों को समेटता है क्योंकि उसके मूल में संवेदना होती है और उसका उद्देश्य भी यही होता है कि मनुष्य में संवेदना बनी रहे। उपभोक्तावाद के दबाव ने साहित्य को परे धकेल दिया है। हिंदी के क्लैसिक्स तक पढ़े जाने को तरस रहे हैं। उच्च और मध्य वर्ग ही पुस्तकें खरीदता और पढ़ता रहा है। उनकी देखा-देखी हिंदी का मध्यवर्गीय तबका भी हिंदी की किताबें खरीदकर पढ़ने लगा। आज से पचास साल पहले जिसके घर में किताबें होती थीं, वह पढ़ा-लिखा आदमी समझा जाता था और उसके बच्चे भी पठन-पाठन की संस्कृति को आगे बढ़ाते थे, लेकिन इधर मध्यवर्ग, विशेषतः निम्न-मध्य वर्ग ने किताबों से दूरी ही बना रखी है। एक तो बच्चों की अंग्रेजी मीडियम की पढ़ाई और ऊपर से हर बेडरूम में लगा टी.वी. सेट ने किताबों को लगभग अलविदा कह दिया है। गाँव से शहर आकर हिंदी मीडियम वाली पीढ़ी को तो छोड़िए, शहर के बाशिंदे भी पढ़ने-लिखने से अधिक ताल्लुक नहीं रखते।

साहित्यिक पत्रिकाओं का तो और भी बुरा हाल है। इसके वही ग्राहक होते हैं जो इसके लेखक या कवि होते हैं। आम पाठक तक शायद ही वे पहुँचती हों। कुछ मासिक या त्रैमासिक जरूर अपवाद हैं, जैसे– हंस, कथादेश, आजकल, इंद्रप्रस्थ भारती, हरिगंधा आदि। इनमें से अनेक तो सरकारी खजाने से छपती हैं। उन्हें घाटे-मुनाफे की क्या परवाह! आम आदमी अखबार का मुख पृष्ठ और अपने शहर की खबरें पढ़ता है जिसमें विज्ञापन ही विज्ञापन होते हैं– वे चाहे उत्पाद के हों अथवा समाचारों में राजनीतिक विचारों के। सत्ता के विज्ञापन ने सबको छेंक लिया है। अखबार वाले भी जानते हैं कि क्या छापा जाए कि सत्ता खुश रहे और उसे भरपूर विज्ञापन मिले। फिर भी जो थोड़ा-बहुत संपादकीय पृष्ठ पर छपता है, वह भी आम पाठक नहीं पढ़ता। इस आम पाठक में पढ़े-लिखे मध्यवर्ग के लोग भी आते हैं। फिर नागरिक चेतना के उत्थान में समाचार पत्र कैसे योगदान करेंगे?

मैं बैंक सेवा से ठीक-ठाक पद से रिटायर हुआ। दस-बारह बैंकवाले मित्र हैं। वे भी मैनेजर, चीफ मैनेजर, ए.जी.एम. पद से रिटायर हुए, लेकिन एकाध को छोड़ मुझे उनके घरों में बीस किताबों वाली भी लाइब्रेरी नहीं मिली– न हिंदी की, न अंग्रेजी की। महँगी उपभोक्ता सामग्री में कोई कमी नहीं है। एच.आई.जी. या एम.आई.जी मकान, आठ-दस लाख की कार, महँगे टी.वी., म्युजिक सिस्टम, लैपटॉप, 4 जी के महँगे मोबाइल आदि में कोई कमी नहीं, लेकिन पचास-साठ हजार पेंशन पानेवाले तथाकथित पढ़े-लिखे बुद्धिजीवी लोगों के घर में हिंदी-अंग्रेजी की दस-बारह साहित्यिक किताबें तक नहीं।

इन जैसे लोगों के घरों में रामचरितमानस या भगवत्गीता भले मिल जाए, लेकिन लखनऊ में बसे या यहाँ के स्थायी निवासी इन बुद्धिजीवियों के घर में लखनऊ के ही यशपाल, भगवतीचरण वर्मा, अमृतलाल नागर, श्रीलाल शुक्ल, मुद्रा राक्षस, अखिलेश जैसे साहित्यकारों की किताबें नहीं मिलेंगी। दुनिया के मशहूर लेखक, शेक्स्पीयर, चेखव, मार्क्स, गोर्की की तो छोड़िए, प्रेमचंद की कहानियाँ और उनका विश्वप्रसिद्ध 'गोदान' तक मिलना मुश्किल है। और तो और, जो उपन्यास या कहानियाँ उन्होंने अपने हिंदी के कोर्स में पढ़ीं, उनको भी दुबारा पढ़ना नहीं चाहते। हिंदी पट्टी के ऐसे लोगों पर तरस आता है। उनकी चेतना के उत्थान को लेकर कैसे आश्वस्त हुआ जाए।

मुझे यह देखकर हैरत होती है कि कबाड़ी के पास अच्छी खासी हालत वाली तमाम साहित्यिक किताबें कहाँ से आती हैं? जाहिर है लोग उन्हें बेचते ही हैं। हाल ही में अखबार बेचते समय देखा कि कबाड़ी ने जो कबाड़ खरीदा था, उसमें से कबीर, तुलसी और प्रेमचंद की किताबों को अपने लिए छाँट रखी थीं। यह स्थिति देखकर मुझे एक दोहा सूझा– हृदय कबाड़ी का हुआ, क्षण के लिए अधीर।जब तुलने को आ गए, तुलसी-सूर-कबीर॥

मुझे तो उनकी बुद्धि पर तरस आता है जो क्लासिकल साहित्यिक पुस्तकें कबाड़ में बेच देते हैं। अगर किसी ने किसी साहित्यिक या अन्य महत्त्वपूर्ण किताब को एक बार पढ़ लिया तो क्या उसका काम खत्म हो जाता है। अच्छी बातें या गूढ़ विषय बार-बार पढ़ने-समझने की जरूरत होती है। ज्यों-ज्यों हमारी चेतना का विकास होता है, त्यों-त्यों उनके पुनर्पाठ की जरूरत होती है। इस प्रकार किताबों का मूल्य बढ़ता जाता है और वे हमारे सोच और दर्शन के नए आयाम खोलती हैं। फिर भी अगर किसी को लगता है कि उसे किसी खास किताब को दुबारा पढ़ने की जरूरत नहीं, तो वह उस किताब को किसी जरूरतमंद को दे सकता है।

अपने पड़ोसी, मित्र या रिश्तेदार को पढ़वा सकता है। कभी किताबें पुरस्कार में मिलती थीं और जन्मदिन आदि के मौके पर किताबें भेंट की जाती थीं, लेकिन अब उसकी जगह उपभोक्ता वस्तुओं ने ले ली है। दो-ढाई सौ रुपये के एक बुके के बदले अगर हम दस-पंद्रह रुपये की एक फ्लावर बड ले लें तो बाकी रुपयों से कोई किताब भेंट कर सकते हैं।

आइए, आज के अवसर पर हम अपने पुस्तकालय के लिए विश्वप्रसिद्ध किताबें खरीदने और उन्हें सहेजने के साथ-साथ और मित्रों-रिश्तेदारों को किताब भेंट करने का सिलसिला फिर से शुरू करें। इस दिशा में अपने शहर के साहित्यकारों को यदि प्राथमिकता दे सकें तो और भी अच्छा।

**(संपर्क.80096 60096)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# विंध्य कॉरिडोर में राजस्थान के पत्थर कारीगरों ने काम बंद कर दिया धरना

## मौके पर पंहुचे क्षेत्राधिकारी ने मजदूरों को समझा बुझा कर कराया काम शुरू

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** विन्ध्याचल में रविवार को दिन विंध्य कॉरिडोर परिक्रमा पथ निर्माण कार्य में लगे पत्थर कारीगरों ने थानाध्यक्ष से नाराज होकर काम बंद कर धरने पर बैठ गए, मौके पर पंहुचे सीओ ने कारीगरों को समझा बुझा कर काम शुरू कराया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को कॉरिडोर परिक्रमा पथ में कारीगरों ने काम बंद कर धरना पर बैठ गए थे। सुपरवाइजर रमेश चंद्र सैनी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा 30 मई तक कार्य को पूरा करने का लक्ष्य दिया गया था जिसके बाद राजस्थान से आये 85 कारीगर लगातार कार्य कर रहे है। पुरानी वीआईपी से बड़ी निर्माण सामग्री को लाने के लिए वाहन का आवागमन होता है, मंदिर तक श्रद्धालुओं का चारपहिया वाहन का जमावड़ा लगा रहता है जिसके कारण निर्माण बड़ी सामग्री नही आ पाता जब वाहनों के आने का विरोध करते है तो थानाध्यक्ष जेल भेजने की धमकी देते है।



प्रदर्शन करते राजस्थान के श्रमिक

रविवार को निर्माण सामग्री लाते समय एक श्रद्धालु के वाहन में धक्का लग गया जिसके कारण थानाध्यक्ष ने जेल में डालने को धमकी दे दी और मारने पीटने की धमकी देने लगे। थानाध्यक्ष के लगातार धमकी से प्रताड़ित होकर कारीगरों ने काम बंद कर दिया।

करीब चार घंटे तक बंद होने के बाद मौके पर पंहुचे क्षेत्राधिकारी परमानन्द कुशवाहा ने कारीगरों से बात किया और आश्वासन दिया कि आगे से निर्माण सामग्री लाने में आवागमन सम्बंधित किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नही होगी।

सीओ ने कहा कि प्रोटोकाल में आने वाले अधिकारियों के वाहन मंदिर तक आएंगे लेकिन अधिकारी के उतरने के बाद वाहन पुनः नीचे चले जायेंगे। सीओ के आश्वासन के बाद कारीगरों ने काम शुरू किया।

## अनुपस्थित कार्मिक 24 अप्रैल को प्रशिक्षण में उपस्थित होना करें सुनिश्चित

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण राजकीय इण्टर कालेज महुवरिया मीरजापुर में शुक्रवार को प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण में कतिपय विभाग के कार्मिक-यथा हरि प्रसाद सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी हलिया, रविशंकर यादव खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी, नवनीत कुमार शर्मा खण्ड शिक्षा अधिकारी मड़िहान, अजय कुमार सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी छानबे, निषार अहमद खण्ड शिक्षा अधिकारी छानबे, इमामरजा खण्ड शिक्षा अधिकारी लालगंज, गौरव सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी लालगंज, महेन्द्र कुमार खण्ड विकास अधिकारी लालगंज, निजामुद्दीन शाह खण्ड शिक्षा अधिकारी लालगंज, विजय बहादुर खण्ड शिक्षा अधिकारी हलिया, रामभरत सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी लालगंज, सौरभ कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी लालगंज प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाये गये। उपरोक्त अनुपस्थित कार्मिको को विभागधाध्यक्ष अपने स्तर से दिनांक 24 अप्रैल 2023 को प्रशिक्षण में उपस्थित होने हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें। साथ ही अनुपस्थित मतदान कार्मिकों को रविवार को राजकीय इण्टर कालेज महुवरिया में समय प्रातः 10:00 बजे प्रशिक्षण में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि को उपरोक्त मतदान कार्मिक यदि प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाये जाते है तो अनुपस्थित कार्मिक का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धारा के अन्तर्गत कार्यवाही कर दी जायेगी तथा यदि यह पाया जाता है कि आप द्वारा सम्बन्धित कार्मिक को प्रशिक्षण में उपस्थित होने हेतु निर्देशित नहीं किया गया है तो आपके विरूद्ध भी उपरोक्तानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी, जिसके लिए आप स्वतः जिम्मेंदार होंगे।

## संक्षेप

### सांसद मनोज तिवारी ने बच्चों का कराया मुंडन संस्कार



**मीरजापुर।** जनपद में रविवार की सुबह माता विंध्यवासिनी की पावन नगरी में मन्नतों साथ आये भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी अपनी पत्नी सुरभि तिवारी के साथ माता के श्री चरणों में शीश नवाया। सांसद मनोज तिवारी ने माता विंध्यवासिनी के दर्शन पूजन पश्चात परिवार संग मंदिर परिषद के राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में अपने चार माह की पुत्री मनोज्ञा एवं ढाई वर्षीय पुत्री शान्विका का मुण्डन कराकर दर्शन पूजन किया। मुंडन कार्यक्रम में सांसद परिजनों की तरफ से बुआ श्रुति तिवारी और नानी नूतन देवी मौजूद रही। माता विंध्यवासिनी के दर्शन पूजन का कार्यक्रम पुरोहित सुमित पांडेय ने विधि विधान से संपन्न कराया।

### 101 कन्याएं ने कलश में जल भरकर पहुंची मंदिर

**हलिया।** क्षेत्र के खोदाईपुर गांव स्थित गौरीशंकर महादेव मंदिर पर रविवार से आयोजित होने वाले श्रीमद्भागवत कथा के लिए गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। 101 कन्याओं ने अलोमती मंदिर परिसर बबुरा कला से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरकर ग्रामीणों संग गाजे बाजे के साथ खोदाईपुर गौरीशंकर मंदिर पर पहुंची। जहां कथा स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान के साथ कलश स्थापित किया गया। सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन गौरीशंकर मंदिर सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है। गौरीशंकर मंदिर सेवा समिति के सुशील पयासी ने बताया कि विश्व कल्याण के लिए गौरीशंकर महादेव मंदिर परिसर में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। वृन्दावन से पधारे श्रीमद्भागवत कथावाचक भागवत भूषण पंडित कपिल उपमन्यु जी महाराज 23 अप्रैल से 29 अप्रैल तक दोपहर तीन बजे से सायं 7 बजे तक भक्तों को श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान कराएंगे। कलश यात्रा में राम आसरे मिश्र, अभिमन्यु प्रसाद द्विवेदी, सुशील पयासी, हरे कृष्ण दुबे, मोनू सिंह, विपिन मिश्र, कमला शंकर द्विवेदी, प्रदीप दुबे, राजेश मिश्रा, अखिलेश द्विवेदी आदि शामिल रहे।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला सहित दो झुलसे

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरी गांव के पहड़ी पर कच्चे मकान के बरामदे में बैठी महिला व उसका जेठ शनिवार की रात 7 बजे के करीब आकाशीय बिजली की चपेट आकर अचेत हो गये। आनन फानन में परिजन उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से पीएचसी हलिया लेकर गये जहां महिला के जेठ की हालत सामान्य है जबकि महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। बरी पहड़ी निवासी अनिल की तीस वर्षीया पत्नी उर्मिला तथा 40 वर्षीय जेठ बद्री प्रसाद कच्चे मकान के बरामदे में बैठे थे कि अचानक गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली घर के पास गिर पड़ी जिसकी चपेट में आकर दोनों अचेत हो गए। परिजनों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों घायलों का चिकित्साधिकारी विवेक खरे उपचार कर रहे हैं महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। चिकित्सक विवेक खरे ने बताया कि महिला की हालत में सुधार नही होने पर बेहतर उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।

### अनियंत्रित होकर पलटा आटो रिक्शा, महिला समेत कई घायल

**जमालपुर।** क्षेत्र के बेलहर गांव के पास रविवार को शेरवां की तरफ से आ रही आटो रिक्शा से भरी सवारी अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे आटो में सवार सहित एक राहगीर चोटिल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर में इलाज कराया गया। आटो रिक्शा का पीछे की सीट भरें होने की वजह से चालक ने दो लोगों को आगे सीट पर बैठाकर गाड़ी का राड पकड़ने के लिए बोला तो 60 वर्षीय महिला ने राड की जगह एक हाथ से स्टेयरिंग पकड़ लिया और जैसें ही बेलहर गांव की ओर से रिक्शा आगे बढ़ा कि अचानक पलट गया और चार लोग चोटिल हो गए। जमीला 65 वर्ष निवासी भुइली थाना अदलहाट ईद पर्व पर अपने रिश्तेदार के यहां बिक्सी आई थी और अपने घर आटो से जा रहीं थी कि गंभीर रूप से चोटिल हो गई जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर में चल रहा है। पार्वती 45 वर्ष निवासी शेरवां चोटिल हो गई जिसका इलाज स्थानीय चिकित्सक के यहां कराया गया। राजेश 30 वर्ष पुत्र मोती अपने घर से पैदल सड़क के एक तरफ से जा रहा था कि अचानक अनियंत्रित टैम्पो से टकरा गया और चोटिल हो गया। चालक नंदलाल निवासी शेरवा आंशिक रूप से चोटिल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा और आटो रिक्शा को कब्जे में ले लिया है।

### भूमि को दोबारा बैनामा कराने वाले आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** कूटरचित दस्तावेज तैयार कर भूमि को दोबारा बैनामा कराने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना को0देहात, मीरजापुर पर 07 नवम्बर 2022 को वादिनी किरन उर्फ मीरा पत्नी योगेन्द्र सिंह यादव निवासिनी छोटा मिजार्पुर थाना को0कटरा मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध धोखाधड़ी कर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर भूमि का दोबारा बैनामा करा लेने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0 देहात पर धारा 420, 46, 468, 471, 506,120बी भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में घटना में संलिप्त आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को0देहात को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के क्रम में उ0नि0 विजय कुमार राय चौकी प्रभारी बरकछा थाना को0देहात मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0देहात क्षेत्र से नामजद आरोपी सुरेश मनीष कुमार यादव पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी दुगार्बाजार थाना को0कटरा मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### 6 दिनों से लापता है युवक, परेशान हैं परिजन

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत धसड़ा गांव निवासी 27 वर्षीय आलोक कुमार तिवारी विगत 6 दिनों से बिना बताए घर से लापता हो गए हैं। परिजन किसी अनहोनी को लेकर परेशान है और उनमें चिंताएं बढ़ती जा रही है। लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत धसड़ा गांव निवासी आलोक कुमार तिवारी पुत्र स्वर्गीय रमेश तिवारी विगत 18 अप्रैल को चार बजे घर पर बिना किसी को बताए लापता हो गए है। परिजन संभावित स्थानों पर बहुत खोजबीन किया लेकिन कहीं पता नहीं चल सका है। परिजन किसी अनहोनी को लेकर परेशान है।

### दो वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लालगंज।** स्थानीय पुलिस द्वारा 2 वारण्टी पति पत्नी को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय के वास्ते जेल भेजा गया। लालगंज थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया को मुखबिर कि सूचना पर उनके द्वारा थाने के उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार के साथ मय पुलिस को भेजकर तेन्दुहनी गांव निवासी न्यायालय में वांछित चल रहे दो वारंटी काशीनाथ पुत्र तेजई व अनन्ती देवी को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेज दिए गए। पुलिस की लगातार इस तरह की कार्रवाई से अवांछनीय तत्वों में भय व्याप्त हो गया है।

### बिछड़े दंपत्तियों को पुलिस ने मिलाया

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र को बड़ी सफलता मिली है। रविवार को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के छः बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान परिवार परामर्श केन्द्र महिला उपनिरीक्षक शशि तिवारी, महिला आरक्षी सपना तथा सदस्यगण डॉ.कृष्णा सिंह, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### डीजल पीने से बालक की हालत बिगड़ी

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव में रविवार शाम को तीन वर्षीय बालक डीजल पीने से अचेत हो गया। आनन-फानन में परिजन उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए जहां बालक का उपचार का उपचार किया जा रहा है। सोनगढ़ा गांव निवासी नईमुद्दीन का तीन वर्षीय बेटा नौसाद घर में पंपसेट में डालने के बाद बचा हुआ डीजल गिलास में रखा था जिसे अबोध बालक ने पी लिया और हालत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए। जहां बालक का उपचार किया जा रहा है। हालात सामान्य बताई जा रही है।

### मरीजों में वितरित किया फल

**मीरजापुर।** ऊमर ओमर वैश्य परिषद के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दान के महापर्व अक्षय तृतीया के अवसर पर फल वितरण का कार्यक्रम मंडलीय चिकित्सालय मीरजापुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों जरूरतमंद मरीजों को फल बिस्किट का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से परिषद के अध्यक्ष मनु लाल गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष गौरव ऊमर, बसन्त ओमर, आशुकान्त चुनाहे, मनीष गुप्ता, राजेश ऊमर, अनुप गुप्ता, नागेश्वर, देवेन्द्र गुप्ता, सुमित गुप्ता उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे आने से मौत, मामला संदिग्ध

**चुनार।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कुसमी कला गांव निवासी रामानंद उर्फ मूसई उम्र 20 वर्ष पुत्र हीरालाल आरएलजी सीमेंट फैक्ट्री बड़ागांव से अपने ट्रैक्टर पर सीमेंट लादकर गेट पर बिल्टी बनवाने के लिए खड़ा था। कब और कैसे ट्रैक्टर चल दी। जिस चक्के के नीचे आने से रामानंद की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रामानंद व भाई कृष्णा भोर में बाइक से चार बजे गए हुए थे। टैक्टर पर पहले से सीमेंट लदा था। दोनों भाई रामानद व कृष्णा टैक्टर को लेकर गेट पर विल्टी बनवाने गये, तब तक कृणा को शौच लग गया। जिसे वह गेट के पास खेत में शौच करने चला गया। तभी गेट खुला और ट्रैक्टर अपने आप चली हुई आ रही थी। रामानंद के भाई का कहना है कि ट्रैक्टर एक नंबर गियर में खड़ी थी। बिना स्टार्ट किए कैसे चल दी। मृतक के घर वालों का और उनके पिता हीरालाल ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि मेरे भाई को कंपनी के कर्मचारियों ने ही मार डाला। मामला संदिग्ध बताया जा रहा है। पुलिस एफ आई आर दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा।

# संदिग्ध परिस्थिति में श्रमिक की मौत

**परिजनों ने किया बवाल**

### मौके पर पहुंचे एएसपी नक्सल व डाग स्क्वायड की टीम

जनसंदेश न्यूज



घटना के बाद मौके पर पूछताछ करते एएसपी नक्सल



घटना की जांच करते थानाध्यक्ष पड़री

**जिगना।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गोनौरा शिवपुर गांव में शनिवार की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत हो गई। जिगना थाना क्षेत्र के गोनौरा गांव निवासी लालमणि बिंद पुत्र उमापति बिंद उम्र लगभग 45 वर्ष जो का हर घर नल योजना के तहत पानी टंकी निर्माण में लगे मजदूरों से विवाद हो गया।

विवाद के बाद अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जाता है की गोनोरा गांव में हर घर नल योजना के तहत पानी की टंकी बन रही है। जिसमें काम करने के लिए बिहार से मजदूर आये हुए है। लालमणि का मजदूरों से किसी बात को लेकर शनिवार को झगड़ा हुआ था, जिसके बाद मजदूरों ने मिलकर जमकर पिटाई कर दी। मृतक युवक मांडा क्षेत्र में रेलवे में ठेकेदारी का काम करता था। मृतक रविवार को काम पर गया था, जहां इसी बीच रविवार शाम से ही यह गायब हो गया। देर रात ना पहुंचने पर घरवाले अगल बगल ढूंढने लगे, लेकिन पता नहीं चला। भोर में पानी टंकी के बगल युवक मृतावस्था में पाया गया। युवक की जेब से पैसा और मोबाइल बरामद हुआ है। मृतक की पत्नी का आरोप है कि बिहार से आये मजदूर व कुछ स्थानीय लोगों ने मिलकर पति की हत्या का अंजाम दिया है। घटना के बाद से ही पानी टंकी के मजदूर व ठेकेदार फरार हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे एसपी नक्सल ओपी सिंह व थाना प्रभारी अरविंद पांडेय ने मामले की छानबीन की। घटनास्थल पर डाग स्क्वायड की टीम ने जांच किया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## राजगीर मिस्त्री ने साड़ी के फंदे पर झूलकर की आत्महत्या

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के कोटवा गाँव के हरिजन बस्ती में रविवार की भोर में विगत माह से मानसिक संतुलन न ठीक होने से राजगीर मिस्त्री ने साड़ी के फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुँचे थानाध्यक्ष अजित कुमार श्रीवास्तव ने शव को फंदे से नीचे उतरवाते हुए पंचनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के विषय मे बताया जा रहा है कि कोटवा गांव निवासी मनोज कुमार 30 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राजाराम हरिजन रविवार की सुबह चार बजे भोर पंखे में साड़ी बांधकर फांसी लगा लिया। पुलिस के अनुसार मनोज विगत एक माह से मानसिक रूप से डिस्टर्ब चल रहा था। मौके पर पहुँची पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पंचायत नामा की कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृत युवक पेशे से राजगीर मिस्त्री था और इधर एक माह से मानसिक संतुलन ठीक न होने से डिस्टर्ब चल रहा था। घटना से पत्नी पलक व दो बच्चों समेत घर के अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृत युवक के माता शान्ति देवी व पिता राजाराम की भी मौत विगत कई वर्ष पहले हो चुका है।

# अध्यक्ष व सभासद के प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**चुनाव**

### कछवां में कांग्रेस ने किया नामांकन

**चुनार।** निकाय चुनाव में रविवार को चुनार नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस प्रत्याशी मंसूर अहमद दो सेट में, बसपा प्रत्याशी रमाशंकर पटेल दो सेट में व आम आदमी पार्टी से मोहन यादव ने दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं नगर पालिका अहरौरा के अध्यक्ष पद हेतु सपा प्रत्याशी गोपाल दास जायसवाल ने एक सेट में कांग्रेस प्रत्याशी उमाशंकर ने दो सेट में व आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी रमेशचन्द्र केशरी ने एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

रिटर्निंग आफिसर नगर पालिका चुनार नवनीत सेहरा ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु तीन उम्मीदवारों ने व सदस्य पद हेतु उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। जबकि चुनार नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु जगदीश गुप्ता ने दो सेट में नामांकन पत्र की खरीद किया है। वहीं अहरौरा नगर पालिका के रिटर्निंग आफिसर अश्वनी सिंह ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु तीन उम्मीदवारों ने व सदस्य पद हेतु उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जबकि अध्यक्ष पद हेतु तेजचंद ने दो सेट में नामांकन पत्र खरीदा।

वहीं नगर निकाय नगर पंचायत कछवां अध्यक्ष पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रत्याशी राधा गुप्ता ने नामांकन किया। नामांकन के दौरान जिला पंचायत के सदस्य शिव शंकर चौबे, प्रमोद गुप्ता, अखिलेश सिंह, सतीश शर्मा, कुंज बिहारी उपाध्याय, मुन्ना मिश्रा, श्री राम पांडेय, अनुज मिश्रा, प्रवीण गुप्ता, चंदन गुप्ता, किशन गुप्ता एवं 9 सभासदों ने भी अपना नामांकन किया।

## कांग्रेस प्रत्याशी मंसूर अहमद ने अध्यक्ष पद हेतु किया नामांकन



**चुनार।** कांग्रेस प्रत्याशी मंसूर अहमद ने सैकड़ों की संख्या में दरगाह शरीफ चौराहे से अपना जुलूस निकालाकर केसरी प्रांगण में आकर नामांकन पत्र उपजिलाधिकारी नवनीत सेहरा के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान काशी प्रांत के अध्यक्ष अजय राय, पूर्व नगर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष शिव कुमार सिंह पटेल, पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी, सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष गुलाब चंद पांडे, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्र ज्योति, नगर अध्यक्ष आदित्य गुप्ता पदयात्री, शिवानी साहनी, आयुषी शुक्ला, भानु यादव, विजय जायसवाल, राजेश कुमार राजू, कमर वसीम, प्रतीक त्रिपाठी, जिला उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष अफसर अली अफसर, पूर्व नगर अध्यक्ष डॉक्टर सत्यवान श्रीवास्तव, देवी प्रसाद त्रिपाठी, श्यामधर उपाध्याय, डब्लू मिश्रा, धनुधारी यादव, अख्तर अली, मदन गुप्ता, रवि गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में सुनील पांडेय ने किया नामांकन

**मीरजापुर।** जनपद के नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के लिए आम आदमी पार्टी द्वारा अधिकृत प्रत्याशी के रूप में सुनील कुमार पांडेय ने अपना नामांकन पत्र दो सेट में दाखिल किया। नामांकन जुलूस घंटाघर मैदान से होकर पैदल मार्च करते हुए समस्त क्षेत्रों में भ्रमण कर कचहरी पहुंची जहां पर एसडीएम सदर के न्यायालय में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सुनील कुमार पांडेय ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन जुलूस में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेषधर दुबे, आम आदमी पार्टी के कद्दावर नेता लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, आम आदमी पार्टी के नगर के नेता संजय कुमार गुप्ता सहित कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



नामांकन करते आप प्रत्याशी

### मुख्य वन संरक्षक ने पौधशाला का निरीक्षण कर दिया निर्देश

**हलिया।** ड्रमंडगंज वनरेंज के सुखड़ा पौधशाला व वनरेंज में कराए जा रहे अग्रिम मृदा कार्यों तथा पूर्व में हुए पौधारोपण का मुख्य वन संरक्षक मीरजापुर वन प्रभाग रमेश चन्द्र झा ने रविवार को निरीक्षण किया। मुख्य वन संरक्षक ने सुखड़ा पौधशाला में विभिन्न प्रजातियों के नर्सरी प्रथम में 7 लाख 51 हजार व नर्सरी द्वितीय में तैयार किए जा रहे 7 लाख 28 हजार पौधों का निरीक्षण कर पौधों के रखरखाव समय से सिंचाई आदि कराने का क्षेत्रीय वन अधिकारी वीके तिवारी को निर्देश दिया। इसके बाद मुख्य वन संरक्षक आगामी पौधरोपण हेतु महुगढ़ वन ब्लाक के 2023 वगार्कार में कराए गए अग्रिम मृदा कार्यों का निरीक्षण किया। मुख्य वन संरक्षक ने वर्ष 2021 में कराए गए पौधारोपण का निरीक्षण किया। बड़े पैमाने पर पौधों के नदारद होने पर क्षेत्रीय वन अधिकारी को आड़े हाथों लिया और पौधों की सुरक्षा में लापरवाही नही बरतने की सख्त हिदायत दी। मुख्य वन संरक्षक ने नैड़ी प्लांटेशन में पौधारोपण हेतु कराए जा रहे अग्रिम मृदा कार्यों का निरीक्षण किया। मुख्य वन संरक्षक ने मौके पर मौजूद वनकर्मियों को वनों की सुरक्षा में लापरवाही नही बरतने की हिदायत देते हुए कहा कि वनों की सुरक्षा में लापरवाही क्षम्य नही है कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसडीओ जेपी सिंह, रेंजर वीरेन्द्र कुमार तिवारी,वनदरोगा रामनरेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

## शांति व्यवस्था में खलल पर होगी कठोर कार्रवाई : एसपी

**लालगंज।** छानवे विधानसभा उप चुनाव को लेकर शांति व्यवस्था वनाये रखने के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बीएसएफ व पुलिस फोर्स, पुलिस उपाधीक्षक संघ रविवार को शाम पांच बजे लालगंज में रूट मार्च किया। लालगंज कस्बा के बापू उपरौध इंटर कॉलेज मैदान से मेन रोड मार्ग पर होकर कस्बा के आखिरी छोर विजयपुर रोड पर उन्होंने रूट मार्च करते हुए आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज लालगंज के प्रांगण से लालगंज कस्बा में पुलिस फोर्स के साथ रूट मार्च निकाला गया। मेन रोड पर दुबार मोड़ होते हुए विजयपुर मोड़ से कस्बा के आखिरी छोर तक होते हुए लालगंज कोतवाली पहुंचे। रुट मार्च के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कस्बावासियों से मिलकर कानून व्यवस्था के साथ ही चुनाव में आने वाली अड़चनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने लोगों को लोकतंत्र के त्यौहार उपचुनाव को दृष्टिगत क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कहा कि अराजक तत्वों पर पुलिस की नजर रहेगी। अगर कोई शांति व्यवस्था में खलल डालने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रूट मार्च में पुलिस क्षेत्राधिकारी दीक्षांत राज, महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ज्ञानुप्रिया के अलावा सभी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने रूट मार्च के दौरान लालगंज कस्बा में जगह-जगह रुक कर लोगों से निडर होकर मतदान में भाग लेने का अपील किया। विजयपुर मोड़ तिराहे पर बैठे कुछ युवकों से मतदान के बारे में जानकारी लेते हुए उनके अनावश्यक बैठे होने पर तंज कसा और युवक के शर्ट के खुले बटन को बंद कराया।



ग्रामीणों से वार्ता करते एसपी

# भाजपा में दिग्गजों को लगा झटका

**मायूसी**

### श्याम सुंदर केशरी पर भाजपा ने लगाया दांव

### भाजपा में टिकट को लेकर चल रही रस्साकशीं पर लगा विराम

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी ने अपने वरिष्ठ नेताओं को मायूस कर दिया। रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष की सूची जारी की। तो कितने लोगों की मंशा पर पानी फिर गया। वहीं दिन-रात नगर पालिका अध्यक्ष बनने का सपना सच होने वाले प्रत्याशियों को मायूसी हाथ लगी।

मीरजापुर में नगर पालिका सीट को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे लेकिन टिकट ऐसे प्रत्याशी को मिला जिसकी कोई उम्मीद नहीं थी। भाजपा ने ऐसे प्रत्याशी पर अपना दांव लगाया कि अन्य दावेदार चित हो गए। वहीं जिले की 2 नगरपालिका सीटों पर केसरी बंधुओं का टिकट मिलना लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। माना जा रहा था कि भाजपा के दिग्गज नेता जो लगातार भाजपा को अपना सब कुछ समर्पित कर दिया था उन्हें शायद मौका मिल जाता लेकिन उन्हें सिर्फ मायूसी हाथ लगी।

सूत्रों की माने तो कुछ भाजपाई निर्दल प्रत्याशी के रूप में भी चुनाव लड़ने का मन बना रहे हैं। यह तो समय बताएगा की बाजी किसके हाथ लगेगी। फिलहाल अहरौरा और नगर पालिका नगर में भारतीय जनता पार्टी ने केसरी बंधुओं पर दांव लगाया। अब आने वाला समय बताएगा कि भारतीय जनता पार्टी ने जो टिकट दिया उनके प्रत्याशी पार्टी की उम्मीदों पर कितना खरा उतरते हैं या उन्हें उनकी तरफ से पार्टी को सिर्फ मायूसी हाथ लगेगी। भारतीय जनता पार्टी ने अंत समय में जिले में अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। भारतीय जनता पार्टी ने मिजार्पुर जिले से श्यामसुंदर केसरी को नगर पालिका से उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही चुनाव नगर पालिका से विजय बहादुर सिंह को उम्मीदवार बनाया है। अहरौरा नगर पालिका से ओमप्रकाश केसरी को अपना उम्मीदवार बनाया है। कछवां नगर पंचायत की सीट पर पिंकी मोदनवाल को उम्मीदवार बनाया है। समाजवादी पार्टी व कांग्रेस सहित अन्य दलों के द्वारा अपनी सूची को पहले ही जारी कर दिया गया था, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के द्वारा अभी तक अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गई थी। कई दलों में प्रत्याशियों की घोषणा हो जाने के बाद नाराज नेता दूसरों दलों में जाकर अपना ठिकाना लगा लिया, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने ऐसे समय में अपना टिकट जारी किया है जिसके बाद कोई नेता किसी भी दल में नहीं जा सकता है।

फिलहाल भारतीय जनता पार्टी ने मिर्जापुर नगर पालिका सीट से श्याम सुंदर केसरी को टिकट देकर सबको चौंका दिया है। अब देखना यह होगा कि भारतीय जनता पार्टी को इस फैसले से कितना फायदा होता हुआ दिखाई देगा। भारतीय जनता पार्टी ने अंत समय में जिले में अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। भारतीय जनता पार्टी ने मीरजापुर जिले से श्यामसुंदर केसरी को नगर पालिका से उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही चुनार नगर पालिका से विजय बहादुर सिंह को उम्मीदवार बनाया है। अहरौरा नगर पालिका से ओमप्रकाश केसरी को अपना उम्मीदवार बनाया है। कछवां नगर पंचायत की सीट पर पिंकी मोदनवाल को उम्मीदवार बनाया है। समाजवादी पार्टी व कांग्रेस सहित अन्य दलों के द्वारा अपनी सूची को पहले ही जारी कर दिया गया था, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के द्वारा अभी तक अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गई थी। कई दलों में प्रत्याशियों की घोषणा हो जाने के बाद नाराज नेता दूसरों दलों में जाकर अपना ठिकाना लगा लिया, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने ऐसे समय में अपना टिकट जारी किया है जिसके बाद कोई नेता किसी भी दल में नहीं जा सकता है। फिलहाल भारतीय जनता पार्टी ने मिर्जापुर नगर पालिका सीट से श्याम सुंदर केसरी को टिकट देकर सबको चौंका दिया है। अब देखना यह होगा कि भारतीय जनता पार्टी को इस फैसले से कितना फायदा होता हुआ दिखाई देगा।

## विराट को शून्य पर आउट कर बोल्ट ने लिया सौवां विकेट

**बेंगलूर।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान विराट कोहली अफसल रहे और खाता खोले बिना ही रॉयल्स के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट का शिकार बने। इस मैच में पारी की शुरूआत करते हुए विराट रॉयल्स के तेज गेंदबाज बोल्ट की रफ्तार के सामने नहीं टिक पाये। बोल्ट की पहली गेंद बिना किसी स्विंग के सीधी रही और विराट उसे खेलने में विफल रहे और गेंद उनके पैड से जा टकराई जिसपर अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू करार दिया। कोहली को आउट करने के साथ ही बोल्ट ने आईपीएल में अपने 100 विकेट भी पूरे किये हैं।



स्टूटगर्ट में बेलारुस की आर्यानका सबालेंका रुस की अनासतेशिया पोटापोवा को हराने के बाद उत्साहित नजर आयीं।

## विराट और गांगुली विवाद पर बोले शास्त्री, आगे बढ़ने के लिए हमेशा होती है जगह

**नई दिल्ली।** आईपीएम में पूर्व कप्तान विराट कोहली और दिल्ली कैपिटल्स के निदेशक सौरव गांगुली के बीच मतभेद नजर आये और इन दोनो ने पिछले मुकाबले में आमना-सामना होने पर हाथ तक नहीं मिलाया। यहां तक कि दोनो ने ही अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एकदूसरे को अनफॉलो कर दिया था। इस मामले से क्रिकेट प्रशंसक नाराज नजर आये। वहीं भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने इस मामले को लेकर कहा कि कितनी ही उम्र न हो जाये आगे बढ़ने के लिए कुछ न कुछ जगह जरुर होती है। शास्त्री से जब पूछा गया कि इस प्रकार के मामले आप कैसे सुलझाते तो उन्होने कहा

, ये इसपर निर्भर करता है कि मेरा रिश्ता कैस है। अगर मैं बात नहीं करना चाहता, तो ऐसे ही चलता रहेगा पर इसके अंत में जब आप जाते हैं और बैठते हैं, तो आपको लगता है कि आगे बढ़ने के लिए हमेशा कुछ जगह होती है, चाहे आप कितनी भी उम्र के क्यों न हों।

विराट और गांगुली के संबंधों में तनाव तब आया जब गांगुली बीसीसीआई प्रमुख थे। उस दौर में विराट ने जब टी20 कप्तानी छोड़ी तो उन्हें एकदिवसीय से भी बाहर कर दिया गया जिससे नाराज होकर विराट ने टेस्ट कप्तानी भी छोड़ दी। उस समय ये भी कहा गया था कि विराट पर कप्तानी छोड़ने का दबाव बनाया गया था हालांकि बीसीसीआई ने इससे इंकार किया है।

विराट का कहना है कि उन्हें एकदिवसीय कप्तानी से हटाने की जानकारी नहीं दी गयी थी जबकि बोर्ड का कहना था कि उन्हें पहले ही बता दिया गया था।



ब्रिटेन में फुटबॉल की नेशनल लीग में व्रेकसेम के लूक यंग ट्रॉफी उठाये हुए। वहीं इस दौरान सभी खिलाड़ी जश्न मनाते हुए नजर आये।

## सूर्यकुमार टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 6000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के खिलाफ हुए मैच में अपने अर्धशतक के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल कर ली है। सूर्यकुमार टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 6000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं। सूर्यकुमार ने पंजाब के खिलाफ 26 गेंदों पर 57 रन बनाये। उन्होंने अपनी इस पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाये। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 219.23 रहा। इस पारी के साथ ही सूर्या ने 248 मैच की 226 पारियों में 34.01 की औसत से 6,021 रन बनाये हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 149.55 रहा है। इस दौरान उन्होंने तीन शतक और 38 अर्धशतक लगाए हैं। सूर्या सबसे तेजी से छह हजार रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने ये रन 4017 गेंद में बनाये हैं। इससे पहले ये रिकार्ड सुरेश रैना के नाम था। रैना ने 4295 गेंदों में छह हजार रन बनाये थे। वहीं विश्व में सबसे तेजी से छह हजार रन बनाने के मामले में आंद्रे रसेल पहले नंबर पर हैं रसेल ने 3550 गेंदों में ही ये रन बनाये जबकि ग्लेन मैक्सवेल ने 3890, कीरोन पोलार्ड ने 3918) औ? क्रिस गेल ने4008 गेंदों में ये रन बनाये थे।

आइईपीएल की बात करें तो उन्होंने मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी टीमों की ओर से खेलते हुए 29.75 की औसत और 137.94 की स्ट्राइक रेट से 2,767 रन बनाए हैं।

वहीं टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सूर्यकुमार ने 48 मैचों की 46 पारियों में 46.52 के औसत और 175.76 के स्ट्राइक रेट से 1,675 रन बनाए हैं। उन्होंने 117 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ इस प्रारूप में भारत की ओर से तीन शतक और 13 अर्धशतक लगाये हैं।

## आईपीएल में आज आमने सामने होंगे दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद

**शाम 7:30 बजे से**

**हैदराबाद।** आईपीएल में सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद अपने घरेलू मैदान में जहां जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है। वहीं दूसरी ओर कैपिटल्स की नजर भी इस मैच में भी जीत पर रहेगी। अब तक इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसकी टीम को लगातार पांच मुकाबलों के बाद छठे मुकाबले में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से जीत मिली थी जिससे उसका मनोबल कुछ बढ़ा है। अंकतालिका में टीम हालांकि अब भी दो अंक लेकर सबसे नीचे है। टीम के बल्लेबाज अब तक असफल रहे हैं जिससे उसकी परेशानी बढ़ी है। दिल्ली को एकमात्र जीत पिछले मैच में

कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मिली थी। इस मैच में उसके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके केकेआर को 127 रन ही बनाने दिये। इसके बाद बाद कप्तान डेविड वार्नर और और अक्षर पटेल के अच्छे प्रदर्शन से टीम ने यह मुकाबला जीता। टीम के लिए सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और मिशेल मार्श का खराब फॉर्म सबसे बड़ी समस्या बना है। पृथ्वी एक मैच में भी 15 रनों से आगे नहीं बना पाये हैं।

वहीं मार्श चार मैचों में दो बार शून्य पर ही आउट हुए हैं। वहीं गेंदबाजी में भी मार्श का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा। इस कारण इस मैच में उनकी जगह पर रोवमैन पॉवेल या रिली रोसोयू को अवसर मिल सकता है। वहीं बल्लेबाज में युवाओं के विफल रहने से मनीष पांडे पर बड़ी पारी खेलने की जिम्मेदार रहेगी। अनुभवी ईशांत शर्मा ने सत्र में पहला मैच खेलते हुए शानदार स्पैल डाला और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वॉर्नर केकेआर के खिलाफ लय में दिखे और इस मैच में भी इसे बरकरार रखना चाहेंगे। दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद लगातार की टीम इस मैच से एक बार फिर जीत की राह पर लौटना चाहेगी। वह अभी छह मैचों में चार अंक लेकर नौवें स्थान पर बनी हुई है। टीम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन अब तक ठीम नहीं रहा है। टीम लक्ष्य का पीछे करने में भी नाकाम रही है।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

दिल्ली कैपिटल्स : डेविड वॉर्नर (कप्तान), पृथ्वी शॉ, फिल सॉल्ट, मिचेल मार्श, मनीष पांडे, अक्षर पटेल, अमन हाकिम खान, ललित यादव, कुलदीप यादव, एनरिच नोर्टजे, ईशांत शर्मा

सनराइजर्स हैदराबाद : एडेन मार्करम (कप्तान), हैरी ब्रूक, अभिषेक शर्मा, राहुल त्रिपाठी, मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन, वाशिंगटन सुंदर, मार्को जानसन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक मारकंडे, उमरान मलिक।

## आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में तीसरे नंबर पर पहुंचे रोहित

**मुम्बई।** मुम्बई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल के 16 वें सत्र में आक्रामक बल्लेबाज करते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रोहित ने इस मैच में अपनी 44 रनों की पारी में तीन छक्के लगाये। इस बल्लेबाज ने इसी के साथ ही 250 छक्के लगाने का रिकार्ड अपने नाम किया है। वह ढ़ाई सौ छक्के लगाने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। सबसे अधिक छक्के लगाने के मामले में वेस्टइंडीज के क्रिस गेल पहले नंबर पर हैं। उनके नाम 357 छक्के हैं। वहीं दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स के नाम आईपीएल में 251 छक्के हैं। रोहित के पास अब अगले मैच में डिविलियर्स का रिकार्ड तोड़ने का अवसर है। उन्हें डिविलियर्स की बराबरी पर आने के लिए एक और उनसे आगे निकलने के लिए दो छक्के चाहिये। आईपीएल में सबसे अधिक छक्के लगाने के मामले में भारत के महेन्द्र सिंह धोनी के नाम 235 और विराट कोहली के नाम 229 छक्के हैं और ये दोनो ही चौथे और पांचवे नंबर पर हैं।

## सचिन मेरे आदर्श ही नहीं, मार्गदर्शक भी रहे : युवराज

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने कहा है कि महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर उनके आदर्श ही नहीं बल्कि कठिन समय में उन्हें राह भी दिखाते रहे हैं। युवराज के अनुसार ड्रेसिंग रूम में सचिन सबसे करीबी होने के साथ ही उनकी जिंदगी की सहायता करने वाले कोच रहे हैं।

युवराज ने कहा, ह्यह्य जब मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलता था तब हमारे पास कोच होते थे पर अगर मुझे अपनी बल्लेबाजी में कोई तकनीकी समस्या आती थी, तो मैं सचिन से ही सलाह लेता था। उन्होंने हमेशा समस्या का समाधान दिया है, इसलिए वह मेरे लिए आदर्श ही नहीं मार्गदर्शक भी थे।

युवराज ने कहा, ह्यह्य मैदान के बाहर भी वह मेरे लिए एक अभिभावक की तरह रहे हैं। जब भी मैंने जीवन में किसी व्यक्तिगत संकट या दुविधा का सामना किया, सचिन पाजी पहले व्यक्ति होते है जिससे मैं सुझाव लेता था। उनके पास हमेशा मेरे लिए सबसे अच्छा सबक और सलाह होती थी।

युवराज ने साल 2011 विश्व कप के उस घटना को भी याद किया जब वह लगातार खांसते उल्टी करते रहते थे और इसके कारण ठीक से अपनी नींद भी पूरी नहीं कर पाते थे। इस दौरान सचिन ने उनका पूरा साथ दिया। युवराज ने विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

युवराज ने कहा, उस समय मुझे भी नहीं पता था कि यह कैंसर है। सचिन नियमित रूप से मेरे संपर्क में रहते थे। अमेरिका में मेरे इलाज के दौरान भी, वह हमेशा मेरे ठीक होने को लेकर चिंतित रहते थे।ह्लह्लतेंदुलकर के साथ उनकी पसंदीदा मैदानी साझेदारी के बारे में पूछने पर युवराज को एक बहुत ही विशेष टेस्ट मैच को याद किया। उन्होंने कहा, ह्यह्यअगर आप देखेंगे तो सचिन पारी की शुरूआत करते थे और मैं छठे क्रम पर बल्लेबाजी करते था, ऐसे में सीमित ओवरों की क्रिकेट में हमें एक साथ बल्लेबाजी का ज्यादा अवसर नहीं मिला। उन्होंने कहा, ह्यह्य टेस्ट क्रिकेट में हालांकि हमने दिसंबर, 2008 में इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में 150 रन से अधिक की साझेदारी कर भारत को जीत दिलाई थी।



लंदन में यूईएफए चैम्पियंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए चेलेसा के मिडफील्डर मेरेने मेजेलडे और अन्य खिलाड़ी।

## अर्जुन तेंदुलकर सत्र में सबसे ज्यादा रन देने वाले दूसरे गेंदबाज बने

**मुम्बई।** आईपीएल में युवा अर्जुन तेंदुलकर के लिए पंजाब किंग्स का मुकाबला अच्छा नहीं रहा। अर्जुन ने इस मैच में एक ही ओवर में सबसे ज्यादा 31 रन दे दिये। इससे अगले मैच के लिए उनका चयन मुश्किल नजर आ रहा है। इस मैच के साथ ही अर्जुन ने इस सत्र में सबसे ज्यादा रन देने वाले दूसरे गेंदबाज बने हैं। इससे पहले गुजरात टाइटंस के यश दयाल ने केकेआर के खिलाफ इतने ही रन दिये थे। अर्जुन ने पारी के 16 वें ओवर में हरप्रीत सिंह और सैम कुरेन जैसे बल्लेबाजों को ये रन दिये। मुम्बई के वानखेड़े में 16वां ओवर अर्जुन फेंकने आए। उनके इस ओवर में एक वाइड के साथ ही 31 रन गये। इस ओवर में उन्होंने एक नो गेंद भी फेंगी। वहीं इस सत्र में अब तक किसी भी गेंदबाज के ओवर में इतने रन नहीं गये थे। अर्जुन के इस ओवन की पहली गेंद पर छक्का लगा जबकि दूसरी वाइड रही। तीसरी गेंद पर एक रन बना, वहीं चौथी गेंद पर चौका लगा। पांचवीं गेंद पर छक्का लगा जबकि छठी गेंद पर चौका लगा। इस प्रकार अर्जुन के इस ओवर में 31 रन बने। मुम्बई इंडियंस के किसी भी गेंदबाज का आईपीएल में यह अब तक का सबसे खराब ओवर है। वहीं गत वर्ष हुए आईपीएल में मुम्बई इंडियंस के डेनियल सैम्स ने 35 रन दिये थे। आईपीएल इतिहास के अब तक का सबसे महंगा ओवर साल 2021 में आरसीबी के हर्षल पटेल ने किया था। इस ओवर में हर्षल ने 37 रन दिये थे ।

## अर्शदीप ने मॉरिसन को दिया करारा जवाब

**मुम्बई।** पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने आईपीएल में अपनी टीम को मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मिली जीत के बाद डैनी मॉरिसन को करारा जबाव दिया है। अर्शदीप ने जीत के बाद मॉरिसन को जवाब देते हुए कहा कि आपको मेरे पास आकर खड़े होना चाहिए। इससे पहले मॉरिसन ने कहा था कि अर्शदीप को अंतिम ओवर नहीं फेंकना चाहिए क्योंकि उनकी धड़कन बढ़ जाती है। अर्शदीप ने कहा कि मेरे दिल की धड़कन 120 के करीब भी नहीं है।

मॉरिसन न्यूजीलैंड के क्रिकेट कमेंटेटर और पूर्व क्रिकेटर हैं। अर्शदीप ने मैच के बाद कहा, जब भी मैं विकेट लेता हूं तो अच्छा लगता है। अभी मैं और भी खुश महसूस कर रहा हूं क्योंकि टीम जीती है। मैंने अपना रन-अप छोटा कर लिया है क्योंकि इससे मुझे नो-बॉल की समस्या से निपटने में मदद मिली और मैं इस समय अपने क्रिकेट का आनंद उठा रहा हूं। साथ ही कहा कि अंतिम ओवर फेंकते समय मुझे कोई डर नहीं लगता और न ही मेरे दिल की धड़कन 120 के करीब पहुंचती है।

## अभी एक सप्ताह और बाहर रहेंगे स्टोक्स : फ्लेमिंग

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा है कि तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को अभी एक सप्ताह और मैदान से दूर रहना होगा। स्टोक्स चोटिल होने के कारण अभी टीम से बाहर हैं। वइ इस सत्र में अब तक केवल दो मैच ही खेल पाये हैं। इस ऑलराउंडर के पैर के अंगूठे में चोट है और बाएं घुटने में भी दर्द है।

फ्लेमिंग ने कहा कि हमारी प्राथमिकता स्टोक्स के पूरी तरह से फिट होने को लेकर है। इसी पर हमारा ध्यान भी है। स्टोक्स दो मैच खेलने के बाद पैर की चोट के कारण अगले चार मैचों में नहीं खेल पाए। फ्लेमिंग ने कहा, स्टोक्स चोटिल हो गए हैं और वह अभी एक सप्ताह और बाहर रहेंगे हालांकि उनकी चोट गंभीर नहीं है और वह वापसी के लिए फिटनेस हासिल करने के प्रयास में लगे हैं।

वहीं फ्लेमिंग ने कहा कि कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी अपनी चोट से उबर गये हैं और उनको लेकर किसी तरह की चिंता नहीं है। उन्होंने कहा, धोनी पूरी तरह ठीक हैं। वह खेलने के लिए तैयार हैं। उन्होंने हमेशा टीम हित को सबसे ऊपर रखा है। अगर उनको लगता है कि वह चोट के कारण अपनी ओर से बेहतर योगदान नहीं दे पाएंगे तो वह स्वयं ही बाहर हो जाते।

फ्लेमिंग ने कहा कि धोनी विकेट के पीछे जिस तरह से मेहनत करते हैं उसके लिए उन्हें उतना श्रेय नहीं मिलता जितना मिलना चाहिए

## अर्पिता की ईद पार्टी में धोनी की पत्नी और बेटी ने सभी का ध्यान खींचा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की बहन अर्पिता और बहनोई आयुष शर्मा ने शनिवार को ईद के अवसर पर एक पार्टी का आयोजन किया। इस पार्टी में बॉलीवुड के साथ ही कई अन्य क्षेत्रों की दिग्गज हस्तियों ने भाग लिया। इसमें भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की पत्नी साक्षी धोनी और उनकी नन्हीं सी बेटी जीवा भी शामिल हुईं। इस दौरान साक्षी और जीवा दोनों ही पारंपरिक पोशाक में नजर आयीं। साक्षी धोनी ने जहां क्रीम रंग का लहंगा पहना था। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को ओपन स्टाइल में बनाया था। वहीं जीवा भी मां से मैचिंग करती हुई पोशाक में बेहद मासूम नजर आ रहीं थीं। साक्षी और जीवा का ये वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने इनकी सादगी वाले लुक की जमकर प्रशंसा की है। लोगों को इनका यह सादा लुक बेहद पंसद आया है।

## कुश्ती महासंघ के प्रमुख के खिलाफ कार्रवाई को लेकर फिर धरने पर बैठ सकते हैं पहलवान

**नई दिल्ली।** बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक सहित देश के कई दिग्गज पहलवान एक बार फिर भारतीय कुश्ती महा संघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए धरने पर बैठ सकते हैं। इससे पहले भी पहलवानों ने बृजभूषण पर यौन शोषण सहित कई आरोप लगाते हुए धरना दिया था जिसे खेल मंत्रालय से बातचीत के बाद समाप्त किया था। वहीं अब एक बार फिर ओलंपियन पहलवानों की नाराजगी बढ़ रही है। देश के कई न पहलवान आज सोनीपत से दिल्ली के जंतर-मंतर पहुंचे हैं। पहलवान वहां पर दोबारा से धरना देने की तैयारी कर रहे हैं। पहलवानों ने बताया कि सरकार ने उनके साथ धोखा किया है। एक महीने में कार्रवाई का भरोसा दिया गया था परअब तीन महीने बाद भी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। ऐसे में अब हम कितना इंतजार करें।

इस संबंध में एक पहलवान ने बताया कि सरकार ने पहलवानों को जो आश्वासन दिया था वह झूठा निकला। सरकार ने पहलवानों के साथ धोखा किया है। धरना खत्म करवाते समय एक महीने में जांच कर आरोपितों पर कार्रवाई की बात कही गई थी। वहीं हम कई बार सरकार को अपनी बात कह चुके हैं पर सरकार ने न तो जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की और कार्रवाई करना दूर की बात रही।

इससे पहले इन पहलवानों ने जनवरी में कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए जंतर-मंतर पर धरना दिया था। इस धरन को कई लोगों ने समर्थन दिया था। इस मामले में केंद्रीय खेल मंत्रालय ने जांच कमेटी बनाते हुए एक महीने में जांच की बात कहते हुए कार्रवाई का भरोसा दिया था।

## मैं मैदान पर बहसबाजी करता हूं पर झगड़े में नहीं पड़ता : विराट

**बेंगलूर।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली मैदान पर अपने आक्रामक अंदाज के लिए जाने जाते हैं। विराट ने हाल ही में बताया है कि किस कारण से वह मैदान में आक्रामक रुख अपनाते हैं। हाल ही में एक शो में कोहली ने कहा कि वह शारीरिक लड़ाई में नहीं पड़ते हैं। वीडियो में कोहली ने कहा, शारीरिक लड़ाई का तो सवाल ही नहीं। इसमें मुझे कोई मुझे मार के निकल जाएगा, इसलिए मैं इस प्रकार के झगड़े में नहीं पड़ता। वहीं मैदान में बहसबाजी पर कोहली कहते हैं कि मेरे से इस प्रकार का झगड़ा करवालो पर में शारीरिक झगड़े में नहीं पड़ता। इस वीडियो में कोहली कहते है, मुंह से कुछ भी बुलवालो पर मैं शारीरिक लड़ाई नहीं करता। इसके साथ ही कोहली यह भी कहते हैं कि मैदान में हमेशा अंपायर बीच बचाव करने आ जाते हैं, इसलिए उन्हें किसी बात की चिंता नहीं होती। कोहली मजाकिया अंदाज में कहते हैं. यार में किस भी प्रकार की बहस मैदान पर करता हूं क्योंकि मुझे पता है वहां पर लड़ाई नहीं हो सकती। वहां पर अंपायर बीच में आ जाएंगे, इसलिए चिन्ता नहीं रहती।

## एआईएफएफ प्रमुख बोले, फीफा रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाना लक्ष्य

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) प्रमुख कल्याण चौबे ने कहा कि भारतीय टीम का अगला लक्ष्य फीफा रैंकिंग में शीर्ष 100 में अपनी जगह बनाना है। भारतीय टीम हाल ही में त्रिकोणीय टूर्नामेंट में जीत से फीफा रैंकिंग में पांच स्थान की छलांग लगाकर 101वें स्थान पर पहुंच गयी थी। एआईएफएफ के नये लक्ष्य को लेकर चौबे ने कहा, त्रिकोणीय टूर्नामेंट में म्यांमार और किर्गिस्तान पर जीत से भारत को अपनी फीफा रैंकिंग बेहतर करने में सहायता मदद मिली। उन्होंने कहा, हम अभी 101वें स्थान पर हैं और हमारा अगला ध्यान 100 अंक की बाधा को पार करना है। इसके लिए हम प्रयास करेंगे और आगे बढ़ेंगे। गौरतलब है कि भारत ने एक बार फरवरी 1996 में अब तक की सर्वश्रेष्ठ 94वीं रैंकिंग हासिल की थी।



जापान में अमेरिका की ब्रुक रेबोटयू महिलाओं के आईएफएससी क्लाइंबर विश्वकप में खेलती हुईं।

# पीएम मोदी की पहल पर सूडान से सुरक्षित निकाले गए भारतीय नागरिक

## विदेश मंत्री जयशंकर ने सऊदी समकक्ष से की बातचीत, जरुरी सुविधाएं कराएंगे मुहैया

**रियाद।** प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर हिंसाग्रस्त सूडान से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाल कर सऊदी अरब पहुंचा दिया गया है। सूडान में इस समय चारों ओर हिंसा हो रही है। इस बीच हिंसाग्रस्त सूडान से सऊदी अरब द्वारा निकाले गए ह्यमित्रवत और भाईचारे वाले देशोंह्व के 66 लोगों में भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। निकासी विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा अपने सऊदी अरब समकक्ष से बात करने के कुछ दिनों बाद हुई। वहां सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच लड़ाई के कारण सूडान हिंसा का सामना कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 72 घंटे के सीजफायर के बीच भी हिंसा की खबरें आ रही हैं। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा है कि सऊदी अरब के नेतृत्व के निदेशों के कार्यान्वयन में, हम सूडान से सऊदी अरब के निकाले गए नागरिकों और राजनयिकों और अंतरराष्ट्रीय अधिकारियों सहित भाईचारे और मित्र



देशों के कई नागरिकों के सुरक्षित आगमन की घोषणा करते हुए प्रसन्न हैं। मंत्रालय ने कहा कि उत्तरी अफ्रीकी देश सूडान से न केवल उसके अपने नागरिकों बल्कि सहयोगी और मित्र राष्ट्रों के कई नागरिकों को निकाला गया।

मंत्रायल के बयान में आगे कहा गया है कि निकाले गए नागरिकों की संख्या 91 तक पहुंच गई, जबकि भाईचारे और मित्र देशों के निकाले गए नागरिकों की संख्या लगभग 66 तक पहुंच गई। इनमें भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, बुल्गारिया, कुवैत, कतर, यूएई, मिस्र, ट्यूनिशिया, फिलीपींस, कनाडा और बुर्किना फासो के नागरिक हैं। सऊदी अरब इन सभी को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सूडान में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। पीएम मोदी ने सूडान में हाल के घटनाक्रमों का आकलन किया और वर्तमान में देश भर में स्थित 3,000 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के साथ जमीनी स्थितियों की पहली रिपोर्ट प्राप्त की। वहीं एक भारतीय नागरिक के निधन पर शोक व्यक्त किया, जो पिछले सप्ताह गोली का शिकार हो गया था।

गौरतलब है ?कि सूडान के सेना प्रमुख अब्देल फत्ताह अल-बुरहान और उनके डिप्टी मोहम्मद हमदान डागलो के प्रति वफादार बलों के बीच लड़ाई तेज हो गई है। सेना का नेतृत्व जनरल अब्देल फतह अल-बुरहान कर रहे हैं वहीं अर्द्धसैनिक बल का नेतृत्व मोहम्मद हमदान डागालो कर रहे हैं। सेना ने अक्टूबर 2021 में तख्तापलट किया था। तबसे वह संप्रभुता परिषद के जरिए देश चला रहा है। वहीं जब ?कि आरएसएफ खुद को देश की सेना का हिस्सा मान रहा हैं और सूडान में फिर से नागरिक सरकार स्थापित करना चाहता है।



जापान में लोग माउंट फूजी में हुई आतिशबाजी देखते हुए।

# मिट्टी में मिला देंगे वाले बयान पर नीतीश ने सम्राट चौधरी को बताया बुद्धिहीन

**पटना।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी द्वारा मिट्टी में मिला देंगे वाले बयान के बाद बाद बिहार की राजनीति गरमा गई है। जानकारों का कहना है कि दरअसल सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राजनीतिक तौर पर मिट्टी में मिलाने की बात कही थी। सम्राट चौधरी के इस बयान के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद इस मामले में प्रतिक्रिया दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा है कि जो लोग इस तरह के बयान देते हैं उनके पास बुद्धि नहीं है। नीतीश कुमार ने कहा है कि जिनको जो कहना है जो करना है वह करें मुझे इस पर कुछ नहीं कहना है। नीतीश कुमार ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी समेत भाजपा के कई नेताओं की हम प्रशंसा करते रहे हैं। वहीं नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता पर स्पष्ट किया कि उनका मकसद ज्यादा से ज्यादा विपक्षी दलों को एकजुट करना है।

उन्होंने कहा कि हम अपने लिए कुछ नहीं चाहते हैं क्योंकि हमारी कोई इच्छा नहीं है। नीतीश कुमार ने भाजपा का नाम लिए बगैर कहा कि वे लोग इतिहास को बदलना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि देश सुरक्षित रहे लेकिन कुछ लोग सब बदलने लगे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात को लेकर ?नितीश कुमार ने कहा कि विपक्ष के सभी नेताओं को एकजुट करने में लगे हैं। हम सब लोग जब एक साथ हो जाएंगे फिर देश सुरक्षित होगा और इसके लिए हम काम भी कर रहे हैं।

गौरतलब है कि सम्राट चौधरी ने शनिवार को भामाशाह जयंती समारोह के दौरान कहा था कि जिस तरह उत्तर प्रदेश में सरकार आतंवादियों और माफियाओं को मिट्टी में मिला रही है, उसी तरह अगले चुनावों में नीतीश को राजनीति रूप से मिट्टी में मिला देने का संकल्प लेना है।

# हीटवेव से 15,000 से अधिक लोगों की यूरोप में मौत

### एशियाई देशों में भी रिकॉर्ड गर्मी

**नई दिल्ली।** यूरोप में हीटवेव के कारण पिछले साल 15000 से ज्यादा मौतें हुई थी। इस साल भी हीटवेव से यूरोप के देश भारी संकट में है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन, धरती का तापमान बढ़ने से चिंतित है।पर्यावरण में परिवर्तन आने के कारण बाढ़, सूखा,ठंड और गर्मी का चक्र सारी दुनिया के देशों में तेजी के साथ बदल रहा है। विश्व के मानचित्र पर एशियाई महाद्वीप में भी रिकॉर्ड गर्मी दर्ज की जा रही है।भारत, बांग्लादेश, नेपाल, थाईलैंड, चीन सहित एशियाई देशों के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। पिछले साल गर्मी ने सारी दुनिया में अपना प्रचंड रूप दिखाया था। इस वर्ष भी कई एशियाई देश भारी गर्मी की चपेट में है।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन द्वारा 2022 की जो वार्षिक रिपोर्ट जारी की गई है। उसमें कहा गया है कि ग्रीन हाउस गैसों के रिकॉर्ड स्तर ने, वैश्विक स्तर पर सूखा, बाढ़ और हीटवेव के कारण मौसम में परिवर्तन लाने का काम किया है। इसका असर बड़ी तेजी के साथ जन जीवन के ऊपर पड़ रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार 3 ग्रीन हाउस गैसों, जिसमें कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन और नाइट्रिक ऑक्साइड के स्तर में लगातार वृद्धि हो रही है।

रिपोर्ट के अनुसार 2022 में गर्मियों के दौरान हीटवेव से स्पेन में लगभग 4600 जर्मनी में 4500 यूनाइटेड किंगडम में 2800 फ्रांस में लगभग 2800 तथा पुर्तगाल में 1000 से अधिक लोगों की मौत का कारण हीटवेव था। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार 1850 के बाद 2022 का साल दुनिया का सबसे गर्म साल रिकॉर्ड किया गया है।

# पूर्वाग्रह भूलाकर आदित्य व उदय चोपड़ा के दुःख में शरीक हुए सनी-बॉबी देओल

**मुंबई।** आदित्य चोपड़ा की मां और यश चोपड़ा की पत्नी पामेला चोपड़ा का हाल ही में निधन हो गया था। तमाम फिल्मी सितारे और उद्योग से जुड़े व्यक्ति इस दौरान आदित्य व उदय चोपड़ा के दुःख में शरीक हुए। बीती रात अभिनेता सनी देओल अपने छोटे भाई बॉबी देओल के साथ वर्षों की दुश्मनी को भुलाकर आदित्य के दुःख में शामिल होने उनके घर पर पहुंचे। सनी देओल को आदित्य चोपड़ा के घर देखकर हर कोई हैरान रह गया था, मीडिया में सनी देओल की चोपड़ा परिवार के यहां आने की तस्वीरें वायरल हो गईं।

उल्लेखनीय है कि 90 के दशक में सनी देओल ने यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म डर में काम किया था। इस फिल्म के दौरान शाहरुख खान के किरदार को ज्यादा महत्त्व दिए जाने के चलते सनी देओल और यश चोपड़ा के मध्य क्रिएटिव डिफरेंस हो गए थे, जिसके चलते सनी देओल चोपड़ा से दुश्मनी मोल ले ली थी। सनी देओल की यह पहली और आखिरी फिल्म थी, जब उन्होंने यश चोपड़ा या इस बैनर की किसी फिल्म में काम किया था।

सनी देओल अब पुरानी बातों को भूलकर आदित्य चोपड़ा के घर दुःख की घड़ी में उनके परिवार को सांत्वना देने पहुंचे थे। सनी देओल के साथ उनके भाई बॉबी देओल भी थे। वे अपनी ओर से उनके परिवार के दुःख में शामिल होने पहुंचे थे। बॉबी देओल ने भी इस दौरान पामेला चोपड़ा को श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब है कि बॉबी देओल को कभी भी यशराज फिल्म्स बैनर तले बनी किसी भी फिल्म में काम करने का मौका नहीं मिला है।

# रूस से सस्ता तेल खरीदना पाकिस्तान को पड़ सकता है भारी

**इस्लामाबाद।** भारत की नकल करते हुए पाकिस्तान को रुस से सस्ता तेल खरीदना भारी पड़ सकता है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी दबाव को नजरअंदाज करते हुए भारत रूस से भारी मात्रा में तेल आयात कर रहा है। चीन ने भी मॉस्को से तेल खरीदना जारी रखा है। अब रूस से सस्ता तेल आयात करने वाले एशियाई देशों में पाकिस्तान भी शामिल हो गया है। लेकिन भारत की नकल पश्चिम को नाराज कर सकती है और संकटों से घिरे देश पर भारी पड़ सकती है। भारत के रूस से तेल खरीदने का जब पश्चिमी देशों ने विरोध किया तो विदेश मंत्री एस जयशंकर ने करारा जवाब दिया था लेकिन पाकिस्तान फिलहाल किसी को भी जवाब देने की स्थिति में नहीं है। पाकिस्तान के पेट्रोलियम मंत्री मुसादिक मलिक ने बताया कि इस्लामाबाद ने रूस के साथ एक नए सौदे पर साइन किए हैं जिसके तहत कच्चे तेल का पहला ऑर्डर दे दिया गया है और कार्गो मई में कराची बंदरगाह पर डॉक करेगा। मलिक ने कहा कि अगर पहला लेनदेन सुचारू रूप से हो जाता है तो मॉस्को के साथ हुए नए सौदे के तहत पाकिस्तान का आयात प्रति दिन 1,00,000 बैरल तक पहुंचने की उम्मीद है।

बता दें कि यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी प्रतिबंधों के चलते रूस अब अपने परंपरागत यूरोपीय खरीदारों के बजाय एशिया, अफ्रीका और अन्य लैटिन अमेरिकी देशों में तेल निर्यात कर रहा है। रूस और पाकिस्तान की डील महीनों लंबी बातचीत के बाद हुई है। इस साल की शुरूआत में रूस के ऊर्जा मंत्री निकोले शुल्गिनोव ने पाकिस्तान की यात्रा की थी। यूक्रेन युद्ध के बाद से भारत और चीन रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदार बन गए हैं जो 1.9 मिलियन बैरल तेल रोज खरीद रहे हैं। यह कुल मिलाकर तेल निर्यात का 90 प्रतिशत हिस्सा है।

पाकिस्तान भी अब सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के अलावा रूस से ऊर्जा व्यापार के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग की एक महत्वपूर्ण शुरूआत कर रहा है। विश्लेषकों की मानें तो रूस से सस्ता तेल खरीदने पर पाकिस्तान अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना कर सकता है।

# राहुल ने कर्मचारियों से हाथ मिलाकर दिया धन्यवाद मुस्कुराते हुए यूं सौंपी बंगले की चाभी

**नई दिल्ली।** मोदी मानहानि मामले में सांसद की सदस्यता रद्द होने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सरकारी बंगला खाली करना पड़ा। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और केसी वेणुगोपाल की उपस्थिति में तुगलक लेन स्थित अपने सरकारी बंगला की चाबी सौंप दी है। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों से हाथ मिलाकर धन्यवाद दिया। उन्होंने मुस्कुराते हुए चाबी सौंप दी। साथ ही उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैंने सच बोलने की कीमत चुकाई है। कहा कि सच बोलने के लिए मैं कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हूं। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि मेरे भाई ने जो कहा है, सच कहा है। वे सच बोलने की कीमत चुकाई है। लेकिन हमारी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। बता दें कि सूरत कोर्ट ने राहुल गांधी को मोदी सरनेम मानहानि मामले में दोषी ठहराया था। जिसके बाद उन्हें दो साल की सजा सुनाई थी। सजा सुनाने के बाद लोकसभा सांसद की सदस्यता रद्द कर दी गई।



हंगरी में एक परेड कर साइकिल को आवागमन के लिए एक बेहतर साधन के तौर पर पेश करते हुए लोग।

# कर्नाटक चुनाव में आत्मविश्वास से भरे हैं एचडी देवेगौड़ा के बेटे कुमारस्वामी

### दक्षिण कर्नाटक में अधिकतम सीटें जीतने की उम्मीद कर रही जदएस

### किंगमेकर की भूमिका निभाने को लेकर आश्वस्त कुमारस्वामी

**बैंगलुरू।** कर्नाटक में देवेगौड़ा परिवार में पारिवारिक कलह खत्म होने के बाद जद (एस) किंगमेकर बनने को लेकर आश्वस्त है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के बेटे एचडी कुमारस्वामी ने अकेले ही राष्ट्रीय दलों, कांग्रेस और भाजपा के हमले का सामना किया है। कुमारस्वामी इस बार आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। पार्टी दक्षिण कर्नाटक में अधिकतम सीटें जीतने की उम्मीद कर रही है, उत्तर कर्नाटक में भी दोहरे अंकों में सीटें जीतने के बारे में आश्वस्त है।

ऐसा लगता है कि जद (एस) के लिए सब कुछ सही समय पर हो गया है। देवगौड़ा की बहू भवानी रेवन्ना ने हासन सीट से टिकट की मांग की। भवानी रेवन्ना के बेटों ने सांसद प्रज्वल रेवन्ना, एमएलसी सूरज रेवन्ना भी अपनी मां की उम्मीदवारी का समर्थन किया था। इससे पहले सूरज रेवन्ना ने अपने चाचा कुमारस्वामी पर हमला बोला था। कुमारस्वामी भवानी रेवन्ना को टिकट देने को तैयार नहीं थे। आखिरकार, भवानी रेवन्ना पीछे हट गईं और हासन से स्वरूप प्रकाश को टिकट दिया गया। स्वरूप प्रकाश का समर्थन करने के लिए अब भवानी रेवन्ना खुलकर सामने आई हैं और एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने पार्टी की एकता और प्रकाश को जिताने के अपने संकल्प पर जोर दिया। इससे जद (एस) कार्यकताओं में सही समय पर सही संदेश गया है। जद (एस) कानूनी सेल के प्रमुख और अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष एपी रंगनाथ ने मीडिया से कहा कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि जब हिजाब, हलाल का संकट और नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) जैसे विवादों से राज्य अराजकता में था, तब कुमारस्वामी अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों के लिए एक आवाज बन गए थे। चुनाव में इसका भरपूर फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि कुमारस्वामी तब एक स्वर में बोले। कांग्रेस में सिध्दारमैया और शिवकुमार ने बहुमत के वोट खोने के डर से अलग-अलग बात की। उन्होंने कहा कि हम मुसलमानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध थे।

# अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी के बाद सियासत शुरू कांग्रेस ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** पंजाब पुलिस ने खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह को मोगा जिले से गिरफ्तार कर लिया है। वह एक महीने से ज्यादा समय से फरार था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उस पर रासुका लगा हुआ है और उसे डिब्रूगढ़ ले जाया जाएगा। इस गिरफ्तारी पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि भारत विरोधी प्रचारक और आतंकवादियों के समर्थक अमृतपाल सिंह को पहली बार में भगाने में किसने मदद की? वहीं कांग्रेस नेता पीएल पूनिया ने कहा कि अमृतपाल ने पुलिस के सामने सरेंडर किया। कानून अपना काम करेगा। ऐसी धारणा रखने वालों के खिलाफ कानून में पर्याप्त प्रावधान है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भगोड़ा आखिर कितने दिन भागेगा, कानून के हाथ लंबे होते हैं। दहशत फैलाने वालों के ऊपर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब को उसे गिरफ्तार करने में थोड़ा लंबा समय लगा अगर जल्दी होता तो और अच्छा होता। पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक सुखचैन सिंह गिल ने कहा कि हमें विशेष सूचना मिली थी कि अमृतपाल सिंह रोडे गांव में था, उसे घेर लिया गया और उसके फरार होने की कोई गुंजाइश नहीं थी। उन्होंने बताया कि पंजाब पुलिस ने मोगा जिले के रोडे गांव से सुबह 6 बजकर 45 मिनट पर अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अजनाला थाने पर हमला करने के बाद 18 मार्च को अमृतपाल सिंह और उसके संगठन 'वारिस पंजाब दे' के सदस्यों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की थी। जिसके बाद से वह फरार था।

# सीबीआई के लिए नया कानून बनाएगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार सीबीआई के लिए अलग कानून बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर रही है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय एवं गृह मंत्रालय के अधिकारी नए कानून के लिए प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं। अभी सीबीआई दिल्ली स्पेशल पुलिस इस्टैब्लिशमेंट एक्ट 1946 के तहत काम करती है।

संसद की स्थाई समिति ने नए कानून बनाने की अनुशंसा की है। समिति ने अपनी अनुशंसा में कहा है,कि सीबीआई का दायरा अभी सीमित है। इसके लिए राज्य सरकारों की अनुमति लेना पड़ती है। पिछले वर्षों में कई राज्य सरकारों ने सीबीआई को जो अनुमति दी थी,वह वापस ले ली है। उसके बाद से सीबीआई के कामकाज में 9 राज्यों में जांच कर पाना मुश्किल हो रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जो नया कानून सीबीआई के लिए तैयार होगा। उसने राज्यों से अनुमति लेने की कोई जरूरत नहीं होगी। नए कानून में सीबीआई का दर्जा उसके कामकाज की सीमा और अधिकार तय होंगे। एजेंसी निष्पक्षता और विश्वसनीयता के साथ काम करे। इसके भी प्रावधान किए जाएंगे।

गृह मंत्रालय सूत्रों के अनुसार नया कानून राष्ट्रीय स्तर का होगा। सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट तथा राज्यों की अनुमति से ही सीबीआई जांच कर सकती थी। लेकिन जो नया कानून बनाया जाएगा। उसमें सीबीआई को स्वयं जांच करने का अधिकार देने का प्रस्ताव किया जा रहा है।

राज्य सरकारों ने अनुमति वापस ली- पिछले वर्षों में 9 राज्य सरकारों द्वारा सीबीआई को जो जांच की अनुमति दी गई थी उन्होंने निरस्त कर दी है जिसके कारण सीबीआई अब 9 राज्यों में बिना राज्य सरकारों की अनुमति के जांच इत्यादि की कार्रवाई नहीं कर सकती है। जिन राज्यों ने अनुमति वापस ली है उनमें 17 जुलाई 2015 को मिजोरम की सरकार ने,16 नवंबर 2018 को पश्चिम बंगाल की सरकार ने, 10 जनवरी 2019 को छत्तीसगढ़ की सरकार ने, 19 जुलाई 2020 को राजस्थान की सरकार ने, 4 नवंबर 2020 को केरल सरकार ने,5 नवंबर 2020 को झारखंड की सरकार ने, 6 नवंबर 2020 को पंजाब की सरकार ने,9 फरवरी 2022 को मेघालय की सरकार ने और तेलंगाना की सरकार ने 30 अगस्त 2022 को सीबीआई को दी गई अनुमति वापस ले ली है। उपरोक्त राज्यों में अब सीबीआई बिना राज्य सरकार की अनुमति के किसी भी प्रकरण की जांच नहीं कर सकती है। नए कानून में राज्य सरकारों की मंजूरी की अनिवार्यता खत्म करने के लिए नया कानून प्रस्तावित किया जा रहा है। इसमें केंद्र सरकार के पास काफी अधिकार होंगे। ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है। सीबीआई का उन राज्यों में तीव्र विरोध किया,जहां पर गैर भाजपा की सरकार थी। जो नया कानून प्रस्तावित किया जा रहा है। उसको लेकर भी पक्ष और विपक्ष के बीच में तनातनी होना, तय माना जा रहा है।

# उमेश पाल हत्याकांड में अतीक का वकील भी आरोपी पुलिस मांगेगी रिमांड

**प्रयागराज।** प्रयागराज स्थित धूमनगंज थाना की पुलिस ने अतीक अहमद के वकील खान शौलत हनीफ को उमेश पाल हत्याकांड में उमेश पाल की हत्या की साजिश रचने और शूटरों की मदद करने का आरोपी बनाया है। पुलिस उपायुक्त (नगर) दीपक भूकर ने मी?डिया को बताया कि विवेचना के दौरान खान शौलत हनीफ के खिलाफ साक्ष्य मिले हैं और धूमनगंज थाना में दर्ज प्राथमिकी में आईपीसी की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) के तहत खान शौलत हनीफ का नाम जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि विवेचना के दौरान उमेश पाल की हत्या से पहले खान शौलत हनीफ द्वारा अतीक के बेटे असद को उमेश पाल की फोटो भेजने का तथ्य प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, उमेश पाल अपहरण मामले में उम्रकैद की सजा पाने के बाद नैनी जेल में निरुद्ध खान शौलत हनीफ से पूछताछ के लिए पुलिस जल्द ही अदालत में रिमांड की अर्जी दाखिल कर सकती है। गौरतलब है कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) विधायक राजू पाल की हत्या मामले में मुख्य गवाह उमेश पाल और उसके दो सुरक्षाकर्मियों की 24 फरवरी, 2023 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

इस घटना के अगले दिन 25 फरवरी को धूमनगंज थाना में अतीक अहमद, भाई अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन, दो बेटों, अतीक के साथी गुड्डू मुस्लिम और गुलाम, नौ अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।



तेल अवीव में सरकार के न्यायिक बदलावों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए लोग।

# इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजे से तय होगी बाजार की चाल

**शेयर बाजार समीक्षा**

**कच्चे तेल की कीमत, डॉलर सूचकांक एवं एफआईआई के निवेश प्रवाह पर भी निवेशकों की नजर रहेगी**

**मुंबई।** वैश्विक बाजार के कमजोर रुख से स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली के दबाव में रहने से बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की इस सप्ताह चाल निर्धारित करने में कंपनियों के समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के परिणाम की अहम भूमिका होगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 776 अंक की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 59655 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 203.95 अंक का गोता लगाकर 17624.05 अंक पर आ गया। वहीं समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली का जोर रहा। इससे मिडकैप 124 अंक की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 24844.97 अंक और स्मॉलकैप 84.68 अंक की बढ़त लेकर 28234.26 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार इस सप्ताह वैश्विक रुख के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2021-2022 की अंतिम तिमाही में कंपनियों के तिमाही नतीजे का बजार पर असर रहेगा। इस सप्ताह मारुति, एक्सिस बैंक, विप्रो, हिंदुस्तान यूनीलीवर, इंडसइंड बैंक, महाराष्ट्र बैंक, बजाज ऑटो, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और एसीसी जैसी दिग्गज कंपनियों के परिणाम जारी होने वाले हैं। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमत, डॉलर सूचकांक एवं विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

एफआईआई ने पिछले लगातार तीन महीने दिसंबर, जनवरी और फरवरी में बाजार से निवेश निकाल लिए। लेकिन मार्च में उसने 1,997.70 करोड़ रुपए की लिवाली की। इसके बाद एफआईआई अप्रैल में अब तक 316.67 करोड़ रुपए के लिवाल रहे हैं। इसी तरह घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) का निवेश 342.32 करोड़ रुपए रहा। वैश्विक बाजार के सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों टीसीएस और इंफोसिस के कमजोर तिमाही नतीजे से हतोत्साहित निवेशकों की आईटी और टेक समेत पांच समूहों में हुई भारी बिकवाली के दबाव में सोमवार को शेयर बाजार कमजोर रहे। वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर रिलायंस, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और टीसीएस समेत पंद्रह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से मंगलवार को शेयर बाजार में गिरावट रही।

वैश्विक बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, पावर और यूटिलिटीज समेत चौदह समूहों में हुई बिकवाली से बुधवार को शेयर बाजार ?गिरावट में रहे। वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर पावर, यूटिलिटीज और दूरसंचार समेत दस समूहों में हुई लिवाली की बदौलत गुरुवार को शेयर बाजार में बढ़त रही। विदेशी बाजारों के कमजोर रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, आईटी और टेक समेत सात समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार मामूली बढ़त पर रहे।

## मस्क की टेस्ला ने अमेरिका में ऑटो पायलट क्रैश केस जीता

**अमेरिका में 2019 में एक ऑटोपायलट संबंधित दुर्घटना का मामला**

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका में 2019 में एक ऑटोपायलट संबंधित दुर्घटना के मामले में जूरी ने एलेन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के पक्ष में फैसला दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार कैलिफोर्निया प्रांत की अदालत में जूरी ने 2020 में टेस्ला पर मुकदमा करने वाले वादी जस्टिन सू को कोई हजार्ना नहीं दिया। जूरी ने पाया कि टेस्ला ऑटो पायलट सॉफ्टवेयर की गलती से वह दुर्घटना नहीं हुई थी, जिसमें ऑटो पायलट इंगेज होने के बावजूद कार सड़क के डिवाइडर से टकरा गई थी। टेस्ला अपने ऑटो पायलट और इसके फुल सेल्फ-ड्राइविंग (एफएसडी) ड्राइवर सहायता सुविधाओं के लिए गहन जांच के अधीन है। टेस्ला को 2021 की टेस्ला मॉडल एस ऑटो पायलट सिस्टम से जुड़ी एक घातक दुर्घटना में यूएस नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) से इस साल फरवरी में क्लीन चिट मिला। अमेरिकी परिवहन एजेंसी ने निष्कर्ष निकाला कि टेक्सास प्रांत के स्प्रिंग में इलेक्ट्रिक वाहन दुर्घटना का संभावित कारण चालक की अत्यधिक गति और अपनी कार को नियंत्रित करने में विफलता थी।

ऑटो पायलट के मामले में, एनटीएसबी ने निर्धारित किया कि यह उपयोग में नहीं था क्योंकि जिस सड़क पर यह हादसा हुआ सिस्टम को वहां पर 30 मील प्रति घंटे से अधिक की गति के लिए प्रोग्राम नहीं किया गया था। यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) मस्क द्वारा किए गए सेल्फ-ड्राइविंग के दावों की भी जांच कर रहा है। एसईसी जांच यह निर्धारित करने के लिए है कि क्या इलेक्ट्रिक कार निमार्ता ने अपने फुल सेल्फ-ड्राइविंग (एफएसडी) और ऑटोपायलट सॉफ़्टवेयर को बढ़ावा देने में नियमों का उल्लंघन किया है। टेस्ला ने फरवरी में अमेरिका और कनाडा में अपने फुल सेल्फ-ड्राइविंग बीटा सॉफ्टवेयर का रोलआउट रोक दिया।

## बिहार सरकार जैविक खेती अपनाने वाले किसानों को देगी प्रति एकड़ 6500 रुपए

**नई दिल्ली।** खेतों में रासायनिक खाद के इस्तेमाल से जमीन की उर्वरकता पर बुरा असर पड़ रहा है। इसी कारण सरकारें किसानों को खेती में रासायनिक उर्वरक की जगह जैविक खाद का उपयोग करने की सलाह दे रही है. बिहार सरकार ने किसानों को जैविक खेती अपनाने पर आर्थिक मदद देने की भी घोषणा की है। बिहार कृषि विभाग के मुताबिक जैविक खेती करने वाले किसानों को 6500 रुपए प्रति एकड़ मिलेंगे। किसानों को ये राशि जैविक प्रोत्साहन योजना के तहत दिए जाएंगे। इस राशि को पाने के लिए किसानों को 2.5 एकड़ जमीन होना चाहिए। 2.5 एकड़ जमीन पर किसानों को कुल 16 हजार 250 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके लिए किसान को बिहार कृषि विभाग की वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा। किसी भी तरह की जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800-180-1551 पर भी कॉल कर मदद ली जा सकती है। रासायनिक और जैविक खेती में बड़ा अंतर खर्च का आता है। अगर एक एकड़ खेती रासायनिक तौर पर की जाए तो खर्च 30 हजार प्रति एकड़ तक होता है। वहीं जैविक खेती में मात्र 5 हजार का खर्चा आता है। वहीं अगर कमाई की बात करें तो रासायनिक की तुलना में जैविक खेती में 20 फीसदी से अधिक मुनाफा होता है। वहीं जैविक खेती का माल बेचने में आसानी होती है और बड़ी संख्या में उसके खरीदार मिलते हैं। जैविक खेती के लाभ अनेक हैं। इस पद्धति को अपनाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति लम्बे समय तक बनी रहती है, साथ ही सिंचाई अंतराल में वृद्धि होती है। इस पद्धति की खेती में लागत भी कम आती है। वहीं पर्यावरण पर भी अच्छा प्रभाव पड़ता है। भूजल को बढ़ावा मिलता है और स्वास्थ्यवर्धकऔर रसायन से मुक्त अनाज प्राप्त होता है।

# एक्सिस बैंक ने एफडी पर बढ़ाई ब्याज दरें

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर मिलने वाले ब्याज की दरों में बढ़ोतरी की है। बैंक ने अलग-अलग अवधि की एफडी दरों में 5 बेसिस प्वाइंट का इजाफा किया है। बैंक की वेबसाइट के मुताबिक नई दरें 21 अप्रैल, 2023 से लागू हो चुकी हैं। बता दें कि एक्सिस बैंक की ऑनलाइन एफडी में निवेश करने के लिए आपको कम से कम 5000 रुपए जमा करने होंगे। एक्सिस बैंक 7 दिनों से लेकर 10 साल तक की फिक्स्ड डिपॉजिट पर 3.50 फीसदी से लेकर 7 फीसदी तक का ब्याज ऑफर कर रहा है। बैंक 2 साल से 30 महीने में मैच्योर होने वाली एफडी पर सबसे ज्यादा 7.20 फीसदी की दर से ब्याज ऑफर कर रहा है जबकि वरिष्ठ नागरिकों को इस अवधि की एफडी पर 7.95 फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा। 7 दिनों से 45 दिनों में मैच्योर होने वाली एफडी पर 3.50 फीसदी की ब्याज दर की पेशकश जारी रहेगी। 46 दिनों से 60 दिनों में मैच्योर होने वाली जमा पर बैंक 4 फीसदी ब्याज देगा। 61 दिनों से 3 महीने में मैच्योर होने वाली जमा राशियों पर 4.50 फीसदी ब्याज दर की पेशकश की जाएगी। 3 महीने से 6 महीने में मैच्योर होने वाली जमा राशियों पर अब 4.75 फीसदी की ब्याज दर दी जाएगी। एक्सिस बैंक ने 6 महीने से 9 महीने में मैच्योर होने वाली जमा पर 5.75 फीसदी ब्याज दर की पेशकश की जाएगी। 9 महीने से एक साल में मैच्योर होने वाली जमा पर 6 फीसदी ब्याज दर मिलेगी।

# बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 354 परियोजनाओ की लागत 4.55 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक के खर्च वाली 354 परियोजनाओं की लागत तय अनुमान से 4.55 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा बढ़ गई है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मार्च, 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,449 परियोजनाओं में से 354 की लागत बढ़ गई है, जबकि 821 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार इन 1,449 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की वास्त?विक लागत 20,69,658.30 करोड़ रुपए थी लेकिन अब इसके बढ़कर 25,25,348.87 करोड़ रुपए हो जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 22.02 प्रतिशत यानी 4,55,690.57 करोड़ रुपए बढ़ गई है। रिपोर्ट के अनुसार मार्च, 2023 तक इन परियोजनाओं पर 13,90,736.58 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 55.07 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय ने कहा है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समयसीमा के हिसाब से देखें तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 616 पर आ जाएगी। वैसे इस रिपोर्ट में 333 परियोजनाओं के चालू होने के साल के बारे में जानकारी नहीं दी गई है।

**मार्च, 2023 तक बुनियादी परियोजनाओं पर खर्च हो चुके हैं 13,90,736.58 करोड़ रुपए**

रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी से चल रही 821 परियोजनाओं में से 190 परियोजनाएं एक महीने से 12 महीने, 177 परियोजनाएं 13 से 24 महीने की, 325 परियोजनाएं 25 से 60 महीने और 129 परियोजनाएं 60 महीने से अधिक की देरी से चल रही हैं। इन 821 परियोजनाओं में विलंब का औसत 37.79 महीने है। इन परियोजनाओं में देरी के कारणों में भूमि अधिग्रहण में विलंब, पर्यावरण और वन विभाग की मंजूरियां मिलने में देरी और बुनियादी संरचना की कमी प्रमुख है। इसके अलावा परियोजना का वित्तपोषण, विस्तृत अभियांत्रिकी को मूर्त रूप दिए जाने में विलंब, परियोजना की संभावनाओं में बदलाव, निविदा प्रक्रिया में देरी, ठेके देने व उपकरण मंगाने में देरी, कानूनी व अन्य दिक्कतें, अप्रत्याशित भू-परिवर्तन आदि की वजह से भी इन परियोजनाओं में विलंब हुआ है।

## चाय उत्पादकों को सालाना 14.7 करोड़ किलो फसल का नुकसान

**नई दिल्ली।** देशभर में चाय के पौधों पर कीटों और बीमारियों का प्रकोप बढ़ने के कारण चाय उत्पादकों की चिंता बढ़ गई है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन से बढ़ते तापमान और लंबे समय तक बारिश नहीं होने से भी फसल को नुकसान पहुंच रहा है। उद्योग निकाय चाय अनुसंधान संघ (टीआरए) ने बताया कि चाय उत्पादकों को सालाना लगभग 14.7 करोड़ किलोग्राम फसल का नुकसान हो रहा है। टीआरए ने एक बयान में कहा कि चाय के पौधों पर कीटों के हमलों से राजस्व को सालाना 2,865 करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। टीआरए के एक व ?रिष्ठ अ ?धिकारी ने कहा ?कि कीटों और बीमारियां का प्रकोप पहले भी था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह बढ़ गया है। उत्तर भारत में, कीटों के हमले शुरू में पश्चिम बंगाल में डुआर्स के कुछ क्षेत्रों और असम के दक्षिण तट तक सीमित थे। लेकिन पिछले दो दशकों में यह कछार, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, दार्जिलिंग और तराई के अन्य चाय उत्पादक क्षेत्रों में तेजी से फैला है।

## देश का कच्चे इस्पात का उत्पादन बीते वित्त वर्ष बढ़कर 12.5 करोड़ टन

**नई दिल्ली।** बीते वित्त वर्ष 2022-23 को देश का कच्चे इस्पात का उत्पादन 4.18 प्रतिशत बढ़कर 12.53 करोड़ टन पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में देश में 12.02 करोड़ टन से अधिक कच्चे इस्पात का उत्पादन हुआ था। इस दौरान तैयार इस्पात का उत्पादन बढ़कर 12.12 करोड़ टन पर पहुंच गया। यह इससे पिछले वित्त वर्ष के उत्पादन 11.36 करोड़ टन से 6.77 प्रतिशत अधिक है। बीते वित्त वर्ष में घरेलू स्तर पर इस्पात की खपत 12.69 प्रतिशत बढ़कर 11.91 करोड़ टन पर पहुंच गई। 2021-22 में इस्पात की खपत 10.57 करोड़ टन रही थी। एक विश्लेषण में कहा गया है कि बुनियादी ढांचा गतिविधियां बढ़ने की वजह से देश में इस्पात का उत्पादन और उपभोग बढ़ा है। बीते वित्त वर्ष में इस्पात का निर्यात 50 प्रतिशत घटकर 67.2 लाख टन रह गया। एक साल पहले यह 1.34 करोड़ टन से अधिक रहा था। इस दौरान इस्पात का आयात 29 प्रतिशत बढ़कर 46.7 लाख टन से 60.2 लाख टन हो गया।

# सेंसेक्स की आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.17 लाख करोड़ घटा

**मार्केट कैप**

**रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही**

**मुंबई।** बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,17,493.78 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनी इन्फोसिस रही। सप्ताह के दौरान नुकसान में रहने वाली आठ कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं। सिर्फ आईटीसी और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 66,854.05 करोड़ रुपए घटकर 5,09,215 करोड़ रुपए रह गया। इन्फोसिस का चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ उम्मीद से कम रहा है। कंपनी ने 13 अप्रैल को अपना मार्च तिमाही का नतीजा घोषित किया था। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 10,880.5 करोड़ रुपए घटकर 9,33,937.35 करोड़ रुपए पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 10,462.77 करोड़ रुपए घटकर 6,17,477.46 करोड़ रुपए रह गई। टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 10,318.52 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 11,56,863.98 करोड़ रुपए पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) का बाजार मूल्यांकन 8,458.53 करोड़ रुपए घटकर 5,86,927.90 करोड़ रुपए पर आ गया। एचडीएफसी की बाजार हैसियत 5,172.27 करोड़ रुपए के नुकसान से 5,06,264.24 करोड़ रुपए पर आ गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 4,566.52 करोड़ रुपए घटकर 15,89,169.49 करोड़ रुपए पर और भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 780.62 करोड़ रुपए के नुकसान से 4,26,635.46 करोड़ रुपए पर रह गया।

इसके ?विपरीत आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 15,907.86 करोड़ रुपए बढ़कर 5,07,373.82 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एसबीआई के मूल्यांकन में 8,746.11 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई और यह 4,84,561.80 करोड़ रुपए रहा। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, आईटीसी, एचडीएफसी, एसबीआई और भारती एयरटेल का स्थान रहा।

# अक्षय तृतीया पर दिल्ली में एक दिन में सराफा बाजार में 250 करोड़ का कारोबार हुआ

**बीते वर्ष के मुकाबले कीमतों में करीब 10 हजार से अधिक की तेजी देखी गई**

**नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया पर्व के मौके पर राजधानी दिल्ली में सोने के आभूषणों की खरीदारी से सरार्फा बाजार चमक उठा। अनुमान जताया जा रहा है कि एक ही दिन में करीब 250 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ है। हालांकि, कारोबारियों का मानना है कि यह बीते वर्ष की तुलना में कम रहा है। बीते वर्ष के मुकाबले कीमतों में करीब 10 हजार रुपए से अधिक की तेजी देखी गई है। जो लोग अक्षय तृतीया पर आभूषण और सिक्का खरीदना शुभ मानते हैं, उन्होंने सीमित अनुपात में खरीदारी की है। दिल्ली में ज्वेलरी और सोने की होलसेल एवं खुदरा बिक्री की करीब 10 हजार दुकानें हैं। इनमें चांदनी चौक का कूचा महाजनी सबसे बड़ा बाजार है। इसके बाद लाजपत नगर, करोल बाग और अन्य बाजार हैं। शनिवार को कूचा महाजनी और अन्य बाजारों में ज्वेलरी की दुकानों पर सुबह से ही ग्राहक जुटने शुरू हो गए। इनमें हल्की ज्वेलरी को पसंद करने वाले ग्राहकों की संख्या सबसे ज्यादा रही। कारोबारियों का कहना है कि नए डिजाइन वाली ज्वेलरी को ज्यादा पसंद किया। इसका बड़ा कारण यह है कि अब लोग ऐसी ज्वेलरी को खरीदना चाहते हैं जो बजट में हो। जबकि इससे पहले लोग ज्वेलरी के साथ सोने के सिक्के, गिन्नी को एक निवेश के तौर पर भी खरीदते थे। हर साल खरीदारी को लेकर लोगों को ट्रेंड बदल रहा है।

लोग अपनी जरूरत के अनुसार त्योहार के मौके पर खरीदारी का विकल्प तलाश लेते हैं। इस बार भी लोगों ने हल्के आभूषण की खरीदारी कर अपनी जरूरत को पूरा किया है। वहीं एनसीआर के शहरों के प्रमुख बाजारों में भी खरीदारों की भीड़ रही। गुरुग्राम के सरार्फा बाजार में भी 100 करोड़ से अधिक के कारोबार का अनुमान लगाया गया है। बीते वर्ष अक्षय तृतीया पर 24 कैरेट सोने की कीमत 51 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम थी, जो इस बार 62 हजार रुपए पहुंच गई है। इससे कारोबार पर असर जरूर पड़ा। बीते वर्ष करीब 400 से 500 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ था लेकिन इस बार कारोबार 250 करोड़ रुपए के आसपास रहा है।

## सऊदी अरब पाकिस्तान को कर सकता है दो अरब डॉलर की सहायता

**इस्लामाबाद।** नकदी संकट से जूझ रहा पाकिस्तान दो अरब डॉलर की अतिरिक्त जमा पाने के लिए सऊदी अरब के साथ ईद के बाद समझौता कर सकता है। इस कदम से पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से राहत पैकेज हासिल करने में मदद मिलेगी, जिसकी उसे इस समय बहुत अधिक जरूरत है। पाकिस्तान ने आईएमएफ के साथ समझौता करने के लिए मार्च में सऊदी अरब से धनराशि देने की पुष्टि करने का आग्रह किया था। पाकिस्तान को इसी महीने रियाद से अतिरिक्त राशि जारी करने की मंजूरी मिली थी। पाकिस्तान को सऊदी अरब से यह सहयोग बेहद महत्वपूर्ण समय में मिल रहा है। आईएमएफ के साथ 2019 में हस्ताक्षरित कार्यक्रम 30 जून, 2023 को निष्क्रिय हो जाएगा और तय दिशानिदेर्शों के अनुसार उसके बाद कार्यक्रम को आगे नहीं बढ़ाया जा सकेगा। आईएमएफ ने पाकिस्तान के सामने एक शर्त रखी है कि उसे सात अरब डॉलर का राहत पैकेज पाने के लिए पहले दूसरे देशों से तीन अरब डॉलर जुटाने होंगे। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान दो अरब डॉलर के अतिरिक्त जमा के लिए ईद के तुरंत बाद सऊदी फंड ऑफ डेवलपमेंट (एसएफडी) के साथ एक समझौता करेगा। रिपोर्ट के अनुसार अधिकारी ने कहा कि सऊदी अरब ने आईएमएफ से द्विपक्षीय सहयोग की पुष्टि कर दी है।

## शंघाई ऑटो शो में पेश किया वोल्वो ईएक्स90 एक्सीलेंस ईवी को

**शुरूआत में वॉल्वो एस90 एक्सीलेंस को केवल चीन में बिकेगी**

**नयी दिल्ली।** वोल्वो ने नई ईएक्स90 इलेक्ट्रिक एसयूवी को अब शंघाई ऑटो शो में पेश किया है। शुरूआत में वॉल्वो एस90 एक्सीलेंस को केवल चीन में सेल किया जाएगा उसके बाद दुनिया भर में ये ब्रिकी के लिए उपलब्ध होगी। वोल्वो ईएक्स90 ईवी में 5ऋकनेक्शन है। इसमें इंफोटेनमेंट और वाहन के लिए 14.5 इंच की स्क्रीन है। इसमें111केडब्ल्यूएच बैटरी पैक और एक डुअल मोटर सेटअप है, जो चारों पहियों को पावर देता है। ये 496 एचपी की पीक पावर और 909 एनएम का टार्क जेनरेट करने में सक्षम है। ये एक बार फुल चार्ज में 650 किमी तक चल सकती है। वोल्वो ईएक्स90 ईवी में 14.5 इंच का वर्टिकल टच स्क्रीन सेंटर कंसोल, क्वालकॉम टेक्नोलॉजीज के स्नैपड्रैगन कॉकपिट, रडार, लिडार, कैमरे, सेफ्टी सेंसर, 360-डिग्री कैमरा, असिस्टेड ड्राइविंग और अडैप्टिव क्रूज कंट्रोल सिस्टम जैसे फीचर्स मिलेंगे।बता दें कि वोल्वो ईएक्स90 ईवी के एक्सटीरियर में डुअल-टोन पेंट थीम है। इसमें एक बड़ा ओरेफोर्स क्रिस्टल भी है जो डिस्पेंसर को कंट्रोल करता है। ईएक्स90 एक्सीलेंस में वूल ब्लेंड या नॉर्डिको अपहोल्स्ट्री मिलती है।

## रुपया जल्द ही वैश्विक मुद्रा बनने की राह पर

**नई दिल्ली।** भारतीय रुपया वैश्विक मुद्रा बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है। दरअसल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उम्मीद जताई कि कारोबारी जल्द ही रुपए में ?विदेशी कारोबार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों के कई बैंक भारतीय बैंकों के साथ विशेष वोस्ट्रो अकाउंट्स खोल रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्रिटेन, सिंगापुर और न्यूजीलैंड सहित 18 देशों के संबंधित बैंकों के साथ स्पेशल रुपी वोस्ट्रो अकाउंट्स खोलने के 60 अनुरोधों को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक इस मुद्दे पर विभिन्न देशों में अपने समकक्षों के साथ चर्चा कर रहा है। गोयल ने राजकोट में कहा कि हम जल्द ही कई देशों के साथ रुपए में वै ?श्विक कारोबार होते हुए देखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और कनाडा जैसे विकसित क्षेत्रों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के लिए बातचीत चल रही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया भारत के साथ कंप्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट यानी सीईपीए करना चाहती है। उन्होंने कपड़ा क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजना के दूसरे चरण के बारे में कहा कि बहुत जल्द योजना की रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

# आईसीआईसीआई बैंक का मुनाफा 30 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** प्राइवेट सेक्टर के दिग्गज बैंक आईसीआईसीआई बैंक और यस बैंक ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजे घोषित कर दिए हैं। आईसीआईसीआई बैंक का मुनाफा सालाना आधार पर करीब 30 फीसदी बढ़ गया। सालाना आधार पर यस बैंक का मुनाफा 45 फीसदी गिरा है। आईसीआईसीआई बैंक के लिए मार्च तिमाही अनुमान से कहीं ज्यादा बेहतर रही। इसका मुनाफा सालाना आधार पर करीब 30 फीसदी बढ़ गया। बैंक को मार्च 2023 तिमाही में 9,121.9 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ जो सालाना आधार पर 30 फीसदी और तिमाही आधार पर 10 फीसदी अधिक रहा। वहीं एसेट क्वालिटी की बात करें तो इसका ग्रॉस एनपीए गिरकर 2.81 फीसदी पर आ गया है जो मार्च 2022 में 3.60 फीसदी और दिसंबर 2022 में 3.07 फीसदी पर था। आईसीआईसीआई बैंक को मार्च तिमाही में 9,121.87 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ जबकि दिसंबर 2022 तिमाही में इसे 8,311.85 करोड़ रुपए और मार्च 2022 तिमाही में 7018.71 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। वहीं एसेट क्वालिटी की बात करें तो इसका नेट एनपीए मार्च 2023 में 0.48 फीसदी पर आ गया जो मार्च 2022 में 0.76 फीसदी और दिसंबर 2022 में 0.55 फीसदी पर था। वहीं ग्रॉस एनपीए मार्च 2023 में यह 2.81 फीसदी पर आ गया जो मार्च 2022 में 3.60 फीसदी और दिसंबर 2022 में 3.07 फीसदी पर था।

**यस बैंक का मुनाफा 45 फीसदी गिरा**

वहीं मार्च 2023 तिमाही में यस बैंक का मुनाफा सालाना आधार पर गिरा है लेकिन तिमाही आधार पर बंपर बढ़ा है। बैंक को मार्च 2023 तिमाही में 202.43 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में इसे 367.46 करोड़ रुप, का मुनाफा हुआ यानी सालाना आधार पर मुनाफा 45 फीसदी गिरा है। तिमाही आधार पर दिसंबर 2022 तिमाही में इसे 51.52 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था यानी कि तिमाही आधार पर बैंक का मुनाफा 293 फीसदी बढ़ा है। बैंक का नेट एनपीए मार्च 2023 तिमाही में 0.83 फीसदी पर आ गया जो मार्च 2022 तिमाही में 4.53 फीसदी और दिसंबर 2022 तिमाही में 1.03 फीसदी पर था।

## कच्चा तेल स्थिर, कुछ राज्यों में पेट्रोल और डीजल की कीमत बदली

**ब्रेंट क्रूड 81.66 डॉलर प्रति बैरल**

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में रविवार को कोई बदलाव नहीं हुआ है। डब्ल्यूटीआई क्रूड 77.87 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 81.66 पर ट्रेड कर रहा है। र ?विवार को बिहार में पेट्रोल 49 पैसे और डीजल 46 पैसे महंगा हुआ है। महाराष्ट्र पेट्रोल की कीमत 72 पैसे और डीजल की 70 पैसे बढ़ी है। पंजाब में पेट्रोल कल से 31 पैसे और डीजल 30 पैसे ज्यादा पर बिक रहा है। राजस्थान में पेट्रोल और डीजल क्रमशः 47 पैसे और 43 पैसे महंगा हुआ है। कुछ राज्यों में राहत भी है। हिमाचल में पेट्रोल 68 और डीजल 60 पैसे सस्ता हुआ है। हरियाणा में भी पेट्रोल 23 और डीजल 22 पैसै कम हुआ है। मध्य प्रदेश और प. बंगाल में भी ईंधन सस्ता हुआ है। चेन्नई में भी पेट्रोल-डीजल की कीमत में मामूली कटौती है।दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.73 रुपए और डीजल 94.33 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.59 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# केंट ने पेश की जीरो वॉटर वेस्टेज टेक्नोलॉजी वाली मशीन

**नई दिल्ली।** आज विश्व धरती दिवस है। प्रकृति ने हमें पानी देकर हम पर बहुत बड़ा उपकार किया है। यदि पानी नहीं, तो समझिए कुछ भी नहीं। अब समस्या ये है कि पीने वाले पानी को पहले शुद्ध करना पड़ता है, तभी उसे पीना सेहत के लिए ठीक रहता है। आज जबकि साइंस ने इतनी तरक्की कर ली है और टेक्नोलॉजी काफी बेहतर है, तो इस ज्ञान का उपयोग पानी को स्वच्छ करने में भी लगाया गया है। इसी की बदौलत आज घर-घर में वाटर प्यूरीफायर देखे जा सकते हैं।

वाटर प्यूरीफायर की बात करें तो ये मशीनें पानी को साफ करने में ही 70-80 फीसदी पानी को व्यर्थ में बहा देती हैं। परंतु कितना बेहतर हो यदि पानी साफ भी हो जाए और वेस्ट भी न हो। इसी पर काम करते हुए केंट आरओ ने ऐसा वाटर प्यूरीफायर बना दिया है जो जीरो वॉटर वेस्टेज टेक्नोलॉजी के साथ आता है। मतलब पानी साफ होता है और वह भी बिना किसी वेस्टेज के। कंपनी ने आरओ से रिजेक्टेड वाटर को ओवर हेड टैंक में पहुंचाने के लिए एक अलग से मोटर लगाई है। जीरो वॉटर वेस्टेज टेक्नोलॉजी में केवल आरओ प्यूरीफायर से केवल शुद्ध पानी देना नहीं होता, बल्कि रिजेक्ट वाटर को इंटरनल पंप के साथ ओवरहेड टैंक में भेजा जाता है, जो जीरो वाटर वेस्टेज का वादा पूरा करता है। जीरो वाटर वेस्टेज कहने का मतलब यह कतई नहीं है कि आरओ से रिजेक्ट वॉटर नहीं निकलता। सच तो यह है कि रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) तकनीक के काम करने के तरीके से यह संभव ही नहीं है। ओवरहेड टैंक के आकार/क्षमता और पीने के पानी की जरूरत के हिसाब से आरओ प्यूरीफायर ओवरहेड टैंक में केवल 3-7 फीसदी पानी का उपयोग करता है।

रिजेक्ट पानी केवल 2 से 5 फीसदी होता है। टैंक में ताजा पानी आने से टीडीएस स्तर में कोई ज्यादा वृद्धि नहीं होती। केंट का दावा है कि वह भारत में वाटर प्यूरिफायर का सबसे बड़ा निमार्ता है। उसकी तकनीकी प्रगति को विश्व स्तर पर मान्यता मिली है। हाल ही में केंट ने बीएलडीसी टेक्नोलॉजी के साथ नए कूल स्टाइलिश पंखे लॉन्च किए हैं, जिन पर कंपनी 65 प्रतिशत तक बिजली कम खपत होने का दावा करती है। केंट आरओ सिस्टम्स के सीएमडी डॉ महेश गुप्ता का कहना है, ह्यकेंट पर्यावरण को लेकर अपनी जिम्मेदारी को अच्छे से समझता है। स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। हम मानते हैं कि हमारे काम करने के तरीके का (पानी का रिजेक्शन) पर्यावरण पर सीधा प्रभाव पड़ता है। इसे कम करना हमारी ड्यूटी है और दायित्व भी। बता दें कि अभी तक अपनी ही आकाशगंगा में धरती जैसा दूसरा ग्रह नहीं खोज पाए, जहां पर ऑक्सीजन हो, पानी हो या जीवन पनपने में संभावना हो। ऐसे में बहुत जरूरी है कि हम अपने प्लानेट धरती का उसी तरह ध्यान रखें, जिस तरह हम अपने घर का रखते हैं। अपनी सोच को जरा बड़ा करके देखें तो पृथ्वी दरअसल हमारा घर ही है।आपने कुछ नारे खूब देखे-पढ़े होंगे कि जल है तो कल है, जल है तो जीवन है। ये सिर्फ नारे नहीं, बल्कि हकीकत है।

# अध्यक्ष के 19 व सदस्य के 124 प्रत्याशियों ने किया पर्चा दाखिल

## सातवें दिन अध्यक्ष के पांच सहित 37 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

जनसंदेश न्यूज

भदोही। नगरीय निकाय निर्वाचन-2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढ़ग से सकुशल सम्पन्न कराने के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट /जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद के सातो नगरीय निकायों के अध्यक्ष व सदस्य पदों हेतु नाम निर्देशन पत्रों का क्रय पाँचवें दिन रविवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक हुआ। तहसील भदोही परिसर में नगर पालिका भदोही के अध्यक्ष पद हेतु तीन व सदस्य पद हेतु चौदह पत्रों की बिक्री हुई तथा अध्यक्ष हेतु चार एव अड़तालिस प्रत्याशियों ने सदस्य पद हेतु नामांकन किया। सुरियावा अध्यक्ष पद हेतु एक एवं सदस्य पद हेतु आठ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा तथा अध्यक्ष हेतु दो एवं सदस्य पद हेतु बाइस प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नई बाजार के अध्यक्ष पद हेतु 03 प्रत्याशी तथा 15 सदस्य प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया। इसी तरह तहसील ज्ञानपुर परिसर में नगर पालिका गोपीगंज के सदस्य पद हेतु 05 पत्रों की बिक्री एवं अध्यक्ष पद हेतु एक तथा सदस्य पद हेतु आठ प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नगर पंचायत ज्ञानपुर में सदस्य के तीन फार्मो की बिक्री हुई तथा अध्यक्ष पद हेतु दो तथा सदस्य पद हेतु पन्द्रह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसी तरह तहसील औराई परिसर में नगर पंचायत खमरिया के अध्यक्ष हेतु एक एवं सदस्य हेतु दो नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। खमरिया से अध्यक्ष पद हेतु छः तथा सदस्य पद हेतु दस प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नगर पंचायत घोसिया के अध्यक्ष पद हेतु एक व छः सदस्य प्रत्याशियों ने नामांकन भी किया। इस प्रकार से तीनों तहसील परिसरों में नामांकन स्थल से सातों नगरीय निकाय के अध्यक्ष के पाँच व सदस्य के बत्तीस सहित कुल सैंतीस नामांकन पत्रों की बिक्री हुई तथा 124 सदस्य प्रत्याशी एवं 19 अध्यक्ष प्रत्याशी सहित कुल 143 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 25 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा, 27 अप्रैल को अभ्यर्थन की नाम वापसी, 28 अप्रैल को प्रतीक/चुनाव चिन्ह आवंटन किया जाएगा से 11 मई को पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक मतदान होगा एवं 13 मई को पूर्वाह्न 8:00 बजे से मतगणना की शुरूआत होगी।

# पेंटर परवेज ने डीएम को भेंट की उनकी तस्वीर



डीएम गौरांग राठी को तस्वीर भेंट करते पेंटर परवेज खान

जनसंदेश न्यूज

भदोही। ईद-उल-फितर का त्योहार शनिवार को बड़ी अकीदत के साथ मनाया गया। इस दौर अजीमुल्ला चौराहा पर लगे कैम्प पर जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने संयुक्त रुप से ईद-उल-फितर पर्व की लोगों को बधाई दे रहे थे। बच्चों को टाफियां दे कर ईद-उल-फितर की शुभकामनाएं दे रहे थे। इसी दौरान पचभैया निवासी पेंटर परवेज खान ने अपनी कलाकारी का शानदार नमूना पेश करते हुए जिलाधिकारी गौरांग राठी की बनाई हुई उनकी पेंटिंग की शानदार तस्वीर भेंट किया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने तस्वीर को लेते हुए पेंटर परवेज खान की कलाकारी की सराहना किया।

इससे पहले पेंटर परवेज खान ने कई अधिकारियों और मंत्रियों की तस्वीरें बनाकर उनको भेंट कर वाहवाही लूट चुके हैं।

## संक्षेप

### तरन्नुम का टिकट कटा, सपा की उम्मीदवार बनी कांती देवी

**भदोही।** नगर पालिका भदोही के अध्यक्ष पद के लिए सपा ने तरन्नुम पत्नी हसनैन अंसारी को उम्मीदवार बनाया गया था। रविवार को समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने तरन्नुम की जगह कांती देवी पत्नी पन्नालाल यादव को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया हैं। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम की प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक तरन्नुम पत्नी हसनैन अंसारी को अधिकृत प्रत्याशी बनाकर दिया गया था। प्रारूप 7 क व 7 ख जारी किया गया था। समाजवादी पार्टी ने अपना निर्णय बदलते हुए प्ररूप 7क व 7 ख का निरस्तीकरण करते हुए व कान्ती देवी पत्नी पन्नालाल को समाजवादी पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी के रूप में स्वीकार करके साइकिल चुनाव चिन्ह आवंटित करने के लिए नगरीय निकाय के रिटर्निंग अधिकारी को पत्र देकर अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। उर्वशी जायसवाल को बीजेपी ने बनाया उम्मीदवार **भदोही।** भारतीय जनता पार्टी ने भी अपने पत्ते खोलते हुए नगर पालिका परिषद भदोही के अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान चेयरमैन अशोक कुमार जायसवाल की पत्नी उर्वशी जायसवाल को अधिकृत उम्मीदवार बनाया है। बसपा से अतहर अली का टिकट तय हो गया है। गोपीगंज से निवर्तमान चेयरमैन प्रहलाद गुप्ता भाजपा के प्रत्याशी बने हैं।

### हरियाली को लगी नजर, लकड़ी माफिया सक्रिय

**ज्ञानपुर।** जहाँ एक ओर केंद्र व प्रदेश सरकार पर्यावरण के संरक्षण करोड़ो की धनराशि खर्च करके अभियान चलाकर वृक्षारोपण कराती हैं वही दूसरी ओर हरियाली के दुश्मन बने लकड़ी माफिया चन्द पैसो की लालच में प्रकृति को उजाड़ने का काम कर रहे हैं। नजीर के तौर पर भदोही कोतवाली के मोढ़ क्षेत्र को लिया जा सकता है। इन दिनों मोढ़ क्षेत्र में धड़ल्ले से हरे पेड़ों की कटाई चल रही है। क्षेत्र के आरा मशीनों पर हरे पेड़ों की लकड़ियों की भरमार हैं। सब कुछ जानते हुए पुलिस व वन विभाग के लोग मौनी बाबा बने हुए हैं। लकड़ी कारोबारी व अनाधिकृत आरा मशीन संचालकों पर कार्रवाई को लेकर जिम्मेदार अधिकारी नाकाम साबित हो रहे। हरियाली गायब होती जा रही है तो पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। हरे पेड़ों का अस्तित्व समाप्त करने वाले ऐसे कारोबारियों पर कार्रवाई को लेकर पुलिस व वन अधिकारी बेखबर हैं। आरोप है कि पुलिस, वन विभाग के अधिकारी जानते हुए भी अनजान बने हुए हैं। कारोबारियों की ओर से पेड़ कटाई के बाद ट्रैक्टर पर लादकर आरा मशीन तक रात में ढुलाई किया जाता है। रास्ते में ऐसे वाहनों पर पुलिस की नजर पड़ने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जाती है। प्रभागीय वनाधिकारी नीरज आर्य का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है। छापेमारी कर कार्रवाई की जाएगी।

### विश्वव्यापी रक्तदान का आयोजन

**भदोही।** मानवता के मसीहा बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में 24 अप्रैल का दिन संपूर्ण निरंकारी जगत द्वारा देश एवं दूर देशों में रक्तदान शिविर के आयोजन से मानव एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानव कल्याण हेतु संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा पूरे देश भर सहित भदोही जिले में औराई स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में बड़े पैमाने पर रक्तदान शिविर जैसे महाअभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी रक्तदाता स्वेच्छा पूर्वक सम्मिलित होकर पूरे जोश एवं उत्साह से रक्तदान करेंगे।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 174 मरीजों का उपचार

**खेतासराय।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। पीएचसी सोंधी अंतर्गत सभी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 174 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच हुई। मिहरावां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाएं भी वितरित की गईं। इसी तरह सोंगर, मदरहा, बीबीगंज और ताखा में आयोजित जन आरोग्य मेले में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाएं दी गई। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रमेश चंद्रा ने बताया कि क्षेत्र के सभी पांच स्वास्थ्य केंद्रों पर जन आरोग्य मेला लगाया गया। इसमें प्रभारी चिकित्साधिकारी के अलावा स्वास्थ्य केंद्र ताखा में डा. मसूद अहमद खान, मदरहाँ में डा. विवेकानंद कुशवाहा, मेहरावां में डा. सुधा व डा. एसके यादव, बीबीगंज में डा. राकेश यादव व डा. सुधाकर चौहान, सोंगर में डा. रमेश चन्द्रा और साथ में पैरास्टाफ लगाए गए थे।

### कैटल कैचर वाहन को मिली हरी झण्डी



**सुइथाकला।** शनिवार को स्थानीय ब्लाक परिसर से छुट्टे पशुओं को पकड़ने के लिए कैटल कैचर वाहन को हरी झण्डी मिली। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चन्द्र तिवारी व खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाते हुए वाहन को रवाना किया गया। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. तिवारी ने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रम में क्षेत्र पंचायत प्रमुख विद्या तिवारी द्वारा छुट्टा पशुओं को पकड़ने के लिए क्रय कराया गया जो एक सराहनीय पहल है। अब छुट्टा पशुओं को आसानी से पकड़कर गौशालाओं तक पहुंचाया जा सकेगा। वहीं खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन श्रीवास्तव द्वारा इस कार्य जनसहयोग करने की भी अपील की गई। इस दौरान एपीओ नृपेन्द्र सिंह, जितेंद्र कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### मारपीट में घायल युवक की मौत


**सुइथाकला।** सरपतहां थाना क्षेत्र के भटौली (जहरुद्दीनपुर) गांव में रविवार शाम शराब पीने के बाद हुई आपसी कहासुनी व मारपीट में घायल रवींद्र पाल (37) की अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गई। आरोपित विकास पाल शव को बोलेरो गाड़ी में मृतक के घर के सामने छोड़कर फरार हो गया। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव तथा बोलेरो अपने को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की। कथित तौर पर मृतक रवींद्र पाल व उसके पड़ोसी विकास पाल ने शाम को एक साथ अन्य मजदूरों के साथ गेहूं की मड़ाई की और उसके बाद एक साथ बैठकर शराब का सेवन किया। इस बीच नशे में दोनों के बीच किसी बात को लेकर आपसी कहासुनी होने लगी जो धक्का-मुक्की व मारपीट में बदल गई। जिसमें रवींद्र पाल घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद आरोपित विकास पाल उसे एक बोलेरो गाड़ी से इलाज हेतु शाहगंज एक निजी अस्पताल ले गया जहां चिकित्सकों ने रवींद्र को मृत घोषित कर दिया।

### आकाशीय बिजली से महिला व वृद्ध की मौत

**चंदवक।** थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में रविवार की शाम तूफान व बारिश के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आकर झुलस जाने से वृद्ध व महिला की मौत हो गई। उनकी बकरियां सुरक्षित बच गईं। घटना से गांव में कोहराम मच गया है। गांव निवासी 65 वर्षीय संतू राम और फूलचंद्र राम की पत्नी 45 वर्षीय जीरा देवी अपनी-अपनी बकरियां चराने निकले थे। करीब साढ़े छह बजे गांव के बाहर खेत में बकरियां चरा रहे थे। तभी बूंदा-बांदी के साथ तेज हवाएं चलने लगीं। इसी दौरान गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरी। चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस जाने के कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

# फरार आरोपी के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

जनसंदेश न्यूज



फरार आरोपी के घर कुर्की की नोटिस चस्पा करती पुलिस

**ज्ञानपुर।** थाना सुरियावां पर पंजीकृत मुकदमा 282/2022 धारा-411/414 के मामलें में सुरियावां पुलिस ने फरार आरोपी के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा किया।

इस मामलें में आरोपी बंटी गौतम पुत्र मनोज गौतम उर्फ करिया निवासी विष्णुपुर थाना सुरियावां में वांछित है, जो गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा है। आरोपी को नियत तिथि तक न्यायालय के समक्ष पेश होकर अपना पक्ष रखने हेतु आदेशित किया गया।

मुनादी करते हुए सुरियावां पुलिस ने बताया कि यदि निर्धारित तिथि के अन्दर बंटी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नही होगा तो उसकी चल-अचल सम्पत्ति जब्त कर ली जाएगी। सुरियावां पुलिस टीम द्वारा उदघोषणा (डुग-डुगी) कर मुनादी करायी गई एवं 82 सी.आर.पी.सी की नोटिस गवाहों के समक्ष चस्पा किया गया।

# ईद की नमाज अदा कर मांगी अमन-चैन की दुआएं



ईद की नमाज के बाद मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगते नमाजी



बच्चों को चोकलेट और टॉफी देकर ईद-उल-फितर त्योहार की शुभकामनाएं देते डीएम और एसपी

**भदोही।** ईद-उल-फितर का त्योहार नगर सहित जिले के ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाहों और मस्जिदों में ईद-उल-फितर की नमाज अदा कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी। जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने संयुक्त रुप से ईद-उल-फितर पर्व के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल के साथ भ्रमण कर जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर तैनात सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहें तथा थाना कोतवाली भदोही क्षेत्र अन्तर्गत ईदगाह पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाज सकुशल सम्पन्न करायी गई। सकुशल नमाज सम्पन्न होने के उपरान्त अजीमुल्ला चौराहा पर मुस्लिम धर्मगुरुओं व सम्भ्रान्त व्यक्तियों खासकर छोटे-छोटे बच्चों को चोकलेट और टॉफी देकर ईद-उल-फितर त्यौहार की शुभकामनाएं दी।

अजीमुल्ला चौराहा स्थित कैम्प में लोगों को बधाई देने के लिए डीएम, एसपी के साथ एसडीएम कृपाशंकर पांडेय, सीओ अजय कुमार चौहान, इओ जी लाल व कोतवाल अजय सेठ ने लोगों को ईद-उल-फितर की बधाई दी। अजीमुल्ला चौराहा स्थित ईदगाह में पहली जमात 6:30 पर हाफिज परवेज अच्छे ने ऐडा कराई जबकि दूसरी जमात 7:15 पर हाफिज मो. रेहान ने अदा कराई। इसी के साथ नगर में सबसे लेट नमाज 7:45 पर सिविल लाइन पावर हाउस स्थित ईदगाह पर हाफिज फहद अत्तारी ने अदा कराई।

डीएम एसपी ने लोगों को कोविड के प्रति जागरूक भी करते हुए खुशियां मनाने की अपील की। लोग नमाज अदा कर एक-दूसरे से गले मिले और गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। उसके बाद मिलने-मिलाने का दौर जो शुरू हुआ वह काफी रात तक जारी रहा। त्योहार के दृष्टिगत रखते हुए ईदगाहों और मस्जिदों के बाहर पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। नगर में ईद.उल.फितर पर्व को लेकर सुबह से ही सड़कों पर रौनक शुरू हो गई थी। लोग स्नान करने के बाद नए कपड़े पहनकर, इत्र लगाकर अपने परिवार के सदस्यों के साथ ईदगाहों और मस्जिदों की जानिब कूच कर गए। दो साल बाद बगैर किसी पाबंदी के हुई नमाज को देखते हुए नगर के सभी ईदगाहों और मस्जिदों में नमाजी खचाखच भरे रहे। लोगों ने ईद-उल-फितर की नमाज अदा की। उसके बाद बारगाहे इलाही में दोनों हाथों को फैलाकर मुल्क में अमन-चैन कायम रखने के लिए दुआ मांगी गई। लोग एक दूसरे से गले मिले और उनको ईद-उल-फितर की मुबारकबाद दी। परंपरानुसार ईद उल-फितर का पर्व रमजान माह के अन्त और शव्वाल माह के पहले दिन मनाई जाती है। ईद के दिन लोग अपने घरों को सजाये व नए कपड़े पहने। पूरे एक महीने के कठिन रोजे के बाद ईद का त्योहार आता है। ऐसे में ईद के दिन लोगों के घरों में सेंवई बनती है। इसलिए इस पर्व को मीठी ईद भी कहा जाता है। लोगों ने एक दूसरे के घरों में पहुंचकर मीठी-मीठी सेवईयों का लुत्फ उठाया।

# डॉ. कुमार विश्वास ने साथियों संग श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**आयोजन**

**अक्षय तृतीया, भगवान परशुराम जन्मोत्सव व हिन्दी कविता के शताब्दी वर्ष पर आयोजन**



काव्य कलश में कविता का रसपान कराती कवियत्री

**मुंगराबादशाहपुर।** अक्षय तृतीया, भगवान परशुराम जन्मोत्सव व हिन्दी कविता के शताब्दी वर्ष पर शनिवार को सुजानगंज के एक विद्यालय में काव्य कलश का भव्य आयोजन किया गया जिसमें विख्यात कवि कुलभूषण डॉ. कुमार विश्वास व उनके साथियों द्वारा एक से बढ़कर एक काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया गया। तालियों की गड़गड़ाहट से समूचा परिसर देर रात तक गूंजता रहा। बताते चलें कि अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव व हिन्दी कविता के शताब्दी वर्ष पर भव्य काव्य कलश का आयोजन सुजानगंज में किया गया। जिसमें कवि डॉ. कुमार विश्वास, पद्मिनी शर्मा, रमेश मुस्कान, शम्भू शिखर, योगेन्द्र शर्मा व प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, पूर्व विधायक बदलापुर बाबा दुबे सहित अन्य अतिथियों ने माँ सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. कुमार विश्वास ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह सुजानगंज जौनपुर की धरती है और जो लेट आता है उसे बहुत प्यार आशीर्वाद मिलता है और मैं पहली बार जनपद के किसी कवि सम्मेलन में आया हूँ। इसी बीच तालियों की गड़गड़ाहट से श्रोताओं ने अपने चहेते कवि को भरपूर प्यार दिया। कवियित्री प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम ने माँ सरस्वती वंदना माँ शारदे हमें ज्ञान का वर दो माँ गाकर श्रोताओं को आत्ममुग्ध कर दिया। हास्य कवि शम्भू शिखर ने अपने हास्य रस से श्रोताओं को हंसाकर लोट पोट कर दिया और भी बेहतरीन प्रस्तुति देकर दर्शकों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। इसी कड़ी में वीर रस कवि योगेंद्र शर्मा ने गाजीपुर के लाल परमवीर चक्र से सम्मानित वीर अब्दुल हमीद पर हिन्द की जय हिन्द की जय शोर चारों ओर था। द्वन्द गगनभेदी गर्जना का दौर भी चारों ओर था, क्या गजब दीवानगी क्या गजब उन्माद था और देश की रक्षा के लिए हमीद आगे बढ़ गया, भारती का लाल अब्दुल दुश्मनों का काल था' वीर रस से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इसी क्रम में पद्मिनी शर्मा और रमेश मुस्कान ने भी एक बढ़कर एक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और समूचा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। अंत में कुमार विश्वास ने किसी के दिल की मायूसी जहाँ से हो के गुजरी हैं हमारी सारी चालाकी वही पे खो के गुजरी हैं, तुम्हारी और हमारी रात में बस फर्क इतना है तुम्हारी सो के गुजरी हैं, हमारी रो के गुजरी है से दर्शकों को आत्ममुग्ध कर दिया।

# आठ सौ श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या दर्शन को रवाना



अयोध्या दर्शन को रवाना होते श्रद्धालु

**खुटहन।** सियराबासी गांव निवासी सनातन धर्म के प्रचारक व युवा समाजसेवी सतीश जयकृष्ण तिवारी के सौजन्य से शंकर दुर्गा पूजा समिति के बैनर तले रविवार की भोर दो दर्जन बसों से निःशुल्क आठ सौ श्रद्धालु अयोध्या दर्शन को रवाना हो गए। श्रद्धालु भगवान श्रीराम जन्म भूमि के विभिन्न धार्मिक स्थलों का दर्शन पूजन कर देर रात तक उसी बस से वापस लौट आयेंगे। यात्रा के दौरान खानपान की व्यवस्था भी समाजसेवी के द्वारा करायी गई है।

उक्त की जानकारी देते हुए श्री तिवारी ने बताया कि देश के तमाम धार्मिक स्थल जहां हमारी आस्था के प्रमुख केंद्र है वहीं इन पौराणिक स्थलों के दर्शन से पुण्य के साथ साथ हमारे मन व अंतःकरण में सनातन संस्कृति के प्रति प्रेरणा व बल मिलता है। हमारे ग्रामीण समाज के तमाम लोग मन में इच्छा रहने के बाद भी धन, समय या किसी का साथ न मिलने की वजह से भगवान की जन्मभूमि तक नहीं पहुंच पाते। उन सभी को पावन नगरी तक ले जाने की सोचकर यह योजना बनाई गई है। अब प्रत्येक वर्ष यह यात्रा आयोजित की जायेगी। इस बार की यात्रा में महमदपुर, सुतौली, बड़सरा, गढ़ा गोपालापुर, सम्मनपुर, गुलरा आदि गांवों से आठ सौ बुजुर्गों को यात्रा पर ले जाया जा रहा है।

# हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी परशुराम जयन्ती और ईद

**सुइथाकला।** शनिवार को क्षेत्र के चौबाहा (सरजूनगर) में जहां अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम की जयन्ती बड़े ही धूमधाम के साथ मनायी गयी, वहीं मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद उल फितर का पर्व बड़े ही अकीदत के साथ मनाया। लोग नमाज के बाद एक दूसरे को गले लगकर पर्व की बधाईयाँ देते नजर आए। पुलिस और प्रशासन के लोग क्षेत्र में अमन चैन के लिए मुस्तैद दिखे। क्षेत्र के चौबाहा गांव में भगवान परशुराम की जयन्ती पर बतौर मुख्य अतिथि बदलापुर विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने भगवान परशुराम के पूजन अर्चन के बाद लोगों से उनके आदर्शों पर चलने की अपील की। इस दौरान विजय प्रकाश तिवारी, पवन तिवारी भोला, विपिन, रमेश आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी तरफ सौहार्द और भाईचारे के रूप में मनाए जाने वाले ईद के पर्व पर क्षेत्र के पूरा असालत खाँ, सुइथाकला, डीहअसरफाबाद, समोधपुर, हमजापुर, जमदरा समेत दर्जन भर गाँव के मस्जिदों और ईदगाहों में शिया और सुन्नी धर्मगुरूओं के द्वारा नमाजियों को नमाज पढ़ाकर मुल्क में शान्ति और भाईचारे की दुआ की गयी। बड़ी तादाद में लोग मस्जिदों और ईदगाहों में सामूहिक नमाज अदा करने के लिए गये। नमाज के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाईयाँ देते नजर आये। इस दौरान प्रशासन और पुलिस के लोग क्षेत्र में अमन चैन के लिए मुस्तैद दिखे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. -0532 - 2400063

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# कुटीर पीजी कॉलेज में पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन



पुरातन छात्र सम्मेलन में उपस्थित लोग

**पराऊगंज।** कुटीर पीजी कॉलेज चक्के मे शुक्रवार को पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित अभयजीत दुबे स्मृति सभागार में किया गया। स्वर्ण जयंती वर्ष कार्यक्रम श्रृंखलांतर्गत आयोजित इस सम्मेलन में महाविद्यालय के स्थापना वर्ष 1971 से 1985 बैच तक के पुरातन छात्रों के साथ प्रबंधक तथा प्राचार्य ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित हुआ प्रथम सत्र के कार्यक्रम में वर्ष 1973 से 2022 तक पूरा छात्रों को स्मृति चिन्ह तथा खादी का अंगवस्त्र एवं झोला देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य, शिक्षक भी उपस्थित रहे जिसे पुरातन शिक्षक छात्र समागम नाम दिया गया। कार्यक्रम में संस्थान के पुरा छात्र रहे प्रो. डीडी दुबे पूर्व संकायाध्यक्ष, त्रिवेणी सिंह सेवानिवृत्त आईआरएस, राजदेव यादव पूर्व प्रधानाचार्य, ओपी भारती रिटायर्ड महाप्रबंधक भारतीय खाद्य निगम, दयाशंकर यादव पूर्व डिविजनल इंजीनियर बीएसएनएल, रमाकांत पांडेय आदर्श किसान, उदय प्रताप सिंह सचिव गोरखपुर विकास प्राधिकरण, शरद मिश्र सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी, डॉ. जय प्रकाश पांडे वरिष्ठ वैज्ञानिक सीएसआरटीआई, ब्रिजलेस नागर वरिष्ठ वैज्ञानिक बीएआरसी, डॉ. रीता प्रधानाध्यापिका, डॉ. गिरीश कुमार प्रधानाध्यापक, शंभू यादव अध्यापक ने अपनी स्मृतियों को भावुकता के साथ साझा किया। सभी ने ग्रामीण क्षेत्र के इस महाविद्यालय को साधनहीन समाज के लिए वरदान बताया। उद्बोधन में बार बार लोगों ने संस्थापक के इस महान त्याग की प्रशंसा की और उनकी स्मृतियों का आत्मीय उल्लेख कर उन्हे श्रद्धांजलि दी। संस्थापक स्मृति स्थल में चरखा चलाया जा रहा था जो आकर्षण का केंद्र था, जहां पूर्व छात्रों ने अपनी सेल्फी और फोटो भी पुराने चरखे के साथ खिंचवाई। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य प्रो. श्याम नारायण मिश्र सहित अन्य पूर्व शिक्षकों की उपस्थिति मिलन का अद्भुत संयोग बना रही थी। रसायन विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. जगत नारायण ने कहाकि यह वास्तव में प्रणाम आशीर्वाद समारोह लग रहा है। पूरा कार्यक्रम सांस्कृतिक कार्यक्रम से भरपूर रहा जिसका प्रदर्शन भी पूर्व छात्राओं द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. अजयेंद्र कुमार दुबे ने कहाकि पूर्व छात्र ही संस्थान का सही मूल्यांकन कर सकते और वर्तमान पीढ़ी के छात्रों के लिए आदर्श भी। प्राचार्य डॉ. रमेश मणि त्रिपाठी ने पूर्व छात्रों से अपील की, किसी भी रूप में आपकी संस्था से जुड़ा रहना महाविद्यालय के प्रगति और वर्तमान छात्रों के भविष्य के लिए एक सार्थक सहयोग होगा। उन्होंने पूर्व छात्रों के उत्साह को देखते हुवे कहा कि कक्षा और महाविद्यालय के अनुशासन की सीमा से मुक्त आत्मीय मिलन आज अलौकिक आनंद की प्राप्ति करा रहा है। हर्ष से भरे अनेक पूर्व छात्रों ने संस्थान में अध्यनरत विद्यार्थियों के हित में आर्थिक सहयोग की घोषणा की तथा यह भी आश्वस्त किया की उनके कार्य अथवा क्षेत्र में महाविद्यालय के किसी छात्र को कोई असुविधा नहीं होगी। कार्यक्रम का संयोजन पुरा छात्र पंकज भूषण मिश्र, संजय सिंह गौतम, कृष्णकांत मधुकर सहित एक समिति ने किया। आभार प्रदर्शन प्रो. राघवेंद्र पांडेय तथा संचालन डॉ छवि गुप्ता ने किया।

# विश्व पुस्तक दिवस कार्यक्रम आयोजित



छात्रा को पुस्तक प्रदान करते अतिथि

**सुजानगंज।** विश्व पुस्तक दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश शुक्ला विशेष सचिव राजस्व उत्तर प्रदेश शासन ने सर्व प्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा पुष्प पर अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रबंधक डॉ. प्रमोद के सिंह ने की। विद्यालय की प्रिंसिपल सिल्जा प्रमोद सहित समस्त अध्यापक गण के साथ मुख्य अतिथि का माल्यार्पण करते हुए स्वागत किया। विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि ने बच्चों को विंग्स आफ फायर, रस्किन बॉन्ड, प्रेमचंद की अनमोल कहानियां पुस्तकें भेंट की। पुस्तक को पाते ही ऋषिकेश तिवारी, शशांक पांडेय, गौरी पाण्डेय, स्नेहा गुप्ता आदि के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे। मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने बच्चों से किताबों को अपनी मित्रता सूची में सबसे ऊपर रखने के लिए कहा क्योंकि किताबें मित्रों में सबसे शांत होती हैं, वे सलाहकारों में सबसे बुद्धिमान होती हैं और अध्यापकों में सबसे धैर्यवान होती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. प्रमोद के सिंह ने बच्चों को बताया कि भारत दुनिया का सबसे युवा और सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है। ये होनहार युवा हमारी ताकत हैं जो देश को विश्वशक्ति बना सकते हैं। बस जरूरत है ऐसी नीतियों की जो हमारे युवाओं को कौशल और काम करने का असीमित अवसर प्रदान करे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य सुधीर तिवारी एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य नितिन तिवारी आदि वक्ताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। समारोह के समापन में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिल्जा प्रमोद ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया व संचालन कुलदीप पाण्डेय ने किया। मौके पर विजय शंकर दुबे, पंकज मणि तिवारी, दीपक तिवारी, अजीत शर्मा, पंकज सिंह, नीता तिवारी, सुनीता सोनी, वंदना जायसवाल, सोनाक्षी, नीलम, अस्मिता, दिव्या तिवारी व निशा आदि लोग उपस्थित रहे।

# पृथ्वी दिवस पर गुरुनानक कॉलेज में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**लगा गुलमोहर का पौधा**

**कॉलेज में लगे गुलमोहर पौधे वाले क्षेत्र को गुलमोहर एवेन्यू के नाम से जाना जायेगा-मंजीत सिंह नैय्यर**

**पृथ्वी को बचाने के लिए हमें हर दिन पृथ्वी दिवस मनाना होगा-लक्ष्मणन रामनाथन**






हर साल 22 अप्रैल को हमे सिर्फ पृथ्वी दिवस मनाना नहीं होगा, बल्कि इसके प्रति हम सभी को जागरुक होना होगा, और लोगों को भी पृथ्वी को बचाने के लिए जागरुक करना होगा तभी हम इस पृथ्वी पर अपने जीवन का सार्थक करते हुए आने वाली पीढ़ी को कुछ दे सकने में पूरी तरह से सफल हो सकेंगे। इसी संदेश के साथ पृथ्वी दिवस पर चेन्नई वेलाचेरी के वेस्टिन होटल के सहयोग से गुरु नानक कॉलेज को 215 गुलमोहर का पौधा प्रदान किया गया।

गुरु नानक सेंटर फॉर कंसल्टेंसी एंड आउटरीच इनिशिएटिव ने चेन्नई वेलाचेरी के वेस्टिन होटल के सहयोग से गुरु नानक परिसर के चारों ओर 215 गुलमोहर के पेड़ लगाकर लोगों को पर्यावरण का संदेश देते हुए सभी को नसीहत दी कि अगर आज हम सभी पृथ्वी को नहीं बचाएं तो आने वाले समय में हमारा जीवन भी संकटों के घिरा होगा। पर्यावरण संरक्षण के प्रति हम सभी की नैतिक जिम्मेदारियां है जिसके लिए हम सभी हो पहल करते हुए आगे आना होगा।

## उस क्षेत्र को नाम दिया गुलमोहर एवेन्यू

गुरु नानक कॉलेज (स्वायत्तशासी) के महासचिव मंजीत सिंह नैय्यर ने बताया कि गुलमोहर सिर्फ पेड़ ही नहीं बल्कि उसके अपने औषधीय महत्व भी है, गुलमोहर में जीवाणुरोधी, एंटिफंगल, विरोधी भड़काऊ, मलेरिया-रोधी, रोगाणुरोधी, एंटीऑक्सिडेंट, कार्डियो-प्रोटेक्टिव, गैस्ट्रो-प्रोटेक्टिव और घाव भरने की गतिविधि जैसे विविध औषधीय गुण होते हैं, पत्तियों में एंटी-डायबिटिक गुण होते हैं, इसके मेथनॉल एक्सट्रैक्ट के इस्तेमाल से ब्लड ग्लूकोज लेवल काफी कम हो जाता है। पत्तियों में महत्वपूर्ण एंटी-डायरियल गुण होते हैं। इसलिए परिसर में जिन स्थानों पर इन्हें लगाया गया है, उस पूरे स्थान को 'गुलमोहर एवेन्यू' कहा जाएगा। बताया कि गर्मियों के दौरान यह विशेष पेड़ लाल रंग में खूबसूरती से खिलता है जो ताजा उज्ज्वल विचारों को दशार्ता है जिसे छात्रों को तैयार करना सीखना चाहिए। इसके अलावा, पेड़ के आधार पर मजबूत जड़ प्रणाली गुरु नानक कॉलेज की मजबूत मूल्यों को दशार्ती है।

## पर्यावरण को बचाने को हर दिन मनाएं पृथ्वी दिवस

वेस्टिन होटल के महाप्रबंधक लक्ष्मणन रामनाथन ने कहा कि जैसे हम अपने आने वाली पीढ़ी के लिए आर्थिक रुप को पूरी तरह से मजबूत करते हैं वैसे ही हमें आने वाली पीढ़ी को इस पृथ्वी पर हरियाली देकर जाना होगा, इसके लिए जरुरी है कि हम हर दिन पृथ्वी दिवस मनाएं, आज ग्रह को बचाने की आवश्यकता है ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित रह सके और उसी सुंदर ग्रह का आनंद ले सके।

## पृथ्वी के मालिक नहीं, ट्रस्टी बनें

गुरु नानक कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. एम.जी रघुनाथन ने कहा कि इस पृथ्वी दिवस पर हर जीएनसी के सदस्य और हर व्यक्ति को हमेशा धरती माता से प्यार करने और उसकी रक्षा करने का प्रण करना चाहिए, हमें यह समझना चाहिए कि हम पृथ्वी के मालिक नहीं हैं, बल्कि ट्रस्टी हैं। गुरु नानक सेंटर फॉर कंसल्टेंसी एंड आउटरीच इनिशिएटिव और आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. स्वाति पालीवाल ने बताया कि इस वर्ष पृथ्वी दिवस का विषय 'ग्रह में निवेश' है और यह 215 पौधे लगाने का अभियान ग्रीन कैंपस और हैप्पी पृथ्वी बनाने में हमारी पहल है, जो स्थिरता लक्ष्य को प्राप्त करने में एक कदम है। इसके साथ ही गुरु नानक महाविद्यालय के पर्यावरण संघ के प्रमुख और प्लांट बायो एंड बायोटेक्नोलॉजी के विभाग अध्यक्ष डॉ. एम. गोपी ने हमें गुलमोहर के पौधों का उपयोग करने के वैज्ञानिक कारण बताए। उन्होंने बताया कि गुलमोहर की जड़ें नाइट्रोजन फिक्सिंग बैक्टीरिया को बढ़ावा देती हैं जो पेड़ के रित विकास और आसान रखरखाव में मदद करती हैं और यह मिट्टी को उपजाऊ भी बनाती है। वेस्टिन होटल, वेलाचेरी के कर्मचारी एवं जी एन सी पर्यावरण संघ के छात्रों ने भी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया।

# भारतीय संस्कारों पर आधारित है जी-20 का उद्देश्य: प्रो. निर्मला एस. मौर्या





**संबोधन**

**वसुधैव कुटुबंकम पर आयोजित संगोष्ठी में किया जागरूक**

**नागरी नाटक मंडली में किया गया आयोजन**

**वाराणसी।** अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद, नागरी नाटक मंडली और काशी वाराणसी विरासत फाउण्डेशन की ओर से शनिवार को सायंकाल कबीरचौरा स्थित नागरी नाटक मंडली में जी-20 के महत्व को लेकर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में जी-20 के महत्व के बारे में लोगों को बताया गया। इसके साथ ही लोगों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने की पुरजोर अपील की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्वांचव विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्या ने विश्वविद्यालय में जी-20 के तहत कराये गये कार्यक्रमों व कार्यों के बारे में जानकारी दी। साथ ही सभी को पर्यावरण, जल संचयन तथा नारी सशक्तिकरण के लिए जागरूक रहने को कहा। कहा कि जी-20 के अस्तित्व से हजारों साल पहले वसुधैव कुटुंबकम भारत का आदर्श रहा है।

आज भारत को इस अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के अध्यक्ष के रूप में जो सम्मान मिला है वह एक अवसर होने के साथ भारत व भारतीयता को वैविक मान्यता है। आज भारतीय संस्कृति विश्व के लिए अनुकरणीय बन गई है।

कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद दिल्ली के प्रतिनिधि गोपाल अरोड़ा ने जी- 20 के उद्भव, विकास और भारत के वर्तमान अमृतकाल में उसके महत्व की चर्चा की। दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा के पूर्व कुलपति प्रो. राममोहन पाठक ने कहा कि जी-20 1999 में बना। जबकि अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद इस क्षेत्र में 1968 से काम कर रही है। संचालक डा. अजीत सैगल ने कहा कि भारत ने विकास के जो मानदंड स्थापित किये है वे विकसित देशों के लिए भी मानक बन गये हैं। शरद कुमार त्रिपाठी एडवोकेट ने सभी विद्वतजनों को काशी विरासत फाउण्डेशन के साहित्य महोत्सव का प्रतीक चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर डा. संजय मेहता, संजीवश्रीवास्तव, चन्द्रशेखर कपूर, संजीव अग्रवाल, देवाशीष डे, आशीष बसाक, बी गाभावाल समेत काफी लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन जयश्रीकृष्णा फाउण्डेशन, सीनियर सीटीजन ट्रस्ट आफ इंडिया, शिल्पायन काशी, वाराणसी विरासत फाउण्डेशन, रोटरी क्लब, नागरी नाटक मंडली ट्रस्ट की तरफ से आयोजित किया गया था।

# दुश्वारियां झेलकर डॉ. सोमा घोष ने बनाया अपना मुकाम





**खास मुलाकात**

**कभी नौकरी के लिए इंटरव्यू देने गई थीं सोमा घोष**

**डा. राजेश्वर आचार्य ने उन्हें नौकरी के लिए कर दिया था मना**

**इसके बाद संगीत को स्वतंत्र कैरियर बनाने की राह पर चल पड़ी**

**राधेश्याम कमल**

**वाराणसी।** पद्मश्री डा. सोमा घोष बनारस में जन्मी व पली बढ़ी लेकिन अब वह मुबंई में रह रही है। एक जमाने में महान फिल्मकार नवेन्दु घोष की डा. सोमा घोष पुत्रवधू हैं। पिता मनमोहन चक्रवर्ती स्वतंत्रता सेनानी और मां अर्चना चक्रवर्ती गायिका रही। डा. सोमा घोष अपनी संगीत प्रतिमा का श्रेय मां को देती हैं। उनके व्यक्तित्व पर संगीत की कोमलता के साथ ही पिता की संघर्षशीलता की भी पूरी छाप दिखती है। पद्मश्री डा. सोमा घोष इन दिनों प्रसिद्ध ठुमरी गायिका स्व. बागेश्वरी देवी की स्मृति में बनारस में आयोजित स्व. बागेश्वरी देवी स्मृति ठुमरी महोत्सव के सिलसिले में आयी हुई हैं। भारतरत्न शहनाई के जादूगर उस्ताद स्व. बिस्मिल्लाह खान की दत्तक पुत्री डा. सोमा घोष से मुलाकात हुई। इस दौरान उनसे बातचीत की गई। कहा कि मैं बनारस को हमेशा जीते हुए अपने भीतर महसूस करती हूं।

बनारस शिव की नगरी है। यह अपने मूल प्रकृति में बिलकुल वैसे ही है जैसा शिव हैं। मुझे लगता है कि मैं खुद भी वैसी हूं। सोमा घोष को न जाने कितने पुरस्कारों से नवाजा गया। उन्हें पद्मश्री के अलावा नारी शक्ति अवार्ड, गंधर्व कोकिला समेत कई पुरस्कार मिले।

वे बताती हैं कि संगीत की दुनिया में उन्होंने जो भी मुकाम हासिल किया उसकी प्रेरणा उन्हें डा. राजेश्वर आचार्य से मिली। कहा कि आचार्यजी ने अगर मुझे नौकरी करने से मना न किया होता तो आज वह यह मुकाम हासिल न कर सकी होती। कहा कि मैं उन दिनों बनारस में थी। संगीत के ही सिलसिले में एक नौकरी के लिए इंटरव्यू देने गोरखपुर गई थीं। बोर्ड में डा. राजेश्वर आचार्य भी थे। सवाल जवाब में मेरी रचनात्मक प्रकृति जानने के बाद उन्होंने कहा कि तुम नौकरी के लिए नहीं बनी हो। हर कलाकार का एक चरम होता है और तुममें एक अलग ही प्रतिभा है। बेहतर होगा कि तुम संगीत में अपनी अलग जगह बनाओ। इसके बाद हमने तमाम मुश्किलों के बावजूद नौकरी के बारे में कभी सोचा भी नहीं और संगीत को स्वतंत्र कैरियर बनाने की राह पर चल पड़ी।





## पं. नारायण चक्रवर्ती और बागेश्वरी देवी से ली शिक्षा

वे बताती है कि संगीत की शिक्षा तो हमने अपनी मां के अलावा सेनिया घराने के पं. नारायण चक्रवर्ती व बनारस घराने की महान ठुमरी गायिका श्रीमती बागेश्वरी देवी से ली। इनके अलावा हमने ग्वालियर घराने के डा. चितरंजन जोतिषी से भी गायकी की बारीकियों को सीखा। वे बताती है कि ठुमरी की शिक्षा हमने बागेश्वरी देवी से ली है। जबकि अपनी मां से ख्याल गायकी सीखी।



## उस्ताद बिस्मिल्लाह खान का स्नेह 2001 में मिला

वे बताती हैं कि शहनाई के जादूगर भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान जिन्हें वह बाबा कह कर पुकारती थी। उनका स्नेह बनारस में ही एक समारोह में प्रस्तुति के दौरान मिला। 2001 में एक समारोह में उन्होंने मेरा गायन सुना और काफी प्रभावित हुए। कहा कि तुम मेरे साथ जुगलबंदी करोगी। मुझे बतौर बेटी अपनाने के पहले उन्होंने अपने परिवार को बताया और सभी की अनुमति ली। इसके बाद इसकी घोषणा की।

## मुंबई में 2002 में बाबा संग जुगलबंदी में नौशाद भी रहे

वे बताती है कि वर्ष 2002 में उस्ताद बिस्मिल्लाह खान के साथ मुंबई में जुगलबंदी हुई। हमें याद है कि उस समय महानायक अमिताभ बच्चन व जया बच्चन भी टिकट लेकर समारोह में आये थे। प्रख्यात संगीतकार नौशाद जी पहली पंक्ति में श्रोताओं में थे। बाद में उन्होंने ग्रीन रूम में कहा कि ख्याल गायकी को तो तुमने बिलकुल नई दिशा दी है। ठुमरी, होरी जैसी विधाओं को तो तुम नई पीढ़ी के लिए लोकप्रिय बना रही हो।

## दरबारी महफिल का भी किया प्रयोग

वे बताती हैं दरबारी महफिल में प्रयोग कम, परम्परा का पुनर्जीवन ज्यादा है। दरबारी महफिलें पहले से होती रही है। गौहर जान के समय में इसमें शास्त्रीय परम्परा का भरपूर ख्याल रखा जाता था। हमने उसे आज भी समय के अनुरूप पुनर्जीवन देने का प्रयास किया। आज शास्त्रीय संगीत की परम्परा का लोप होता जा रहा है के सवाल पर कहा कि यह कहना सही नहीं होगा। क्योंकि नई पीढ़ी के गायक अपने ढंग से जो नये नये प्रयोग कर रहे हैं उसमें बहुत कुछ शास्त्रीय परम्परा से भी लिया जा रहा है। आज जो फास्ट म्यूजिक है उसमें धूम धड़ाका तो खूब है लेकिन कहीं कोई रिलैक्स नहीं है। अगर आप रस में गायेंगे तो अच्छा लगेगा।

# क्लाउड स्टोरेज की कमी का शिकार हो सकता है विश्व ?

## क्लाउड सर्विस का सालाना बाजार है पांच सौ अरब डालर



जो फिल्में, फोटो या वीडियो आप कंप्यूटर पर देखते हैं वो सभी डेटा सेंटर के सर्वरों पर स्टोर की जाती हैं। इन डेटा सर्वरों और सेंटरों को क्लाउड स्टोरेज कहा जाता है। यहां स्टोर किया गया डेटा इंटरनेट के रास्ते आपके मोबाइल फोन या कंप्यूटर तक पहुंचता है। ऐसे ही आपका डेटा भी इन क्लाउड स्टोरेज में रखा जाता है और जब आप चाहें उसे आपको उपलब्ध कराया जाता है। आम लोग हों या बड़ी कंपनियां और संस्थाएं, अपना डेटा इन क्लाउड स्टोरेज पर स्टोर करती हैं। कंपनियों का आधे से ज्यादा डेटा इन क्लाउड सर्वरों पर स्टोर होता है और अब कंपनियों की इन पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। जब मोबाइल स्टोरेज में मेमरी स्पेस भर जाती है तो आप इसे क्लाउड में एक शुल्क दे कर स्टोर कर सकते हैं और जब चाहें उसे इंटरनेट के जरिये इस्तेमाल कर सकते हैं।

लेकिन 25 जनवरी को माइक्रोसॉफ़्ट कंपनी की कई क्लाउड सेवाएं दुनिया भर में नब्बे मिनट तक के लिए ठप हो गई थीं। इससे दुनिया भर की कंपनियों, संस्थाओं और इसके ग्राहकों में अफरातफरी फैल गई। बाद में पता चला कि यह एक क्लाउड डेटा सर्वर में आई खराबी की वजह से हुआ था। मगर कई लोग यह भी सोचने लगे कि क्या जिस तरह से हमारे कंप्यूटरों में मेमरी स्पेस भर जाता है, तो क्या उसी तरह क्लाउड स्टोरेज पर भी स्टोरेज की किल्लत हो सकती है?

इस बारे में टेक्नोलॉजी की जानकार शावनिंग कहती हैं, जब मैं अपने मोबाइल फोन या टैबलेट पर, पिक्चर पर क्लिक कर के वो फोटो देखती हूं, जो मेरे फोन में सेव है तब मुझे पता भी नहीं होता कि वो दरअसल किसी दूरदराज के क्लाउड से इंटरनेट के जरिये मेरे फोन पर पहुंच रही है।

1980 के दशक में जब हम कंप्यूटर इस्तेमाल करते थे तो हम अपने डेटा को फ़्लॉपी डिस्क और दूसरे स्टोरेज उपकरणों पर सेव करते थे और बाद में अपने कंप्यूटर पर ही स्टोर करने लगे थे। लेकिन 1990 के दशक में इंटरनेट आने के बाद टेक्नोलॉजी और विकसित हुई और लोगों ने अपना डेटा अपने कंप्यूटर के बजाय दूसरी बाहरी जगहों पर स्टोर करना शुरू कर दिया। ओला शावनिंग कहती हैं कि इंटरनेट की वजह से हम अपने टेबल पर रखे कंप्यूटर को अन्य जगहों पर मौजूद डेटा सेंटरों से जोड़ने में समर्थ हो गए थे और वास्तव में यही क्लाउड है जो एक तरह से इंटरनेट की ही सुविधा है जिसके जरिए कई उपकरणों के बीच डेटा का आदान-प्रदान संभव हो गया है।

## आपका इंटरनेट कोई कैसे बंद कर सकता है?

साल 2021 के आखिरी महीनों में अमेजॉन वेब सर्विस कई बार कुछ समय के लिए ठप होती रही। दिसंबर को वर्जीनिया में एक सॉफ्टवेयर में समस्या की वजह से अमेजॉन की वेब सर्विस ठप हो गई थी। रिपोर्टों के अनुसार कई जगहों पर अमेजॉन की डिलीवरी सर्विस ही ठप नहीं हुई बल्कि डिज्नी एंटरटेनमेंट और नेटफि्लक्स जैसी कई वेबसाइट भी ठप हो गई थीं। तब अमेजॉन ने कहा था कि वो अपने डेटा सेंटरों में सैकड़ों अरब डॉलर का निवेश करेगी। दूसरा सवाल यह है कि जहां डेटा एक जगह से दूसरी जगह भेजा जाता है तो इस दौरान वो किन देशों से गुजरता है? क्या वो इस दौरान गलत लोगों के हाथ लग सकता है?

## क्लाउड स्टोरेज की शुरुआत कैसे हुई?

शावनिंग कहती हैं, इन कंपनियों ने सोचा क्यों न इस अतिरिक्त स्टोरज को दूसरी कंपनियों को बेचा या किराये पर दे दिया जाए। इन कंपनियों ने अपने डेटा स्टोरेज को जब बेचना या किराए पर देना शुरू किया तो वहीं से क्लाउड स्टोरेज की शुरुआत हुई। ये कंपनिया क्लाउड स्टोरेज प्रोवाइडर या हाइपर स्केलर कहलाती हैं। ये कंपनियां दुनिया भर में विशाल डेटा सेंटर बना कर अपने डेटा स्पेस दूसरी कंपनियों, संस्थाओं और आम लोगों को भी किराये पर देती हैं। पहली बड़ी हाइपर स्केलर कंपनी थी अमेजॉन, जिसने 2006 में अमेजॉन वेब सर्विसेज शुरू की. जल्द ही कई दूसरी टेक कंपनियों ने भी अपनी क्लाउड सर्विस बना ली। अब क्लाउड सर्विस का बाजार सालाना 500 अरब डॉलर का है। अनुमान है कि आने वाले दस सालों में यह आठ गुना बढ़ जाएगा। शावनिंग कहती हैं कि पहले नहीं पता होता कि आने वाले समय में हमें कितने कंप्यूटिंग पॉवर या डेटा स्टोरेज की जरूरत होगी। मैं चाहती हूं कि इस क्षमता को कम समय में जरूरत के हिसाब से बढ़ा सकूं। अगर मुझे अपने घर या दफ़्तर में इस क्षमता को बढ़ाना पड़ जाए तो उसके लिए शक्तिशाली कंप्यूटर उपकरण खरीदने पड़ेंगे, सॉफ्टवेयर और स्टोरेज उपकरण खरीद कर लगाने होंगे जिसमें समय लगेगा। लेकिन अगर मैं हाइपर स्केलर या क्लाउड का इस्तेमाल करती हूं तो मुझे भारी निवेश करने की जरूरत नहीं है। साथ ही मैं उतने ही स्पेस और कंप्यूटिंग पावर के लिए पैसे खर्च करूंगी जितने की मुझे जरूरत है। यह किफायती और लचीला तरीका है। माइक्रोसॉफ़्ट, गूगल और अमेजॉन यह तीन प्रमुख क्लाउड कंप्यूटिंग और स्टोरेज कंपनियां हैं और दुनिया भर की कुल क्लाउड आय का 75 प्रतिशत हिस्सा इनकी जेब में जाता है मगर इनमें अमेजॉन सबसे बड़ी है क्योंकि क्लाउड मार्केट का एक तिहाई हिस्सा अकेले उसके पास है। अगर आप को याद हो, तो अमेजॉन ने 1995 में इंटरनेट के जरिए किताबें बेचने से शुरुआत की लेकिन बाद में उसका विस्तार हुआ और अमेजॉन ने कई तरह के उत्पाद बेचना शुरू कर दिया। इस काम के लिए उसने बड़े डेटा सेंटर बनाए और बाद में इन डेटा सेंटरों के अतिरिक्त स्पेस दूसरी कंपनियों को बेचना या किराए पर देना शुरू कर दिया। ये आम जानकारी है कि जैसे-जैसे अमेजॉन बड़ी होने लगी उसने उपभोक्ता सामग्री के साथ साथ कंप्यूटिंग और क्लाउड स्टोरेज, दूसरी कंपनियों को बेचना शुरू कर दिया। उसकी सफलता को देख कर दूसरी कंपनियां भी उसका अनुसरण करना चाहती थीं और अमेजॉन ने उन्हें इस पैमाने पर कंप्यूटिंग और डेटा स्टोरेज देना शुरू किया कि वह अमेजॉन का एक प्रमुख कारोबार बनता चला गया।

सिलिकॉन वैली की दूसरी कंपनियां जैसे कि गूगल भी पीछे नहीं रही। गूगल हमेशा से ही क्लाउड सर्विस मार्केट में अच्छी पकड़ रखती थी। उसी तरह माइक्रोसॉफ़्ट भी ईमेल और दूसरी ऑनलाइन सेवाएं दे रही थी तो कई कंपनियों ने स्वाभाविक तौर पर क्लाउड स्टोरेज और कंप्यूटिंग के लिए माइक्रोसॉफ़्ट का रुख किया। टेक्नोलॉजी और दूरसंचार क्षेत्र के ढांचों में व्यापक स्तर पर विकास हुआ है जिसकी वजह से क्लाउड कंप्यूटिंग और स्टोरेज में भी तेजी आई है। जिन देशों ने दूरसंचार टेक्नोलॉजी और शिक्षा के क्षेत्र को विकसित किया है या जहां इस पर काम करने वाले प्रशिक्षित लोग बड़ी संख्या में हैं वहां विकास पर इससे निश्चित तौर पर फर्क पड़ा है। टेक्नोलॉजी में जो सरकारें अधिक निवेश करेंगी और उसका इस्तेमाल करेंगी, वहां का समाज भी इसमें अधिक प्रशिक्षित बनेगा।

लेकिन एक सवाल बेहद महत्वपूर्ण है जो डेटा ये कंपनियां क्लाउड पर स्टोर करती हैं क्या वो हमेशा आसानी से उपलब्ध रहेगा? क्या वो हमेशा सुरक्षित रहेगा? क्लाउड डेटा स्टोरेज के साथ डेटा की सुरक्षा के खतरों को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। दुनिया भर में डेटा सेंटर बने हुए हैं जो उस क्षेत्र के डेटा प्राइवेसी कानूनों का पालन भी करते हैं, लेकिन किसी एक क्षेत्र के लोगों का डेटा किसी दूसरे क्षेत्र की कंपनियों या लोगों के हाथ लगने का खतरा रहता है। इसका दुरुपयोग हो सकता है।